3 राजधानी
गोट पॉक्स टीके खरीदेगी सरकार

6 अभिमत
आपदा काल में सुरक्षा व्यवस्था

9 राष्ट्रीय
आग लगने से चार मजदूरों की मौत

10 विदेश
पूर्वी यूक्रेनी शहरों में रातभर हुए हमले



RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 10 अंक 302
नई दिल्ली, सोमवार, 12 सितंबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com





श्रीलंका ने पाकिस्तान को हराकर एशिया कप जीता

स्पोर्ट्स-12

# विपक्ष में दरार, अपनी राह चले केसीआर

● नीतीश के तीसरे मोर्चे का प्रस्ताव खारिज करने के बाद तेलंगाना के मुख्यमंत्री ने किया राष्ट्रीय दल बनाने का ऐलान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/हैदराबाद



हैदराबाद में जनता दल (एस) प्रमुख एचडी कुमारस्वामी के साथ के. चंद्रशेखर राव

**आगामी** लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जानता पार्टी के खिलाफ विपक्षी दीवार वजूद लेने से पहले ही दरकने लगी है। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने रविवार को स्पष्ट कह दिया कि वह जल्द ही राष्ट्रीय दल की घोषणा करेंगे। इससे पहले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उनके तीसरा मोर्चा बनाने के प्रस्ताव को सिरे से खारिज कर दिया था। इस अलग-अलग सुर से सभी विपक्षी दलों को एक छतरी के नीचे लाने के प्रयास को तगड़ा झटका लगा है।

राव कुछ ही दिन पहले दिल्ली आकर अरविंद केजरीवाल और अखिलेश से मिले और फिर पटना में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात की। इसके बाद विपक्षी दलों को एकजुट करने की गरज से बड़ी तैयारी के साथ नीतीश ने दिल्ली का दौरा किया और यहां कांग्रेस नेता राहुल गांधी समेत कई अन्य नेताओं से चर्चा की। हालांकि ये सारी कवायद बेकार होती दिख रही है। रविवार को के चंद्रशेखर राव के कार्यालय से आधिकारिक विज्ञप्ति जारी कर कहा गया है कि तेलंगाना आंदोलन की शुरुआत से पहले की तरह विभिन्न क्षेत्रों के बुद्धिजीवियों, अर्थशास्त्रियों और विशेषज्ञों के साथ लंबी चर्चा के बाद वैकल्पिक राष्ट्रीय एजेंडे पर आम सहमति बनी है। बहुत जल्दी राष्ट्रीय स्तर पर एक राजनीतिक दल का गठन और उसकी नीतियों का ऐलान किया जाएगा। विशेष बात यह है कि रविवार को जनता दल (एस) के प्रमुख एचडी कुमारस्वामी केसीआर से मिले थे। टीआरएस सुप्रीमो के निमंत्रण पर हैदराबाद पहुंचे कुमारस्वामी ने यहां प्रगति भवन में उनसे लंबी चर्चा की। इस मुलाकात के बाद ही केसीआर ने नया दल बनाने का ऐलान किया। केसीआर लंबे समय से राष्ट्रीय राजनीति में अपने लिए जगह बनाने की कोशिशों में जुटे हैं। वह वर्ष 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा से मुकाबला करने के लिए गैर-कांग्रेसी मोर्चा बनाने की वकालत करते रहे हैं, लेकिन उनके इस कदम को विपक्षी खेमे में कुछ ही लोगों से समर्थन मिल रहा है।

नीतीश कुमार ने उनकी इस कवायद को सार्वजनिक रूप से खारिज कर दिया है। रविवार को कुमारस्वामी के साथ अपनी बैठक के दौरान केसीआर ने एक बार फिर कांग्रेस को राष्ट्रीय राजनीति में अप्रासंगिक बताते हुए कहा कि लोगों की राय है कि कांग्रेस अब भाजपा का मजबूत विकल्प नहीं है। जनता को अब कांग्रेस नेतृत्व पर भरोसा नहीं रहा। उन्होंने क्षेत्रीय दलों की एकता पर बल दिया ताकि लोकतांत्रिक संघ की भावना पनपे। चूंकि केसीआर के पास तेलंगाना के बाहर कोई महत्वपूर्ण समर्थन आधार नहीं है, इसलिए उनकी राष्ट्रीय पार्टी के गठन से भाजपा या विपक्ष की संभावनाओं पर ज्यादा फर्क नहीं पड़ने वाला। फिर भी, उनके कदम से सभी भाजपा विरोधी दलों को एक छतरी के नीचे लाने के प्रयासों को झटके के रूप में तो देखा ही जाएगा। टीआरएस ने 2019 के लोकसभा चुनाव में तेलंगाना की 17 में से नौ सीटों पर 42 फीसदी वोट हासिल किए थे, जबकि भाजपा को 20 फीसदी वोटों के साथ ( शेष पेज 8 )

## शरद पवार प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार नहीं होंगे: राकांपा



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राकांपा** अध्यक्ष शरद पवार आगामी लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री पद के दावेदार नहीं होंगे। यह घोषण रविवार को उनकी पार्टी ने खुद कही। हालांकि राकांपा ने भाजपा से मुकाबले के लिए विपक्षी एकता को बहुत जरूरी बताया। दिल्ली में पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के बाद राकांपा के वरिष्ठ नेता प्रफुल्ल पटेल ने कहा कि पवार कई ताकतों को एक साथ लाने में अहम भूमिका निभाएंगे। पटेल ने कहा कि शरद पवार कभी पीएम चेहरा नहीं थे और न ही कभी होंगे। वह केवल इस देश के वास्तविक मुद्दों के बारे में बोलते ( शेष पेज 8 )

# एलजी ने शिकायत सीबीआई को भेजी

## दिल्ली में लो फ्लोर बस खरीद मामला

● आप ने किया पलटवार, कहा- इस मामले में न तो एक भी बस खरीदी गई न किसी को एक रुपया दिया गया फिर भ्रष्टाचार कहां से हुआ

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना

**उपराज्यपाल** विनय कुमार सक्सेना ने दिल्ली परिवहन निगम द्वारा एक हजार लो फ्लोर बसों की खरीद मामले में कथित अनियमितता की जांच सीबीआई से कराने की सिफारिश की है। नई आबकारी नीति, स्कूलों में नए कमरे निर्माण में भ्रष्टाचार की पहले से जारी सीबीआई जांच के बाद डीटीसी बसों से संबंधित कथित घोटाले में केजरीवाल सरकार चौतरफा घिरती जा रही है। भाजपा विधायकों की शिकायत पर विभागीय स्तर पर जांच को सही पाते हुए राज्य सरकार के मुख्य सचिव नरेश कुमार ने इस मामले को सीबीआई जांच कराने का प्रस्ताव उपराज्यपाल सचिवालय को भेजा था, जिसे एलजी ने मंजूरी दे दी है।

इस बीच बसों की खरीद में सीबीआई जांच की सिफारिश करने पर आम आदमी पार्टी एलजी पर भड़क गई। रविवार को आप नेताओं ने उपराज्यपाल पर निशाना साधा और भाजपा को आड़े हाथों लिया। डीटीसी बस खरीद मामले में घोटाले की जांच सीबीआई से कराने की शिकायत गत वर्ष प्रदेश भाजपा के नेताओं ने उपराज्याल से की थी। जिसे अब मंजूर कर लिया गया है। इस संबंध में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता, नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी और विजेंद्र गुप्ता उपराज्यपाल से लगातार उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग कर रहे थे। जिसके बाद उपराज्यपाल ने पहले शिकायत की जांच मुख्य सचिव को करने और रिपोर्ट सौंपने को कहा था। इस साल जून में उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को भाजपा विधायकों से मिली शिकायत में दावा किया गया था कि दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) ने पूर्व नियोजित तरीके से परिवहन मंत्री को बसों की निविदा व खरीद के लिए गठित समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया गया था कि इस निविदा के लिए बोली प्रबंधन सलाहकार के रूप में डीआईएमटीएस की नियुक्ति गलत कामों को सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से की गई थी। सूत्रों ने बताया कि शिकायत में कहा गया कि 1,000 लो फ्लोर बीएस-4 और बीएस-6 बसों के लिए जुलाई 2019 की खरीद बोली और मार्च 2020 में लो फ्लोर बीएस-6 बसों की खरीद व वार्षिक रखरखाव के अनुबंध के लिए लगाई गई दूसरी बोली में कथित अनियमितताएं हुईं। गत 22 जुलाई को शिकायत पर दिल्ली सरकार के विभागों की प्रतिक्रिया लेने के लिए मुख्य सचिव के पास भेजा गया। उन्होंने कहा कि मुख्य सचिव ने 19 अगस्त को रिपोर्ट सौंपी, जिसमें कुछ अनियमितताओं की ओर इशारा किया गया था। इसके बाद सक्सेना ने शिकायत सीबीआई को भेज दी है।

इस बीच, आम आदमी पार्टी के मुख्य प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, इस मामले में न तो एक बस खरीदी गई और न ही किसी को एक रुपये भी दिया गया। फिर भ्रष्टाचार कहां हुआ। वह इस मामले में सीबीआई या किसी अन्य एजेंसी द्वारा किसी भी जांच के खिलाफ नहीं है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे सक्सेना ने दिल्ली सरकार द्वारा बसों की खरीद और रखरखाव के लिए निविदा प्रक्रिया की एक महीने में दूसरी बार जांच की मंजूरी दी है, जबकि सीबीआई पहले ही मामले में प्रारंभिक जांच कर रही है और उसने अभी तक किसी सफलता का दावा नहीं किया है।

# शेर और बाघ के शावकों का केंद्रीय मंत्री ने किया नामकरण



**अजीत तिवारी/पीएनएस।** नई दिल्ली/भुवनेश्वर

● अश्विनी चौबे ने किया भुवनेश्वर के नंदन कानन पार्क स्थित जूलॉजिकल पार्क का निरीक्षण

**भुवनेश्वर** के नंदन कानन पार्क के शेर और बाघ के दो शावकों को अब कामिनी और हिमांशी के नाम से जाना जाएगा। इन दोनों शावकों का नामकरण केंद्रीय पर्यावरण, वन व जलवायु परिवर्तन तथा उपभोक्ता मामले, खाद्य व सार्वजनिक वितरण राज्यमंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने रविवार को किया। केंद्रीय मंत्री ने शावकों का नामकरण नंदन कानन जूलॉजिकल पार्क भुनेश्वर का निरीक्षण के दौरान किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पशुओं के जीवन निकट से देखने का अलग रोमांच होता है। उन्होंने ( शेष पेज 8 )

# वर्ल्ड डेयरी समिट आज से, मोदी करेंगे उद्घाटन

● कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करने नोएडा पहुंचे सीएम योगी, जेवर एयरपोर्ट का भी किया मुआयना, जल्द रनवे शुरू करने के दिए निर्देश

**रिंकू यादव।** नोएडा



मुख्यमंत्री योगी जेवर एयरपोर्ट पर कार्य की प्रगति देखने पहुंचे। इसके बाद उन्होंने वर्ल्ड डेयरी समिट के आयोजन स्थल का भी निरीक्षण किया।

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ वर्ल्ड डेयरी समिट के अंतरराष्ट्रीय आयोजन व कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन की तैयारियों को परखने के लिए रविवार को ग्रेटर नोएडा पहुंचे। पीएम मोदी सोमवार को एक्सपो मार्ट में इसका उद्घाटन करेंगे। इसके साथ ही उन्होने जेवर एयरपोर्ट का भी दौरा किया, जहां उन्होंने अधिकारियों को जल्द रनवे तैयार करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक्स्पो मार्ट ग्रेटर नोएडा पहुंचे जहां पर वर्ल्ड डेयरी समिट 2022 का उद्घाटन 12 सितम्बर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया जाना है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने हैलीपेड, प्रदर्शनी हाल एवं मुख्य कार्यक्रम स्थल सभागार का निरीक्षण किया। उसके बाद मुख्यमंत्री ने एक्स्पो मार्ट की सभागार में पुलिस प्रशासन, इण्डियन डेयरी फेडरेशन एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक करते हुये समस्त अधिकारियों को स्पष्ट किया कि यह उत्तर प्रदेश का सौभाग्य है कि 1974 के उपरांत वर्ल्ड डेयरी समिट 2022 गौतमबुद्धनगर जनपद के एक्स्पो मार्ट में सम्पन्न होने जा रहा है। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रधानमंत्री द्वारा किया जाएगा। इसमें लगभग 46 देश प्रतिभाग कर रहे है और बड़ी संख्या में विदेशी महमान इस कार्यक्रम में भाग लेंगे। मुख्यमंत्री ने प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देश देते हुये कहा कि आने ( शेष पेज 8 )

# कोविड से अब भी हर 44 सेकेंड में हो रही एक मौत: डब्ल्यूएचओ

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**विश्व** स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने चेतावनी दी है कि अभी भी वैश्विक स्तर पर कोविड से हर 44 सेकेंड एक व्यक्ति की मौत हो रही है। यह स्थिति तब है जब विश्व स्तर पर और भारत में भी रोजाना कोविड मामलों में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक टेड्रोस एडनॉम घेब्रियेसस ने कहा कि दैनिक कोरोना मामलों और उससे होने वाली मौतों में वैश्विक गिरावट आ रही है।

यह बहुत उत्साहजनक स्थिति है, लेकिन इसकी कोई गारंटी नहीं है कि ये रुझान आगे भी बने रहेंगे। सबसे खतरनाक बात यह मान लेना है कि कोरोना अब लौट कर नहीं आएगा, जबकि ऐसा नहीं है। यह वायरस अभी खत्म नहीं होगा। घेब्रियेसस ने नियमित प्रेस ब्रीफिंग के दौरान कहा कि फरवरी के बाद से साप्ताहिक स्तर पर मौतों की संख्या में 80 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई है, लेकिन पिछले सप्ताह कोविड-19 से हर 44 सेकेंड में एक व्यक्ति की मृत्यु हुई है। विशेष बात यह कि ऐसी अधिकतर मौतों को टाला जा सकता है। उन्होंने कहा कि वह लगातार यह कह रहे हैं और भी मुझसे ऐसा सुनते हुए थक गए होंगे कि महामारी अभी खत्म नहीं हुई है।

मैं इसे तब तक कहता रहूंगा जब तक कि यह वायरस खत्म नहीं होगा। डब्ल्यूएचओ अगले सप्ताह कोविड से होने वाली मौतों को टालने के लिए छह संक्षिप्त नीतियां जारी करेगा और सरकारों से उन पर अमल को रेखांकित करेगा। इन नीतियों में कोविड रोकने के लिए परीक्षण, नैदानिक प्रबंधन, टीकाकरण, संक्रमण की रोकथाम और नियंत्रण, जोखिम संचार और सामुदायिक जुड़ाव और इन्फोडेमिक के प्रबंधन जैसे आवश्यक तत्व शामिल रहेंगे।

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 59,793 | |
| निफ्टी | 17,833 | |
| सोना | 51,131 | /10g |
| चांदी | 55,540 | /kg |

## क्विक न्यूज

### केंद्र ने एमसीडी में सीटों की संख्या 250 तय की

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने दिल्ली नगर निगम में सीटों की कुल संख्या 272 से घटाकर 250 निर्धारित कर दी है। दिल्ली गजट अधिसूचना में शनिवार को यह जानकारी सामने आई। अधिसूचना में कहा गया कि एमसीडी में अनुसूचित जाति के लोगों के लिए आरक्षित सीटों की संख्या 42 तय की गई है। दिल्ली में पहले के तीन नगर निगम में कुल 272 वार्ड थे। उत्तरी और दक्षिणी निगर निगम में 104-104 वार्ड थे और पूर्वी नगर निगम के अधिकार क्षेत्र में 64 वार्ड थे। संसद ने तीनों नगर निकायों के एकीकरण के लिए पांच अप्रैल को दिल्ली नगर निगम (संशोधन) विधेयक 2022 पारित किया था जिसके तहत वार्डों की कुल संख्या 250 निश्चित कर दी गई थी। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने दिल्ली के नगर निगम वार्डों के परिसीमन के लिए जुलाई में तीन सदस्यीय आयोग का गठन किया था।

## द्वारका पीठ के शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती का निधन

**पायनियर समाचार सेवा।** नरसिंहपुर

**क्रांतिकारी** साधु के रूप में मशहूर द्वारका पीठ के जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती का रविवार को मध्यप्रदेश के नरसिंहपुर जिले स्थित उनके आश्रम झोतेश्वर में हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया। वह 99 साल के थे। वह धार्मिक एवं राजनीतिक मुद्दों पर अमूमन बयान दिया करते थे और शिरडी के साई बाबा को भक्तों द्वारा भगवान कहे जाने पर सवाल उठाया करते थे। सूत्रों के अनुसार सोमवार अपराह्न करीब तीन से चार बजे उनके आश्रम परिसर में ही उन्हें भू समाधि दी जाएगी। आश्रम की विज्ञप्ति के अनुसार वह गुजरात स्थित द्वारका-शारदा पीठ एवं उत्तराखंड स्थित ज्योतिश पीठ के शंकराचार्य थे और पिछले एक साल से अधिक समय से बीमार चल रहे थे। इसमें कहा गया है, शंकराचार्य स्वामी ( शेष पेज 8 )

# पाकिस्तान में बाढ़ प्रभावितों के लिए हिंदू मंदिर ने खोले दरवाजे

**भाषा।** कराची

● बलूचिस्तान के छोटे से गांव में स्थित हिंदू मंदिर में 200-300 बाढ़ पीड़ितों को भोजन और आश्रय मुहैया कराया जा रहा है



पाकिस्तान के बाबा माधोदास मंदिर शरण लिए बाढ़ पीड़ित मुसलमान

**पाकिस्तान** में बाढ़ में फंसे और विस्थापित लाखों लोगों को मदद का बेसब्री से इंतजार है, ऐसे में बलूचिस्तान के एक छोटे से गांव में एक हिंदू मंदिर ने लगभग 200 से 300 बाढ़ पीड़ितों को भोजन और आश्रय प्रदान करके इंसानियत और नेकदिली का परिचय दिया है। कच्छी जिले के जलाल खान गांव में ऊंचाई पर स्थित होने के कारण बाबा माधोदास मंदिर बाढ़ के पानी से अपेक्षाकृत बचा हुआ है।

ऐसे में यह मुश्किल समय में बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए एक पनाहगाह बन गया है। नारी, बोलन, और लहरी नदियों में बाढ़ के कारण यह गांव प्रांत के बाकी हिस्से से कट गया है, जिसके कारण दूरदराज के इलाके के निवासी बाढ़ के बीच फंसे हुए हैं। डॉन अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक, स्थानीय हिंदू समुदाय ने बाढ़ प्रभावित लोगों और उनके मवेशियों के लिए बाबा माधोदास मंदिर के दरवाजे खोल दिए। स्थानीय लोगों के अनुसार बाबा माधोदास विभाजन से पहले के हिंदू संत थे, जिनका क्षेत्र के मुसलमानों और हिंदुओं के बीच काफी सम्मान था। भाग नारी तहसील से अकसर गांव में आने वाले अल्ताफ बुजदार कहते हैं, वह ऊंट पर यात्रा करते थे। बुजदार कहते हैं कि उनके माता-पिता द्वारा सुनाई गई कहानियों के अनुसार, लोग संत का अपनी धार्मिक सीमाओं से परे जाकर सम्मान करते थे। उन्होंने अपने माता-पिता की बात का हवाला देते हुए कहा, वह लोगों को उनकी जाति और पंथ के बजाय मानवता की नजर से देखते थे। भाग नारी तहसील के एक दुकानदार 55 वर्षीय रतन कुमार वर्तमान में मंदिर के प्रभारी हैं।

रिपोर्ट में उनके हवाले से कहा गया है, मंदिर में सौ से अधिक कमरे हैं क्योंकि हर साल बलूचिस्तान और सिंध से बड़ी संख्या में लोग तीर्थयात्रा के लिए यहां आते हैं। रतन के बेटे सावन कुमार ने कहा कि बाढ़ से कुछ कमरे क्षतिग्रस्त हो गए, लेकिन कुल मिलाकर ढांचा सुरक्षित रहा। रिपोर्ट में कहा गया है कि कम से कम 200-300 लोगों, ज्यादातर मुस्लिम और उनके पशुओं को परिसर में शरण दी गई और हिंदू परिवारों द्वारा उनकी देखभाल की गई। प्रारंभ में, क्षेत्र शेष जिले से पूरी तरह से कट गया था। विस्थापितों ने कहा कि उन्हें हेलीकॉप्टर से राशन उपलब्ध कराया गया था, लेकिन जब वे मंदिर के अंदर चले गए, तो उन्हें हिंदू समुदाय द्वारा भोजन खिलाया जा रहा है। जलाल खान के एक डॉक्टर इसरार मुघेरी जिन्होंने मंदिर के अंदर एक चिकित्सा शिविर स्थापित किया है, ने बताया, "स्थानीय लोगों के अलावा, हिंदुओं ने अन्य जानवरों के साथ-साथ बकरियों और भेड़ों को भी रखा है। वह बताते हैं, स्थानीय हिंदुओं द्वारा लाउडस्पीकर पर घोषणाएं की गईं, मुसलमानों को शरण लेने के लिए मंदिर में आने को कहा गया। वहां शरण लेने वालों का कहना है कि इस मुश्किल घड़ी में उनकी सहायता के लिए आने और उन्हें भोजन और आश्रय प्रदान करने के लिए वे स्थानीय समुदाय के ऋणी हैं। बाढ़ में लगभग 1,400 लोग मारे गए हैं जिसने देश का एक तिहाई हिस्सा जलमग्न कर दिया है, फसलें नष्ट हो गई हैं और तीन करोड़ तीस लाख से अधिक विस्थापित हो गए हैं। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंतोनियो गुतारेस ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय समुदाय से बाढ़ प्रभावित पाकिस्तान को बुनियादी ढांचे के पुनर्निर्माण में मदद करने के लिए प्रयास तेज करने का आह्वान किया।

## जेईई-एडवांस्ड के नतीजे घोषित, मुंबई जोन के आरके शिशिर शीर्ष स्थान पर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारतीय** प्रौद्योगिक संस्थान (आईआईटी) की प्रवेश परीक्षा जेईई-एडवांस्ड के नतीजे रविवार को घोषित कर दिए गए जिसमें बंबई जोन के आर. के. शिशिर ने प्रथम स्थान हासिल किया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। परीक्षा आयोजित कराने वाले आईआईटी मुंबई के अनुसार, शिशिर को 360 में से 314 अंक मिले हैं। महिलाओं में दिल्ली जोन की तनिष्का काबरा 277 अंकों के साथ शीर्ष स्थान पर रहीं। अखिल भारतीय स्तर पर उनकी 16वीं रैंक है। इस परीक्षा में 1.5 लाख से अधिक अभ्यर्थी बैठे थे और 40,000 से ज्यादा परीक्षार्थियों ने सफलता प्राप्त की है। आईआईटी मुंबई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, जेईई (एडवांस्ड) 2022 के पहले और दूसरे पेपर में।,55,538 अभ्यर्थी बैठे थे। कुल ( शेष पेज 8 )

# गेट देर से खोलने पर प्रोफेसर ने गार्ड को मारे थप्पड़

## घटना सीसीटीवी में कैद, पीड़ित की शिकायत पर महिला प्रोफेसर के खिलाफ पुलिस दर्ज किया केस

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा में एक बार फिर थप्पड़बाज महिला का वीडियो सामने आया है। उसने गार्ड को एक के बाद एक लगातार 3 थप्पड़ मारे। गार्ड की गलती सिर्फ इतनी थी कि गेट खोलने में उससे देरी हो गई थी। गुस्से में कार से उतरी महिला ने गार्ड को थप्पड़ मारने शुरू कर दिए।

सिर्फ यही नहीं, वह गार्ड को धमकाती भी नजर आ रही है। इस कारण वहां खड़े उसके साथी गार्ड बचाने की हिम्मत नहीं कर पाए। पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। इसमें नजर आ रहा है कि थप्पड़बाज महिला ने 42 सेकंड में 3 थप्पड़ मारे।

पूरी घटना शनिवार को नोएडा के फेस-3 में सेक्टर 121 की क्लियो काउंटी सोसाइटी की है। आरोपी महिला का नाम सुतापा दास है। बताया जा रहा है कि महिला दिल्ली यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर है। गेट खुलने में चंद मिनट की देरी पर महिला आग बबूला हो गई।

वह गार्ड के पास आई और बिना कुछ पूछे ही उसे मारना शुरू कर दिया। गेट खोलने में देरी होने पर महिला गुस्साई हुई कार से उतरती है। फोटो में देखा जा सकता है कि वह पहले गार्ड को धमकाती है। गेट खोलने में देरी होने पर महिला गुस्साई हुई कार से उतरती है। फोटो में देखा जा सकता है कि वह पहले गार्ड को धमकाती है। मामले में पीड़ित गार्ड सचिन ने थाने में शिकायत कराई। पुलिस ने शिकायत दर्ज की।

महिला को बुलाया। इसके बाद थाने से ही जमानत दे दी। फेस 3 थाना प्रभारी विजय कुमार ने बताया, गार्ड की शिकायत के आधार पर महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। महिला का चालान कर दिया गया। महिला की जमानत हो गई थी। गार्ड का कहना है हम आरएफआईडी का काम कर रहे थे। आरएफआईडी पर उनकी गाड़ी का नंबर नहीं आ रहा था।

इसके बाद भी मैनुअल करके उनकी गाड़ी अंदर कर दी। इसके बाद भी वह गाड़ी से उतरकर गाली-गलौज करते हुए हमको मारने लगीं। काट डालने की धमकी दीं। हमने डायल-112 को फोन किया। बी-2ए 2404 उनका फ्लैट नंबर है। अगस्त महीने में नोएडा में ही ऐसा मामला सामने आया था।

यहां गेट खोलने में देरी करने पर एक महिला वकील ने सोसायटी के सिक्योरिटी गार्ड से बदसलूकी की थी। महिला ने गार्ड को गंदी-गंदी गालियां दी थी। इतना ही नहीं उसे कॉलर पकड़कर घसीटा भी था। इसके बाद पुलिस ने महिला को गिरफ्तार किया था।


गेट के बाहर गरीब गार्ड पर अपनी दबंगाई दिखाती महिला।

# अब कुत्तों पर भी लागू होंगे कायदे-कानून रजिस्ट्रेशन न कराने पर लगेगा भारी जुर्माना

### ● बैगर पट्टे के कुत्ते को घुमाने पर पाबंदी

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

बिना पट्टे के डॉग्स को घुमाने पर पाबंदी लगाई है। कुत्तों का रजिस्ट्रेशन नहीं कराने वाले लोगों पर 5 हजार रुपए का जुर्माना भी लगेगा।

अनुमान है कि पालतू कुत्ते 25 हजार के करीब हैं। रजिस्ट्रेशन करीब 2 हजार ने हीं कराया है। वहीं गोमती नगर विस्तार के यमुना अपार्टमेंट रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन ने अपने यहां लिफ्ट में कुत्तों की एंट्री पर रोक लगाने का प्रस्ताव पास किया है। कुत्ता काटने के बढ़ते मामलों के बीच गाजियाबाद नगर निगम और लखनऊ में यमुना अपार्टमेंट रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन ने कड़े नियम लागू कर दिए हैं। गाजियाबाद के हाउसिंग सोसाइटीज में स्ट्रीट डॉग्स को ब्रीडिंग कराने की जगह फिक्स होगी। स्ट्रीट डॉग्स के मल को और पालतू डॉग्स के मल को खुद उसका मालिक साफ करेगा। गाजियाबाद नगर निगम ने इस संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक की।

इसमें पीपल्स फॉर एनिमल संस्था एनिमल फीडर, आरडब्लूए, एनजीओ, प्रशासनिक अधिकारी और नगर निगम अधिकारी मौजूद रहे। विभिन्न हाउसिंग सोसाइटी के पदाधिकारियों ने भरोसा दिया कि वे कुत्तों की नसबंदी और पंजीकरण कराने में निगम को पूरा सहयोग देंगे।

नगर निगम के उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अनुज ने स्पष्ट किया कि हाईकोर्ट के आदेश अनुसार किसी भी कुत्तों का स्थानांतरण नहीं हो सकता। कुत्तों को उसके ही स्थान पर रखा जाएगा। इसलिए जरूरी है कि हाउसिंग सोसाइटीज में स्वान को घुमाने, उनके खान-पान के कड़े नियम लागू किए जाएं। नोएडा के जिला अस्पताल में रोजाना करीब 120 और गाजियाबाद के दोनों सरकारी अस्पतालों में रोजाना 300 से ज्यादा केस कुत्ता काटने वाले आते हैं। गाजियाबाद में हॉस्पिटल स्थित सेंटर में साल.2019 से अगस्त.2022 तक रेबिज इंजेक्शन की 20923 वॉयल का प्रयोग हुआ है। एक वॉयल से पांच लोगों को इंजेक्शन लगाया जाता है। इस दौरान अपार्टमेंट वालों ने नगर निगम का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य कर दिया है।

यमुना अपार्टमेंट रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन की सचिव प्रतिमा अहिरवार ने बताया, नगर निगम का रजिस्ट्रेशन के अलावा जीवाणु नाशक सर्टीफिकेट अनिवार्य किया गया है। जितने लोगों के यहां पालतू कुत्ते हैं, उनको यह दस्तावेज आरडब्लूए कार्यालय में देना होगा। गाजियाबाद में पार्क में पिटबुल डॉग ने 11 साल के बच्चे पर हमला कर दिया था। उसका एक कान और गाल नोंच दिया। पिटबुल का हमला इतना घातक था कि बच्चे के चेहरे पर 150 से ज्यादा टांके लगाने पड़े। पीड़ित बच्चे के पिता ने पुलिस को तहरीर दी थी। नगर निगम ने कुत्ता मालिक पर पांच हजार का जुर्माना लगाया है। ये मामला बीते शनिवार का था, जिसकी फुटेज गुरुवार को सामने आई थी।



### विधायक के मोहल्ले में भी कुत्तों का आतंक

**गाजियाबाद।** शहर विधायक अतुल गर्ग के मोहल्ले में भी कुत्तों का आतंक है। कविनगर जैसे पाश इलाके में एक सप्ताह में 11 लोगों को कुत्तों ने काटा है। इसे लेकर विधायक ने केंद्रीय राज्यमंत्री वीके सिंह को अवगत कराया है।

विधायक का कहना है कि नगर निगम, पुलिस और प्रशासन कुत्तों के पंजीकरण, देखभाल और आवारा कुत्तों को पकड़ने के नाम पर कानून का हवाला देकर हाथ खड़ा कर देते हैं। विधायक ने केंद्रीय राज्यमंत्री वीके सिंह को पत्र लिखकर केंद्रीय कानून में बदलाव का अनुरोध किया है। पत्र में लिखा है कि शहर में लगातार कुत्ते काटने की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। कुत्तों द्वारा बच्चों से लेकर बुजुर्गों को काटना आम बात हो गई है। बहुत से बच्चों को इतनी बुरी तरह काटा गया है कि जिसे देखकर दिल भी दहल जाता है। विधायक ने केंद्रीय कानून में संशोधन का अनुरोध किया है। जिला एमएमजी अस्पताल में विगत 24 घंटे में कुत्ते के काटने पर 81 लोग एंटी रेबीज इंजेक्शन लगवाने पहुंचे। इनमें 12 बच्चे भी शामिल है। सीएमएस डा मनोज कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि इमरजेंसी में भी एआरवी का इंतजाम करा दिया गया है। पिछले 10 दिन में एक हजार से अधिक लोगों को एआरवी लगाई गई है।

# निकाय चुनाव व सेवा सप्ताह की तैयारियों में जुटे भाजपाई

### ● प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर होगें अनेक कार्यक्रम

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

भारतीय जनता पार्टी गौतमबुद्ध नगर के जिला कार्यालय पर भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की बैठक हुई जिसमें आगामी निकाय चुनावों को लेकर योजना बनाई गयी तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सप्ताह भर विभिन्न प्रकार के सेवा कार्य स्वच्छता अभियान, रक्तदान शिविर, प्रबुद्ध वर्ग गोष्ठी, निशुलक स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, जल ही जीवन जागरूकता अभियान, कृत्रिम अंग एवं उपकरण वितरण कैम्प आदि अनेकों प्रकार के सेवा कार्य किए जाएंगे।

बैठक में स्थानीय सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री डा. महेश शर्मा को भाजपा संगठन द्वारा त्रिपुरा का प्रभारी बनाए जाने पर सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने बधाई दी। बैठक को संबोधित करते हुए सांसद महेश शर्मा केंद्रीय नेतृत्व का आभार प्रकट किया व जिले की सभी नगर पंचायतों व दादरी नगर पालिका भाजपा की जीत का आह्वान कार्यकर्ताओं से किया। बैठक के मुख्य अतिथि भाजपा जिला प्रभारी व एमएलसी सत्यपाल सिंह सैनी रहे व अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विजय भाटी ने की तथा संचालन जिला उपाध्यक्ष सत्येन्द्र नागर ने किया। निकाय चुनाव के संयोजक व जिला उपाध्यक्ष सेवानंद शर्मा ने प्रस्तावना रखी व सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी, विधायक तेजपाल नागर, दादरी चेयरमेन गीता पंडित, राधाचरण भाटी, जिला पंचायत सदस्य देवा भाटी, महामंत्री मनोज गर्ग, योगेश चौधरी, धर्मेंद्र कोरी, पवन रावल, सुनील भाटी, गजेन्द्र मावी, सुशील शर्मा, मनोज जैन,सत्यपाल शर्मा, करमवीर आर्य, गुरुदेव भाटी, महेश शर्मा, अखिलेश नागर, अमित पंडित, रजनी तोमर, मनोज भाटी, सोमेश गुप्ता, जगदीप नागर, मोहित विकल, अंश नागर, सोहित पंडित, मनोज शर्मा आदि पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


मेरा सांसद, मेरा अभिमान कार्यक्रम में पहुंचे नोएडा के सांसद महेश शर्मा।

### जयपुर में प्लॉट दिलाने का झांसा देकर डॉक्टर से ठगी

**नोएडा।** जयपुर में प्लॉट दिलाने का झांसा देकर तीन आरोपियों ने नोएडा के एक डॉक्टर से 21 लाख रुपये ठग लिये। आरोपियों ने किसी और प्लॉट के फर्जी दस्तावेज बनाकर धोखाधड़ी की। पीड़ित ने सेक्टर 58 थाने में केस दर्ज कराया है।

पुलिस को दी शिकायत में डॉक्टर बजरंग लाल ने बताया उनकी मुलाकात राजस्थान दौसा के कुंज बिहारी शर्मा, जयपुर के बांसखो विक्रम शर्मा और एक महिला से हुई थी। तीनों ने उनसे कहा कि उनका जयपुर में एक प्लॉट है और वह उसको बेचना चाहते हैं। प्लॉट देखने के बाद 21 लाख रुपये में सौदा हो गया। बजरंग ने चेक से 21 लाख रुपये का भुगतान कर दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### फैक्ट्री में चोरी करने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** सिखैड़ा मार्ग ओद्योगिक क्षेत्र स्थित एक फैक्टरी में 12 दिन पहले हुई चोरी का पुलिस ने खुलासा कर दिया। पुलिस ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर चोरी किया गया सामान, कार, मिनी ट्रक और लूटी गई बाइक बरामद की है। पुलिस फरार बदमाशों की तलाश कर रही है। सिखैड़ा मार्ग औद्योगिक क्षेत्र में गोविन्दपुरी कॉलोनी निवासी संजय धामा की धामा इंटप्राइजेज के नाम से फैक्ट्री है। 28 अगस्त की रात को एक दर्जन से अधिक बदमाशों ने धावा बोलकर लाखों का सामान चोरी करके ले गए। सूचना पर जब फैक्टरी कर्मचारी पहुंचा तो बदमाशों ने उसकी बाइक लूट ली। पुलिस ने चोरी और लूट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। निवाड़ी थानाप्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि पुलिस ने सूचना के आधार पर दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में बदमाशों ने अपना नाम आरिफऔर खालिद निवासी ककराला थाना फेस दो नोएडा बताया है। इसके अलावा बाइक लूटने वाले बदमाश शकील निवासी गांव ककराला को भी गिरफ्तार कर लूटी गई बाइक बरामद कर ली गई है।



### दो ठेकेदारों पर बेटे को बेचने का केस दर्ज

**नोएडा।** बिहार के रहने वाले एक व्यक्ति ने दो लोगों पर गांव से उसके बेटे को नोएडा लाकर बेचने का आरोप लगाया है। इस संबंध में सेक्टर.126 थाना पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर दो ठेकेदारों के खिलाफकेस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में निमाई मुर्मु ने बताया कि वह बिहार के किशनगंज स्थित डांगपाड़ा के रहने वाले हैं। उनके गांव के ही रहने वाले ठेकेदार नौशाद आलम और ठेकेदार संतलाल मंरडी नोएडा में रहते हैं। वह बिहार से मजदूर लाकर एनसीआर में जगह.जगह भेजते हैं। पीड़ित का कहना है कि दोनों ठेकेदार 13 मार्च को उसके बेटे कीवी राज मुर्मू सहित सात लोगों को अपने साथ नोएडा लेकर आए थे। निमाई का आरोप है कि कुछ दिन उनके बेटे का फोन आया। उसने कहा कि दोनों ठेकेदार उसके शरीर के अंगों को बेचना चाहते हैं। इसको लेकर दोनों आपस में बात कर रहे थे। इसके बाद उनके बेटे का मोबाइल बंद हो गया। जब कीवी से काफी समय तक बात नहीं हुई तो निमाई नोएडा आ गए। उन्होंने नोएडा में अपने बेटे की तलाश की, लेकिन उसका पता नहीं चला।

### ट्यूशन से आ रही छात्राओं से छेड़छाड़

**गाजियाबाद।** मोदीनगर में टयूशन पढ़कर आ रही छात्राओं के साथ शनिवार रात को छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। आसपास के लोगों ने तीन किशोरों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। जबकि अन्य आरोपी फरार हो गए। लड़के रोजाना छात्राओं पर टिप्पणी करते थे। नगर की अलग-अलग कॉलोनी निवासी पांच छात्राएं रोजाना रात को टयूशन पढने के लिए एक कॉलोनी में जाती हैं। छात्राओं की उम्र 14 से 15 वर्ष के बीच है। आरोप है कि पांच-छह किशोर रोज छात्राओं पर अश्लील फब्तियां कसते थे। मामले में आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी गई है। एसओ सतीश कुमार का कहना है कि शिकायत पर जांच की जा रही है। इसकी जानकारी उच्चाधिकारियों को दी गई है। अभिभावकों का आरोप है कि मनचले बेटियों से कई बार इस तरह की हरकत कर चुके थे।

### शादी समारोह में बैंक्वट हॉल में गहनों से भरा बैग चोरी

**गाजियाबाद।** साहिबाबाद साइट.4 औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक बैंक्वेट हॉल में बीते दिनों हुई शादी में रुपयों और गहनों से भरा बैग चोरी हो गया। पीड़ित परिवार को जब इसका पता चला तो उन्होंने बैंक्वेट हॉल प्रबंधन से इसकी शिकायत की। पीड़ित परिवार ने पुलिस को शिकायत कर बताया है कि बैंक्वेट हॉल के अधिकांश सीसीटीवी कैमरे काम नहीं कर रहे थे। कृष्णा नगर में रहने वाले रिषभ वर्मा की बहन की सात सितंबर को बैंक्वेट हॉल लोटस ग्रेस में शादी हुई। रात में किसी ने उनका एक बैग चोरी कर लिया। बैग में नगदी, गहने और शगुन के लिफाफे मौजूद थे। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि बैंक्वट हॉल के कैमरे खराब थे। दूसरी ओर, बैंक्वेट हॉल प्रबंधक दीपक का कहना है कि हमारे यहां कैमरे चालू हैं। पुलिस और मेजबान को सभी जरूरी जानकारी मुहैया करा दी गई है।

# तीन माह में शुरू हो जाएगी ई-बाइक योजना

### ● दो कंपनियों का हुआ चयन, 62 स्टेशनों से मिलेगी ई साइकिल

**पायनियर समाचारसेवा।** नोएडा

नोएडा प्राधिकरण की बहुप्रतीक्षित ई बाइक योजना को अब पंख लग गए हैं। इसके लिए 2 सफल निविदाकारों का चयन कर लिया गया है।

अब तीन माह के अंदर नोएडा में बने 62 डॉकिंग स्टेशनों पर ई साइकिल से लोग अपने गंतव्य तक जा सकेंगे। नोएडा प्राधिकरण के ट्रैफिक सेल के उप महाप्रबंधक एस पी सिंह ने बताया की ई-साइकिल योजना को संचालित करने के लिए प्राधिकरण ने निविदाएं आमंत्रित की थी, जिसमे प्लेनेट एडवरटाइजिंग प्राइवेट लिमिटेड तथा टर्बन मोबिलिटी एल एल पी का चयन कर लिया गया है।

तीन माह के अंदर फिट इंडिया मूवमेंट एंड क्लीन नोएडा मिशन के तहत इस योजना का शुभारम्भ हो जाएगा।

उन्होंने बतया कि प्राधिकरण ने बताया की 62 स्थानों पर पहले से ही ई डॉकिंग स्टेशन बना लिए थे। प्रत्येक स्टेशन पर फिलहाल 10 ई साइकिल मौजूद रहेंगी। प्रारंभिक चरण में 620 ई-साइकिल की सेवा शुरू की जाएगी। श्री सिंह ने बताया की ई साइकिल योजना ऐप्प के जरिये संचालित होगी तथा इसका भुगतान भी डिजिटल पेमेंट के माध्यम से किया जाएगा।

साइकिल चालक किसी भी स्टैंड से एप के जरिये साइकिल ले सकेगा तथा मंजिल तक पहुँचने के बाद उसे नजदीकी साइकिल स्टैंड में साइकिल जमा करनी होगी। उन्होंने बताया की प्राधिकरण इन दोनों कंपनियों को कोई भुगतान नहीं करेगा। कंपनियों को प्रत्येक डोक्किंग स्टेशन पर 50 वर्ग फीट एरिया में विज्ञापन लगाने का अधिकार होगा।



# दिल्ली-मेरठ मार्ग पर कपड़ा व्यापारी से लूट, छात्र का मोबाइल भी छीना

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

दिल्ली मेरठ मार्ग पर आईटीएस पुलिस चौकी के पास शनिवार रात को स्कूटी सवार कपड़ा व्यापारी से नकदी व कपड़ा लूट लिया।

मेरठ के रशीदनगर कॉलोनी निवासी जावेद कपड़े बेचने का काम करते है। वह दिल्ली से कपड़ा लाकर मेरठ में बेचते हैं। जावेद ने बताया कि वह शनिवार रात को स्कूटी पर दिल्ली से कपडों का थान लेकर आ रहे थे। जब वह आईटीएस पुलिस चौकी से पहले पहुंचे तो स्कूटी दो युवकों से छू गई। इस बात को लेकर पहले युवकों ने मोबाइल छीन लिया। जब वह मोबाइल लेने के लिए गए तो जेब में रखे 26 सौ रुपये व स्कूटी पर रखा कपड़ों का थान लूटकर फरार हो गए। वहीं एसआरएम संस्थान के पास शनिवार रात को बाइक सवार बदमाश एमसीए छात्र से मोबाइल लूटकर फरार हो गए। दीपक ठाकुर मोदीनगर स्थित एसआरएम संस्थान में एमसीए प्रथम वर्ष का छात्र है। वह कॉलेज के पास ही एक निजी हॉस्टल में रहता है। दीपक मोबाइल पर बात करते हुए ही पैदल जा रहा था।

# शिक्षकों को अंग्रेजी का ऑनलाइन मिलेगा प्रशिक्षण

### ● गौतमबुद्ध नगर में यूपी बोर्ड के 152 स्कूल

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

उत्तर प्रदेश के माध्यमिक शिक्षा विभाग ने सरकारी स्कूल-कॉलेज में तैनात दो.दो शिक्षकों को ऑनलाइन स्पोकन इंग्लिश प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद शिक्षक विद्यार्थियों को आसान तरीके से अंग्रेजी का ज्ञान देंगे।

माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने जिला स्कूलों के निरीक्षकों डीआईओएस और संयुक्त निदेशकों को अपने जिलों और संभागों में अंग्रेजी शिक्षकों को प्रशिक्षण सुनिश्चित करने के लिए आदेश दिए हैं। शासन ने निर्देश दिए हैं आधुनिकता के इस दौर में हिंदी के साथ ही निजी स्कूलों की तरह सरकारी स्कूलों के बच्चों को अंग्रेजी में माहिर होना अनिवार्य है।

जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ धर्मवीर सिंह ने कहा कि बच्चों को अंग्रेजी सिखाने के लिए विद्यालयों के अध्यापकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

गौतमबुद्ध नगर में यूपी बोर्ड के 152 स्कूल हैं। इसमें करीब 1561 शिक्षक तैनात हैं। इसके लिए अंग्रेजी भाषा शिक्षण संस्थान ईएलटी आई, प्रयागराज द्वारा विकसित यूपी स्टेट काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग एससीईआरटी की एक इकाई ने ऑनलाइन अंग्रेजी पाठ्यक्रम विकसित किया है।

इसमें 10 मिनट के 132 मॉड्यूल हैं। उन्होंने बताया कि इससे शिक्षकों और यूपी माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा नौ से 12 के बच्चों को लाभ मिलेगा। यह पाठ्यक्रम निजी क्षेत्र के मौजूदा पाठ्यक्रमों से अलग है, आवश्यक व्याकरण, वाक्य रचना, सामान्य त्रुटियों और बातचीत-अभ्यास का ज्ञान प्रदान करता है।

### नॉर्थ-ईस्ट फेस्टिवल संपन्न आखिरी दिन उमड़े खरीदार

**नोएडा।** सेक्टर-33 ए स्थित नोएडा हाट में आयोजित नॉर्थ-ईस्ट फेस्टिवल में रविवार को सन्डे लोगों के लिए फन्डे बन गया। आयोजन के अंतिम दिन भारी संख्या में भीड़ उमड़ी। समापन के अवसर पर यहां लोगों ने जमकर खरीददारी की तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से भरपूर मनोरंजन किया।

फेस्टिवल के अंतिम दिन रविवार को त्यागराज सेंटर ऑफ म्यूजिक एंड डांस द्वारा भी केरला के डांस, भरतनाट्यम सहित अन्य कई सांस्कृतिक कार्यकम प्रस्तुत किए गये। इनमें कलाकारों की प्रतिभा ने लोगों का मन मोह लिया।



नॉर्थ-ईस्ट फेस्टिवल के अंतिम दिन संस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं कलाकार।

# भारत को 48 साल बाद वर्ल्ड डेयरी समिट की मिली मेजबानी

### ● प्रधानमंत्री करेंगे उद्घाटन, गृहमंत्री अमित शाह, 3 राज्यों के सीएम, 40 देशों के प्रतिनिधि शामिल होंगे

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

वर्ल्ड डेयरी समिट-2022 भारत में 48 साल बाद हो रहा है। यह कार्यक्रम 12 से 15 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में होगा। शुभारंभ सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, तीन राज्यों के मुख्यमंत्री, 40 देशों के डेलिगेट्स, 800 किसानों समेत करीब 1500 प्रतिनिधि इसमें शिरकत करेंगे। 1903 में इस समिट की परंपरा शुरू हुई थी। इसके 71 साल बाद 1974 में भारत को मेजबानी करने का मौका मिला था। इस बार यह समिट दूसरी बार इंडिया में होने जा रही है। ऐसे में इस समिट के कई मायने निकाले जा रहे हैं। भारत हर साल 21 करोड़ टन दूध उत्पादन करता है।

डेयरी क्षेत्र में पूरी दुनिया की विकास दर जहां 3 प्रतिशत है, वहीं भारत में यह विकास दर 6 प्रतिशत है। इसी दर के साथ भारत दुनिया के डेयरी सेक्टर का नेतृत्व कर रहा है। दुनिया में जहां प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 310 ग्राम दूध की उपलब्धता है, वहीं भारत में यह आंकड़ा 427 ग्राम प्रति व्यक्ति है। दूध देश में एकमात्र सबसे बड़ी कृषि कोमोडिटी है, जिसका मूल्य 9.32 लाख करोड़ रुपए है। इसी के बूते भारत के मिल्क प्रोडक्शन की वर्ल्ड लेवल पर हिस्सेदारी 23 प्रतिशत है। छोटे डेयरी किसानों से लेकर सहकारी रणनीति के आधार पर भारत ने दूध उत्पादन में नंबर वन मुकाम पाया। ये बदलावकारी यात्रा थ्री.डी के जरिए दुनिया को स्क्रीन पर दिखाई जाएगी।


वर्ल्ड डेयरी समिट तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे सीएम योगी व साथ में डीएम सुहास व पुलिस आयुक्त आलोक सिंह।

### ये होगा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कार्यक्रम

कार्यक्रम के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 12 सितंबर की सुबह 10:20 बजे एक्सपो मार्ट स्थित हेलीपैड पर पहुंचेंगे। बताया जा रहा है कि उसके बाद वह 10:30 से 11: 45 तक वर्ल्ड डेयरी समिट को संबोधित करेंगे और 12:00 बजे हेलिकॉप्टर से वापस दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे।

### रौब जमाने के लिए पिस्टल रखने वाला युवक गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** पाइपलाइन मार्ग पर पुलिस ने शनिवार रात चेकिंग के दौरान एक युवक को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से पिस्टल बरामद की। पकड़ा गया युवक रौब जमाने के लिए पिस्टल रखता था।

थाना प्रभारी सतीश कुमार ने बताया कि शनिवार रात को चुंगी नम्बर तीन स्थित पुलिस चौकी के पास पुलिस वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी बीच एक युवक आता दिखाई दिया। पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो वह भागने लगा। पुलिस ने पीछा कर उसे दबोच लिया। युवक ने अपना नाम नितिन त्यागी निवासी ग्रीन मार्केट लोनी बताया। जांच में उसके पास से तमंचा बरामद हुआ। नितिन ने पुलिस को बताया कि वह अपने दोस्तों और कॉलोनी में रौब जमाने के लिए पिस्टल रखता है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादकः नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

## लो फ्लोर बस मामला

# भाजपा और कांग्रेस ने आप को घेरा

## केजरीवाल और भ्रष्टाचार एक दूसरे का पर्याय बन गए हैं: गौरव भाटिया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के डीटीसी की एक हजार लो फ्लोर बसों की खरीद में कथित भ्रष्टाचार सीबीआइ जांच की सिफारिश करने पर आम आदमी पार्टी विपक्ष के निशाने पर आ गई है। भाजपा ने मामले में जांच की मंजूरी देने के फैसले का किया स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री केजरीवाल पर निशाना साधा है।

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा कि डीसीसी का मतलब डायरेक्ट कैश कलेक्शन। केजरीवाल के लिए स्कीम से स्कैम तक का सफर काफी आसान हो गया है। केजरीवाल और भ्रष्टाचार एक दूसरे का पर्याय बन गए हैं। वहीं कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी और भाजपा दोनों पर हमला बोला है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार ने कहा डीटीसी घोटालों और भ्रष्ट शराब नीति के दोषियों को बचाने के लिए भाजपा व आप पार्टी में सांठगांठ है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता और विधायक विजेन्द्र गुप्ता की मौजूदगी में रविवार को संवाददाता सम्मेलन में दिल्ली सरकार द्वारा 1000 लो फ्लोर बसों की खरीद में नियमों को ताख पर रखकर औए सीवीसी रिपोर्ट को नजरअंदाज करते हुए बसों के दिये टेंडर पर सवाल खड़े किये। साथ मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा इस पूरे मामले में मुख्यमंत्री पद से इस्तीफे की मांग की।


राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया

भाटिया ने कहा कि केजरीवाल सरकार आज देश भर में अपनी पहचान एक भ्रष्ट पार्टी के रूप में बना चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि लो फ्लोर बसों का टेंडर की बात केजरीवाल ने एल-1 कंपनी से करने की बजाय अपने खास लोगों की जेबीएम कम्पनी को टेंडर दिया ताकि मोटी कमाई होने में कोई समस्या न हो। जिसका भाजपा ने विधानसभा के अंदर और बाहर विरोध किया। लेकिन अपनी आदत से मजबूर आप संयोजक और उनकी पार्टी हर बार अपने ऊपर लगे आरोप पर जवाब देने की बजाय मुद्दे को भटकाने का काम किया।

नई बसों की खरीद के साथ ही तीन साल तक मेंटेनेंस तो उस टेंडर के साथ ही मुफ्त होता है लेकिन केजरीवाल ने अतिरिक्त मरम्मत शुल्क देने की बात कही ताकि वह पैसा घुमा फिराकर उनकी जेब में आ सके। आदेश गुप्ता ने कहा कि अरविंद केजरीवाल की सरकार स्वराज से शराब और फिर शराब से भ्रष्टाचार में इतनी डूब चुकी है कि अब उसे किसी की चिंता नहीं है।

केजरीवाल का कोई भी काम बिना भ्रष्टाचार के नहीं होता। उसी ककड़ी में एक और मामला लो फ्लोर बसों की खरीद फरोख्त में किया गया घोटाला भी जुड़ गया है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल सीवीसी नहीं मानते बल्कि वे मानते हैं सिर्फ डीसीसी मतलब डायरेक्ट कैश कलेक्शन।

इस बीच प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार ने उपराज्यपाल द्वारा डीटीसी बस घोटाले की सीबीआई जाँच के आदेश पर कहा कि देर आए दूरस्त आए क्योंकि कांग्रेस द्वारा 14 जुलाई, 2021 को सीबीआई को बस सौदे में अनियमितताओं और बड़े पैमाने पर 4000 करोड़ रुपये से अधिक भ्रष्टाचार की शिकायत दर्ज कराए जाने के बाद केजरीवाल सरकार ने नई डीटीसी लो फ्लोर बसों की खरीद बंद कर दी थी।

इससे स्पष्ट है कि कहीं न कही दाल में काला है तभी तो केजरीवाल कांग्रेस की शिकायत करने पर अपनी भ्रष्टाचारी योजनाओं पर लगाम लगाते नजर आ रहे है। लेकिन हैरानी की बात यह है कि डेढ़ साल पहले घोटाले की जांच की अनुमति मिलने के बावजूद डीटीसी घोटाले में अभी तक परिवहन मंत्री कैलाश घेलोत को गिरफ्तार नहीं किया गया है और ना ही अभी तक कोई प्राथमिकी दर्ज की गई है। भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए भाजपा और आप पार्टी के बीच सांठगांठ सम्बन्ध को उजागर करती है।

### एलजी की सिफारिश का बिधूड़ी ने किया स्वागत

**नई दिल्ली।** डीटीसी की एक हजार बसों की खरीद में हुए हजारों करोड़ रुपए घोटाले की जांच की सिफारिश किए जाने का स्वागत किया है। बिधूड़ी ने कहा है कि यह मामला भाजपा विधायकों ने ही उठाया था। इस मामले की शिकायत लेकर भाजपा विधायक उपराज्यपाल और केंद्रीय सतर्कता आयोग से मिले थे। अब इस मामले की जांच की सिफारिश आप सरकार के एक और घोटाले को प्रकाश में लाई है।

बिधूड़ी ने आप नेताओं के इस दावे को सफेद झूठ बताया है कि इस मामले में टेंडर ही नहीं हुआ तो घोटाला कैसे होगा। उन्होंने कहा कि इस मामले में तो वर्क अवार्ड भी हो गया था। सिर्फ डीटीसी की एक हजार बसों की खरीद में ही नहीं बल्कि उनकी मेंटेंनेंस के नाम पर भी करोड़ों का घोटाला हुआ। इस पर मेरे नेतृत्व में सभी भाजपा विधायक पिछले साल ही उपराज्यपाल महोदय और केंद्रीय सतर्कता आयोग से मिले। केजरीवाल सरकार तो इस मामले को लगातार दबाने की कोशिश करती रही है।

# बिश्नोई-बराड़ गिरोह के तीन शार्प शूटर गिरफ्तार


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

लॉरेंस बिश्नोई-गोल्डी बराड़ गिरोह के तीन शार्पशूटर को यहां गिरफ्तार कर उनके पास से हथियार बरामद किए गए हैं। आरोपियों की पहचान नवीन, मनोज, और करमबीर के रूप में हुई है।

सभी हरियाणा के झज्जर के रहने वाले हैं। पुलिस के अनुसार, आरोपियों को शनिवार शाम करीब चार बजे बरवाला-बवाना मार्ग पर तीनों को गिरफ्तार कर लिया। तीनों से जब आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया, तो उन्होंने बचने के लिए अपनी पिस्तौल से गोलीबारी की। तीनों आरोपी कनाडा में रह रहे गोल्डी बराड़ से पिछले कई दिन से सिग्नल ऐप के जरिए सीधे संपर्क में थे।

इन लोगों ने तीनों हरियाणा के गुड़गांव के झारसा में हथियारों के बल कर शराब की एक दुकान पर कब्जा करने के सिलसिले में वांछित थे। इनके पास से तीन पिस्तौल और 11 कारतूस बरामद किए गए हैं।

# निगम वार्ड 250 करने के फैसले का स्वागत : गुप्ता

- दिल्ली के विकास को मिलेगी दोगुनी रफ्तार : भाजपा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राजधानी इन दिनों आम आदमी पार्टी और भाजपा के बीच में चल रही सियासी खींचतान के चलते माहौल पूरी तरीके से गरमाया हुआ है।

इस बीच केंद्र द्वारा नोटिफिकेशन जारी कर दिल्ली नगर निगम के अंदर 250 वार्ड्स की संख्या निर्धारित कर दी गई है जिसके साथ अनुसूचित जाति के लिए 42 वार्ड भी रिजर्व किए गए हैं। प्रदेश भाजपा ने केंद्रीय गृह मंत्रालय के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि उनकी पार्टी पूरी तरह से चुनाव के लिए तैयार है और पिछले 15 सालों में उन्होंने जिस जज्बे के साथ दिल्ली वालों की बेहतरी के लिए काम किया है, आगे भी वह अब दोहरी ऊर्जा के साथ काम करेंगे। आदेश गुप्ता ने कहा कि नगर निगम एकीकरण से अब राजधानी दिल्ली का विकास दोगुनी रफ्तार से होगा क्योंकि अब अधिकत्तर मामलो में अधिकार केंद्र सरकार के पास होंगे। दिल्ली के लोग देख रहे हैं कि केजरीवाल के सत्ता में आने के बाद उन्होंने निगम को पंगु बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी।


निशुल्क जांच शिविर का उद्घाटन करते प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता।

फंड को रोक लिया ताकि विकास कार्यों में रुकावटें डाली जा सके और निगम कर्मचारियों को वेतन तक के पैसे नहीं दिये, लेकिन बावजूद इसके भाजपा शासित निगम ने सीमित संसाधनों के बावजूद बेहतर काम करके दिखाया। गुप्ता के अनुसार निगम के हक के पैसों को केजरीवाल सरकार ने अपने झूठे प्रचार में लुटा दिया और जब तीनों निगम अपना फंड मांगने लगे ताकि वे अपने कर्मचारियों को वेतन दे सके तो केजरीवाल ने हाथ खड़कर कर लिए। आज तक हिसाब नहीं दिया कि आखिर निगम के हक के वे पैसे गए कहाँ।

गुप्ता ने चुनाव आयोग और एकीकरण के लिए गठित समिति को धन्यवाद देते हुए कहा कि एकीकरण के बाद विकास की गाड़ी दोगुनी रफ्तार के साथ दौड़ेगली और निगम कर्मचारियों के भी वेतन सम्बंधित सभी परेशानियां जो केजरीवाल सरकार की राजनैतिक द्वेष से पैदा हो गई थी, वह भी खत्म हो जाएगी।

### दिव्यांग बच्चों की सहायता नहीं करने पर सरकार को फटकार

**नई दिल्ली।** उच्च न्यायालय ने दिव्यांगता कानून के तहत दो दिव्यांग बच्चों की सहायता नहीं करने पर दिल्ली सरकार की आलोचना की और इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया। न्यायमूर्ति गौरांग कांत ने कहा कि सरकार ने दो साल पहले आश्वासन दिया था कि सेरेब्रल पाल्सी से पीड़ित बच्चों के लिए हरसंभव कदम उठाए जाएंगे। अदालत ने कहा कि इसके बावजूद बच्चों की सहायता नहीं की गई और न ही उनके मामले पर सकारात्मक रुख अपनाया गया।

अदालत ने आठ सितंबर को जारी अपने आदेश में कहा, दिल्ली सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त निदेशक द्वारा दायर हलफनामे से पता चलता है कि दिल्ली राज्य में बच्चों की हालत दुर्भाग्यपूर्ण है। याचिकाकर्ता संख्या एक और दो को सहायता उपलब्ध कराने के बाबत अदालत की चिंता को दूर करने के लिए हलफनामा दायर किया गया। इसने कहा, एक तरफ प्रतिवादी संख्या पांच अदालत को आश्वासन दे रहा है कि दिल्ली राज्य में बच्चों के हित के लिए यथासंभव कदम उठाए जाएंगे लेकिन ढाई साल के बाद भी दिल्ली सरकार एक राज्य के तौर पर अपने दायित्व निर्वहन में विफल रही है।

# छठ से पहले यमुना की सफाई के लिए दिया जाए निर्देश

- भाजपा सांसद ने एलजी से किया अनुरोध

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने दिल्ली के उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना को पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि दीपावली के बाद छठ पर्व से पहले यमुना नदी की समय पर सफाई सुनिश्चित की जाए।

उत्तर पूर्वी दिल्ली से सांसद तिवारी ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर भी हमला बोला और कहा कि केजरीवाल नदी की सफाई नहीं करवाने की अपनी असफलता को छिपाने के लिए पूर्वांचल के लोगों के इस पर्व को निशाना बना सकते हैं। तिवारी के इस आरोप पर आम आदमी पार्टी की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। बड़ी संख्या में पूर्वांचल के लोग छठ पर्व मनाते हैं और इस दौरान नदी और जलाशयों में घुटनों तक पानी में जाकर सूर्य की पूजा की जाती है। सक्सेना को लिखे पत्र में तिवारी ने केजरीवाल सरकार पर आरोप लगाया कि दिल्ली में रहने वाले 50 लाख पूर्वांचलियों का अपमान करने के लिए पिछले साल दिल्ली में छठ पर प्रतिबंध लगाने का प्रयास किया था।


मनोज तिवारी

# गोट पॉक्स टीकों की खुराक खरीदेगी सरकार

- मवेशियों को खुराक निःशुल्क : गोपाल राय

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

लंपी वायरस संक्रमण के प्रसार को नियंत्रित करने के लिए स्वस्थ मवेशियों के टीकाकरण के लिए गोट पॉक्स टीके की 60,000 खुराक सरकार खरीदेगी। दिल्ली सरकार की तरफ से मवेशियों को टीके की खुराक निःशुल्क मुहैया कराई जाएगी।

पर्यावरण एवं विकास मंत्री गोपाल राय ने बताया ज्यादातर दिल्ली के दक्षिण-पश्चिम जिले में, मवेशियों में लंपी वायरस संक्रमण के 173 मामले पाए गए हैं। शनिवार शाम से मामलों में कोई वृद्धि नहीं हुई है। अब तक किसी मवेशी की मौत की खबर नहीं है। मवेशियों की आबादी लगभग 80,000 है। दर को लेकर आपूर्तिकर्ता के साथ करार को अंतिम रूप दे रही केंद्र सरकार ने आश्वासन दिया है कि 60 हजार खुराक जल्द ही हम तक पहुंच जाएगी। राय ने शनिवार को पशुपालन और डेयरी विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की और उनसे जल्द से जल्द टीके उपलब्ध कराने का अनुरोध किया।


गोपाल राय

सरकार एक निश्चित दायरे में टीकाकरण की रणनीति पर अमल करेगी, जिसके तहत पांच किलोमीटर के दायरे में आने वाले सभी स्वस्थ मवेशियों को गोट पॉक्स टीका लगाया जाएगा। गौरतलब है कि लंपी एक संक्रामक बीमारी है, जो मवेशियों के संक्रमित मच्छरों, मक्खियों, जूं और ततैया के सीधे संपर्क में आने से फैलती है।

# डीयू के कॉलेजों के पांच साल के प्रवेश आंकड़े मंगवाए कुलपति

- कॉलेजों द्वारा एससी, एसटी, ओबीसी श्रेणी की सीटों पर नहीं दिया जाता दाखिला : फोरम

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली यूनिवर्सिटी के कॉलेजों में यूजी, पीजी, पीएचडी में एससी, एसटी, ओबीसी कोटे के एडमिशन प्रक्रिया से पहले पिछले पांच वर्षों के सब्जेक्ट वाइज , विज्ञान , वाणिज्य व मानविकी विषयों के आंकड़े मंगवाकर उनकी जांच करवाई जाए।

यह मांग फोरम ऑफ एकेडेमिक्स फ़ॉर सोशल जस्टिस ने दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर योगेश कुमार सिंह व कुलसचिव डॉ. विकास गुप्ता को पत्र लिखकर मांग की है। फोरम के चेयरमैन डॉ. हंसराज सुमन ने पत्र में लिखा है कि दिल्ली विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2022 23 में एडमिशन के लिए सोमवार 12 सितम्बर को इसकी पूरी गाइडलाइंस जारी की जाएगी ।

## इंडिया गेट पर वीकेंड मस्ती


फोटो: रंजन डिमरी

# कम्पार्टमेंट के बाद सरकारी स्कूलों के 10वीं-12वीं बोर्ड के नतीजों में बढ़ोतरी

- छात्रों ने साबित कर दिखाया कि कभी हार नहीं माननी चाहिए : सिसोदिया


मनीष सिसोदिया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की कम्पार्टमेंट परीक्षा के बाद सरकारी स्कूलों के 10वीं-12वीं बोर्ड के नतीजों में हुई बढ़ोतरी हुई है। दसवीं का पास प्रतिशत 81.27 फीसदी से बढ़कर 97.29 फीसदी हो गया है।

बारहवीं का पास प्रतिशत 96.29 फीसदी से बढ़कर 98.21 फीसदी पहुंच गया है। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने दावा किया कि कोविड-19 महामारी के दौरान गत दो साल बाद इस वर्ष सामान्य तरीके से हुई बोर्ड परीक्षा। इन वर्षों में बच्चों का मेंटल-इमोशनल वेल-बींग प्रभावित हुआ इसके बाद भी वर्ष 2018-19 की तुलना में 10वीं के नतीजों में 15.85 फीसदी की वृद्धि और 12वीं के नतीजों में 1.68 फीसदी की वृद्धि हुई है।

बच्चों ने न केवल शानदार प्रदर्शन किया है बल्कि कोविड के पूर्व बोर्ड परिणाम के रिकॉर्ड को भी तोडा है। कम्पार्टमेंट परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन कर छात्रों ने साबित कर दिखाया कि कभी हार नहीं माननी चाहिए। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री व शिक्षामंत्री मनीष सिसोदिया ने सभी छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि कोरोना के कारण पिछले 2 सालों में बच्चों की पढ़ाई व उनकी मेंटल-इमोशनल वेल-बींग बहुत ज्यादा प्रभावित हुई। शैक्षणिक सत्र 2021-22 भी कोरोना से काफी बाधित रहा और बच्चों के सीखने के अवसरों में काफी कमी आई और सीबीएसई द्वारा सामान्य समय की तरह ही बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन किया गया। जिसमें सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया लेकिन जो बच्चे एक या दो विषयों में पास नहीं हो पाए, उन्हें कम्पार्टमेंट की परीक्षाओं में शामिल होना पड़ा।

इस रिजल्ट से आत्मविश्वास बढ़ेगा और वो अगली कक्षा में और बेहतर पढ़ाई कर सकेंगे। पिछली बार कोरोना से पहले सामान्य रूप से बोर्ड परीक्षाएं सत्र 2018-19 में आयोजित की गई थी। तब कक्षा 10वीं बोर्ड के नतीजे कंपार्टमेंट परीक्षाओं के बाद 81.44 फीसदी थे लेकिन 2 साल तक कोरोना के कारण पढ़ाई के प्रभावित होने बावजूद इस साल छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया है।

# घर घर आजादी का अभियान चलाएगा कैट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- अमृत महोत्सव में यादगार वस्तु रखने या उपहार देने को करेंगे प्रोत्साहित

हर घर तिरंगा की तर्ज पर कॉन्फ़ेडरेशन ऑफ़ आल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) देश के लोगों को आजादी के अमृत महोत्सव की एक यादगार वस्तु को घर में रखने या कम से कम एक वस्तु को लोगों को उपहार में देने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए राष्ट्रव्यापी अभियान चलाने का निर्णय लिया है।

कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया तथा राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने कहा की 8 सितंबर, 2022 को कैट की दिल्ली में हुई एक मीटिंग में देश के 24 राज्यों के 80 से अधिक प्रमुख नेताओं ने सर्वसम्मति से इस अभियान के बढ़ावा देने के लिए सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करने का संकल्प लिया। कैट ने अकेले दिवाली त्योहार के दौरान, एक अनुमान के अनुसार एक दूसरे को उपहार देने के लिए विभिन्न प्रकार की 5 करोड़ से अधिक वस्तुओं की खरीद की जाती है और कैट इस अभियान को बढ़ावा देने के लिए दिवाली त्यौहार का अधिकतम लाभ उठाएगा। ज्ञातव्य है की केंद्र सरकार के संस्कृति मंत्रालय यह अभियान देश भर में आगामी 15 अगस्त, 2023 तक चलाया जाएगा।

### सरकारी सहायता का ऐलान न करने पर कांग्रेस का हमला

**नई दिल्ली ।** बाहरी दिल्ली के मुंडका स्थित एक अपार्टमेंट में सीवर की सफाई के दौरान , ड्यूटी पर तैनात, दो कर्मचारियों की मौत के बाद दिल्ली सरकार की तरफ से किसी तरह की सहायता राशि की घोषणा नहीं होने पर कांग्रेस ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बेरहम और निरंकुशकरार दिया है।

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ. नरेश कुमार ने रविवार को बक्करवाला के लोक नायक पुरम में जाकर पीड़ित परिवार से मुलाकात करने के बाद दिल्ली सरकार से दोनों कर्मचारियों रोहित और अशोक के परिजनों को एक एक करोड़ रूपए सहायता राशि तथा उनकी विधवाओं को सरकारी नौकरी देने की उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना तथा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मांग की है।

# सामान बेचने का झांसा देकर ठगी में दो भाई गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली के लोगों को ऑनलाइन माध्यम से एयरगन, वाकी-टॉकी, टेलिस्कोप और अन्य चीजें बेचने का झांसा देकर ठगने के आरोप में दो भाइयों को गिरफ्तार किया गया है।

आरोपियों की पहचान रवि और हरीश सिंह के रूप में हुई है। दोनों को गाजियाबाद स्थित उनके घरों से धरा गया है। दक्षिणी दिल्ली के मालवीय नगर के निवासी की ओर से शिकायत दर्ज कराने के बाद यह मामला सामने आया था। पुलिस ने बताया कि रॉबिन सिंह नामक एक व्यक्ति ने शिकायतकर्ता को व्हाट्सऐप पर कॉल करके बताया कि वह एयरगन, ब्लैंक गन, वाकी-टॉकी आदि बेचता है।

कॉल करने वाले पर भरोसा करके पीड़ित ने ऑनलाइन माध्यम से 25 टेलिस्कोप का ऑर्डर दिया और बैंक खाते में 2,49,000 रुपए भेज दिए। पैसा मिलने के बाद सिंह ने एक पानी का फिल्टर भेज दिया और उसे व्हाट्सऐप पर ब्लॉक कर दिया।

# ब्रिटेन के किंग चार्ल्स जब देखने पहुंचे ताहिरपुर का वोकेशनल सेंटर

## दिल्ली ब्रदरहुड सोसाइटी से दिवंगत महारानी एलिजाबेथ और चार्ल्स का है खास नाता


प्रिंस चार्ल्स

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

ब्रिटेन में प्रिंस चार्ल्स तृतीय के किंग (राजा) बनने की खुशी और सात दशकों तक महारानी रहीं एलिजाबेथ द्वतीय की मृत्यु का गम दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी में खास महसूस किया गया। ज्ञात रहे कि शनिवार को चार्ल्स तृतीय ब्रिटेन के नए किंग बन गए हैं। किंग चार्ल्स अपनी 1997 की यात्रा के दौरान दिलशाद गार्डन के करीब ताहिरपुर में दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी के सेंट जॉन वोकेशनल सेंटर को देखने पहुंचे थे।

राष्ट्रीय राजधानी की सामाजिक संस्था दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी से किंग चार्ल्स और दिवंगत महारानी एलिजाबेथ के साथ संबंध बना रहा। ये दोनों ब्रदरहुड के केंद्रों में आते भी रहे। अगर बात किंग चार्ल्स की करें तो वे जब अपने देश के राजकुमार थे, वे तब 1997 में दिल्ली आए। अपनी उस यात्रा के दौरान वे दिलशाद गार्डन के करीब ताहिरपुर में दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी के सेंट जॉन वोकेशनल सेंटर को देखने पहुंचे थे। यहां पर समाज के कमजोर तबकों से जुड़े सैकड़ों नौजवानों के लिए एयरकंडीशनिंग, मोटर मैकेनिक, ब्यूटिशियन, कारपेंटर, टेलरिंग आदि के रोजगार परक पाठ्यक्रम चलाए जाते हैं। प्रिंस चार्ल्स ने सेंटर में ट्रेनिंग ले रहे बहुत से नौजवानों से बात भी की थी और संतोष जताया कि यहां से प्रशिक्षित नौजवान जीवन में अपने लिए जगह बना रहे हैं।



दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी के सदस्य फादर सोलोमन जॉर्ज ने बताया कि प्रिंस चार्ल्स ने वादा किया था कि वे ब्रदरहुड सोसायटी के बाकी प्रोजेक्ट्स को आगे की यात्राओं में देखेंगे। बता दें कि राजधानी में ब्रदरहुड सोसायटी के संस्थापकों में महात्मा गांधी के सहयोगी दीन बंधु सीएफ एंड्रयूज थे। उन्होंने सेंट कॉलेज में पढ़ाया भी था। वे दक्षिण अफ्रीका में गांधी जी से 1916 में मिले थे। उसके बाद दोनों घनिष्ठ मित्र बने। उन्होंने 1904 से 1914 तक सेंट स्टीफंस कॉलेज में पढ़ाया। उन्हीं के प्रयासों से ही गांधी जी पहली बार 12 अप्रैल-15 अप्रैल, 1915 को दिल्ली आए थे। राजकुमारी एलिजाबेथ अंतिम बार 1997 में अपने भारत दौरे के समय दिल्ली आईं थीं। वह तब दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी के राजनिवास मार्ग पर स्थित ब्रदर्स हाउस भी गईं थीं। वहां पर उन्होंने उन पादरियों से मुलाकात भी की थी जो अविवाहित रहते हुए दीन-हीनों की सेवा में भी लगे हुए हैं।

# नौकरी लगवाने का झांसा देने के मामले में एसएचओ सस्पेंड

## मुख्यमंत्री ने गुरुग्राम में कष्ट निवारण समिति की अध्यक्षता करते हुए दिए आदेश

## पुलिस आयुक्त कार्यालय में नियुक्त डीडीए पर भी गलत राय देने के लिए होगी कार्यवाही

## क्वालिटी एश्योरेंस अथोरिटी विकास कार्यों की गुणवता करेगी सुनिश्चितः सीएम

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने केन्द्र सरकार में ग्रुप-डी की नौकरी के नाम पर धोखाधड़ी से पैसे ऐंठने के मामले का कड़ा संज्ञान लेते हुए मामले की जांच कर रहे तत्कालीन एसएचओ को सस्पेंड करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने इस मामले में पुलिस को गलत राय देने के लिए डिप्टी डिस्ट्रिक्ट अटार्नी पर भी कार्यवाही करने के आदेश दिए हैं। पुलिस आयुक्त कार्यालय के डिप्टी डिस्ट्रिक्ट अटार्नी ने भ्रष्टाचार के मामले को रुपयों के लेन देन को दीवानी का मामला बताया था।

मुख्यमंत्री रविवार को गुरूग्राम के स्वतंत्रता सेनानी जिला परिषद् हॉल में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस बैठक में उनके सामने 19 शिकायतें अथवा समस्याएं रखी गई थी जिनमें से सभी पक्षकारों को सुनने के बाद उन्होंने 16 शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया। बैठक में रखे गए एजेंडे के बाद मुख्यमंत्री ने जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति के मनोनीत सदस्यों की भी जनहित संबंधी शिकायतें सुनी और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को उनका समाधान करने के निर्देश दिए।

बैठक में केन्द्र सरकार में ग्रुप डी की नौकरी लगवाने का झांसा देकर पैसे ऐंठने के मामले का कड़ा संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने राज्य में ऐसी व्यवस्था कायम की है जिसमें कोई भी व्यक्ति पैसे देकर नौकरी नहीं प्राप्त कर सकता। लोगों को भ्रष्टाचार मुक्त शासन देने की दिशा में हमारी सरकार काम कर रही है। इस मामले में आरोपित व्यक्ति की पहले भी धोखाधड़ी की हिस्ट्री है, इसलिए उसके खिलाफ पुलिस कार्यवाही करेगी। यह शिकायत सोहना निवासी ने की थी। जिसमें उसने आरोपित व्यक्ति को साढ़े 3 लाख रुपये देने का आरोप लगाया था। सोहना पुलिस ने जांच के दौरान इसे आपसी पैसे के लेन देन का मामला यह कहते हुए बताया था कि परिवादी और आरोपी के बीच पैसों के लेन देन का कोई सबूत या लिखित पढ़त नहीं है। पुलिस आयुक्त गुरुग्राम में नियुक्त डीडीए ने इसे प्रथम दृष्टया दोनों पक्षों के बीच में दीवानी मामला होने की राय दी थी।

### गुरुग्राम नगर निगम चलाएगा 'मार्किंग फॉर पार्किंग' अभियान

**एक** अन्य मामले का निपटारा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सैक्टर-23 की मार्केट में दुकानों के सामने रेहड़ी या फड़ी लगाने संबंधी अतिक्रमण को हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों ने फिलहाल हटवा दिया है। उन्होंने कहा कि भविष्य में दुकानों के सामने रेहड़ी या फड़ी लगी मिली तो संबंधित दुकानदार की जिम्मेदारी तय करते हुए उसके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। इसी सैक्टर में वाहनों की पार्किंग उपयुक्त स्थानों पर नही किए जाने की शिकायत पर मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरूग्राम नगर निगम ' मार्किंग फार पार्किंग' की नई पहल चलाएगा जिसके तहत वाहनों के लिए पार्किंग की जगह निर्धारित की जाएगी और उसके अलावा अन्यत्र स्थान पर वाहन खड़े मिले तो जुर्माना होगा। नगर निगम गुरूग्राम ने वाहनों की पार्किंग के लिए 15 हजार बॉक्स (मार्किंग) बनाने के लिए स्थानों की पहचान कर ली है।

### प्रदूषण फैलाने वाली दो ईकाइयां की गई बंद

**बैठक** में प्रदूषण के संबंधित दो शिकायत रखी गई थी जिसमें राजेन्द्रा पार्क के एफ और जी ब्लॉक में रबर जलने की बदबू से लोगों का सांस लेना दूभर हो गया था और उससे आंखो में जलन भी हो रही थी। इस मामले में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों ने बताया कि प्रदूषण फैलाने वाली फैक्ट्री को बंद कर दिया गया है, परंतु शिकायतकर्ताओं ने कहा कि उन्हें धमकी मिल रही है। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सादे कपड़ों में वहां पर पुलिस तैनात करें और धमकी देने आने वाले व्यक्तियों को पकड़कर उनके खिलाफ कार्यवाही करें। इसी प्रकार के आदेश सैक्टर-10 के पास स्थित अमर कॉलोनी में चलाई जा रही अनाधिकृत रबर कंपनी के खिलाफ दिए गए। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों के अनुसार इस कंपनी को भी बंद कर दिया गया है।

### सभी 6 मंडलों में बनाई गई विजिलेंस ब्यूरो की ईकाई

**बैठक** में निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से संबंधित शिकायत रखी गई थी जिसका निपटारा करते हुए मुख्यमंत्री ने मंडल स्तर पर गठित की गई विजिलेंस के एसपी को यह मामला सौंपते हुए इसकी चैकिंग करके एक सप्ताह में रिपोर्ट देने के आदेश दिए और कहा कि उसके बाद उसी हिसाब से आगे की कार्यवाही होगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि विकास कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार ने क्वालिटी एश्योरेंस अथोरिटी बना दी है। यह अथोरिटी विकास कार्यों की गुणवत्ता नियमित रूप से चैक करेगी। पब्लिक को भी एक पोर्टल पर शिकायत भेजने का ऑप्शन दिया जाएगा जिसमें पब्लिक का कोई भी व्यक्ति विकास कार्य की गुणवत्ता को लेकर भ्रष्टाचार के बारे मे भी शिकायत भेज सकेगा। उसके बाद उस शिकायत की जांच मंडल स्तर पर गठित विजिलेंस की टीम करेगी। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 6 मंडलो पर विजिलेंस ब्यूरो की ईकाई गठित की गई हैं। संदर्भित शिकायत में सैक्टर-10 में एल्पाइन कॉन्वेंट स्कूल से ओम चौक तक बनाए गए बरसाती नाला तथा सड़क की गुणवत्ता पर सवाल उठाए गए थे।

### सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटवाने के निर्देश

**शहर** के सैक्टर-45 में अतिक्रमण हटाने का मामला भी मुख्यमंत्री के सामने रखा गया, जिसमें संपदा अधिकारी संजीव सिंगला ने बताया कि द रॉयल रेजीडेंसी नामक रिहायशी सोसायटी के आस पास से अतिक्रमण हटा दिया गया है और उस स्थान पर पार्क विकसित करने के लिए एस्टीमेट बनाया गया है। इस पर मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि कोर्ट के स्टे वाली जगह को छोड़कर पूरे क्षेत्र से अतिक्रमण हटवाएं। इस मामले में शिकायतकर्ताओं ने बताया कि सोसायटी के सामने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के बागवानी विंग द्वारा पार्क बनाने की स्कीम बनी थी लेकिन वह लागू नही हुई और अब वहां पर झुग्गी झोपड़ियां डाल दी गई जिनकी वजह से आपराधिक घटनाएं बढ़ गई हैं।

### सेक्टर-29 के महाराणा प्रताप लेजरवैली पार्क के दिन बहुरेंगे


**बैठक** में गुरुग्राम के सेक्टर- 29 स्थित महाराणा प्रताप लेजरवैली पार्क में खराब पड़े म्यूजिकल फाउंटेन तथा स्वच्छता का मामला पुनः रखा गया था। इस मामले में गुरूग्राम महानगर विकास प्राधिकरण के एडिश्नल सीईओ सुभाष यादव ने बताया कि पार्क की सफाई नियमित रूप से हो रही है और म्युजिकल फांउटेन को ठीक करवाने के लिए एस्टीमेट आदि तैयार किया गया था लेकिन इस बीच 23 अगस्त को पार्क के रखरखाव , सफाई तथा म्युजिकल फाउंटेन आदि के लिए ह्यूडई कंपनी से एमओयू हुआ है।

# मानेसर को उपमंडल का दर्जा देने पर ग्रामीणों ने किया सीएम का स्वागत



**गुरुग्राम।** मानेसर को उपमंडल का दर्जा दिए जाने की खुशी में रविवार को उपमंडल में आने वाले गांव के मौजूद लोगों ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल का स्वागत और धन्यवाद किया। पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में पटौदी के विधायक सत्य प्रकाश जरावता के नेतृत्व में पंचायती राज प्रकोष्ठ भाजपा के जिला संयोजक सरपंच सुंदरलाल समेत अनेक लोगों ने मुख्यमंत्री को बुके देकर और पगड़ी पहनाकर सम्मान किया। इस दौरान मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि उनकी सरकार प्रदेश का समान विकास करने की पक्षधर है। हरियाणा के विकास को लगातार रफ्तार मिल रही है। भविष्य में भी हर क्षेत्र में विकास के काम जारी रहेंगे। इस अवसर पर विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल को विकास पुरुष बताते हुए प्रदेश के हर क्षेत्र का समान विकास कराने पर धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि पटौदी हल्का की तरफ से जितनी भी मांगे उन्होंने मुख्यमंत्री मनोहर लाल के समक्ष अभी तक रखी हैं, मुख्यमंत्री ने सहानुभूति पूर्वक विचार किया और लगभग सभी मांगों को पूरा करके क्षेत्रवासियों को कई तोहफे दिए हैं। विधायक जरावता ने कहा कि गुरुग्राम में मुख्यमंत्री मनोहर लाल का हर दौरा यहां के लोगों के लिए नई सौगात लेकर आता है। पंचायती राज प्रकोष्ठ भाजपा के जिला संयोजक सुंदरलाल ने कहा कि मानेसर को पहले नगर निगम बनाया और अब उपमंडल बना कर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने क्षेत्र की जनता को बड़ी सौगात दी है। उपमंडल की घोषणा के साथ ही ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई। सरपंच सुंदरलाल ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल का विधायक सत्यप्रकाश जरावता के नेतृत्व में ग्रामीणों के साथ मिलकर स्वागत और धन्यवाद किया। इस अवसर पर लक्ष्मण सरपंच नखडोला, विजय पाल सरपंच नाहरपुर, हरजस सरपंच रामपुरा, प्रदीप सरपंच नोरंगपुर, अजय सरपंच कुकडोला, दयाराम चेयरमैन, मानेसर मंडल के अध्यक्ष देविंदर यादव, ओम्प्रकाश पूर्व सरपंच मानेसर, युवा मोर्चा मानेसर मंडल अध्यक्ष पर्वीन यादव, मानेसर मंडल महामंत्री मनोज यादव, केशु यादव, शेरसिंह नवादा, यशबीर यादव, सहीराम यादव, धनपत यादव, संजय यादव सहित युवा मोर्चा मानेसर मंडल की पूरी टीम उपस्थित रही।

# मानेसर में अधिग्रहित 1810 एकड़ भूमि के मामले में सरकार बनाएगी विशेष पॉलिसी : मनोहर लाल



**गुरुग्राम।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि सरकार को लगता है कि गुरुग्राम में इंडस्ट्रियल मॉडल टाउनशिप (आईएमटी) मानेसर के विस्तार के लिए अधिग्रहित की गई 1810 एकड़ जमीन के भूमालिकों को आज के समयानुसार और अधिक लाभ मिलना चाहिए। उसके लिए सरकार स्पेशल पॉलिसी बनाने को तैयार है, लेकिन नई पॉलिसी ग्रामीणों की सहमति से ही बनेगी। यह बात उन्होंने रविवार को यहां जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह केस लंबे समय से कोर्ट में था और अब सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद जमीन का अधिग्रहण कर लिया गया है। अब केवल इतना ही भेद रह गया है कि वर्ष 2010 में अधिग्रहण के समय रेट बहुत कम थे, जिस पर सरकार को भी लगता है कि किसानों को वर्तमान समय के हिसाब से और अधिक लाभ मिलना चाहिए। अवैध खनन संबंधी पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस संबंध में शिकायतें निरंतर मिल रही हैं जिस पर संबधित विभाग द्वारा तुरंत एक्शन लिया जा रहा है। पिछले दिनों मिली एक शिकायत के आधार पर उसी दिन रात को एक जगह 5 गाड़ियों (डंपर) व क्रेन्स को इम्पाउंड किया गया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोर्ट के आदेश के अनुसार खनन कार्यों पर प्रतिबंध है, इसलिए कहीं भी खनन नही होने दिया जाएगा। भाजपा नेत्री सोनाली फोगाट की मौत की जांच सीबीआई से कराने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह विषय गोआ सरकार का है। हरियाणा सरकार भी चाहती है कि इस केस की सीबीआई जांच हो। इसके लिए हरियाणा सरकार के गृह विभाग व मुख्यमंत्री ने स्वयं भी गोवा सरकार को पत्र लिखा है। गोआ पुलिस अभी इस पूरे मामले की जांच कर रही है, जिस पर उन्होंने कहा है कि एक बार हमारी जांच पूरी हो जाए, उसके बाद भी यदि सोनाली फौगाट का परिवार जांच से संतुष्ट नही होता है तो मामले की जांच सीबीआई को सौंपी जा सकती है। अध्यापकों के ऑनलाइन ट्रांसफर के संबंध में पूछे गए एक अन्य सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि अध्यापकों और विद्यार्थियों के अनुपात को सही करने के लिए रेशनलाइजेशन किया गया है। उन्होंने बताया कि न्यायालय का फैसला आया था कि पहले टीजीटी और पीजीटी के तबादले किए जाएं, उसके बाद गैस्ट टीचर्स के तबादले हों। अब टीजीटी और पीजीटी के तबादले हो चुके हैं और 8 हजार गेस्ट टीचर्स के भी तबादले आज शाम या कल तक हो जाएंगे, जिसके बाद विद्यालयों में अध्यापकों की कमी नही रहेगी।

# नौकरी दिलाने के नाम पर जीजा-साले से पांच लाख रुपये ठगे

## मुख्यमंत्री के आदेश पर तीन के खिलाफ नामजद केस दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**प्रदेश** मुख्यमंत्री के आदेश पर सदर थाना पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ नौकरी दिलाने के नाम पर पांच लाख रुपये ठगी करने का मामला दर्ज किया है। सोहना व होडल निवासी ने आरोपियों के खिलाफ संयुक्त रूप से रविवार को ग्रीवेंश मीटिंग में शिकायत दर्ज दी गई थी।

सोहना के वार्ड 18 निवासी अनिल सैनी ने दी शिकायत में मुख्यमंत्री मनोहर लाल को बताया कि वह और उसका साला गौरव निवासी आदर्श नगर होडल जिला पलवल मंडी सोहना में टिक्की कचौड़ी की रेहड़ी लगाते हैं। वे दमदमा निवासी रघुराज को पिछले कई साल से जानते हैं। 2018 में वे दोनों रघुराज के घर काम करने गए थे। तब रघुराज ने उन्हें बताया कि दोनों को डी ग्रुप में नौकरी लगवा दूंगा। उसकी पीएमओ हाउस में बहुत जान पहचान है। दोनों के 10 लाख रुपये लगेंगे। 25 अप्रैल 2018 को रघुराज के घर पर डेढ़ लाख रुपये देने को गए थे। रघुराज उन्हे अपनी गाड़ी में दिल्ली लेकर गया। जहां उनकी मुलाकात आकिब व पन्नालाल से कराई। तीनों आरोपी उन्हें पीएमओ हाउस लेकर गए। कुछ समय उन्हें बाहर खड़ा करके अंदर चले गए। जब वापस आए तो उन्हें नौकरी लग जाने का पूरा आश्वासन दिया। उसके बाद रघुराज ने उसके बाद 29 मई 2018 को आकिब को लेकर सोहना उसकी रेहड़ी पर पहुंचा। उनसे डेढ़ लाख रुपये ले लिए। 7 दिन बाद रघुराज ने उसे फोन करके कहा कि उसका छोटा भाई सोहना आ रहा है। उसे दो लाख रुपये दे देना। वरना आपको नौकरी नहीं लगेगी। नौकरी के लालच में उन दोनों ने मिलकर दो लाख रुपये भी दे दिए।

### पूर्व की शिकायत में नहीं हुई कोई कार्रवाई

**अनिल** ने बताया कि 2018 में उसने रघुराज और दो अन्य नामजद के खिलाफ सीएम विन्डो लगाई थी। जिसकी जांच सदर थाना सोहना में आई थी। जांच अधिकारी एसआई सतेन्द्र सिंह ने आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई नहीं की। उल्टा उसे ही डरा धमका कर तथा दिए गए पैसे वापस दिलाने का झांसा देकर सीएम विन्डो शिकायत पर हस्ताक्षर करा लिए। उसे न तो आज तक आरोपियों से दी गई रकम मिली और न ही आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने का न्याय मिला।

# जेल में भाई से मिलने गए युवक को लाठी-डंडों से पीटा

**सोहना।** भोंडसी जिला जेल में बंद भाई से मिलने गया युवकों को 5 लड़कों ने डंडे और लोहे की रॉड से हमला करके पीटा। भोंडसी थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर नामजद सभी आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। गुरुग्राम की फिरोजगांधी कॉलोनी निवासी अरुण ने पुलिस को बताया कि उसका बड़ा जेल में कैद है। शुक्रवार को वह अपने दोस्त कार्तिक के साथ भोंडसी जेल में भाई से मुलाकात करने गया था। आरोप है कि पन्नी उर्फ बंडल, राहुल उर्फ मुन्ने प्रेम और खोला ने कार में रखे डंडे और लोहे की रॉड से उसे पीटना शुरू कर दिया।

# दुकान से हजारों का सामान चोरी, पुलिस जांच में जुटी

**सोहना।** खंड के गांव खेड़ली लाला में दुकान की दीवार तोड़कर हजारों रुपये का कीमती सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने दुकान मालिक की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। खेड़ली लाला निवासी विजयराम ने निमौठ चौकी पुलिस को बताया कि उसने गांव के बस स्टैंड पर तम्बाकू व हुक्का बेचने की दुकान खोल रखी है। शुक्रवार की रात वह दुकान का शटर बंद करके और ताले लगाकर गया था। शनिवार की सुबह उसने दुकान को खोला। उसे दुकान के पीछे वाली दीवार की एक तरफ से उजाला नजर आया। दुकान में इंवेटर हुक्का और एक-एक पंखा-कूलर भी गायब थे।

# नगर परिषद के सभी 21 वार्डों में हो रही फॉगिंग

## नगर परिषद और स्वास्थ्य का डेंगू के खिलाफ संयुक्त अभियान शुरू

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**स्वास्थ्य** विभाग और नगर परिषद प्रशासन ने संयुक्त रुप से शहर में डेंगू की रोकथाम के लिए अभियान कवायद शुरू कर दी है। नगर परिषद की तरफ से सभी 21 वार्ड में फॉगिंग कराई जा रही है। वहीं स्वास्थ्य विभाग कर्मचारी घर-घर जाकर नागरिकों को केलर, गमला, छत पर रखे खाली बर्तनों में पानी जमा न होने देने की जानकारी दे रहे हैं।

स्थानीय नागरिक अस्पताल में हर रोज डेंगू ग्रस्त 2 से 3 रोगी आने लगे हैं। डेंगू पनपने के साथ ही स्वास्थ्य विभाग ने शहरी क्षेत्र में इसकी तुरन्त रोकथाम के लिए कदम उठा दिए हैं। नागरिक अस्पताल के एसएमओ डा. नवल किशोर ने नगर परिषद अधिकारियों से तालमेल करते हुए डेंगू को शहर में न पनपने देने के उद्देश्य से मिलकर अभियान चलाने का फैसला लेते हुए कवायद शुरू कर दी है। दोनों ही विभाग की तरफ से टीम तैयार करके फ ॉगिंग और नागरिकों को डेंगू से बचाव के लिए जागरुक करना शुरू कर दिया है।



सोहना में नगर परिषद की तरफ से शहर में कराई जा रही फॉगिंग।

**शहर के चार वार्डों में हुई फॉगिंग :** नगर परिषद की तरफ से अभी से फ ॉगिंग की शुरुआत करते हुए पहले चरण वार्ड 5ए 11ए 12 और 13 में हो चुकी है। सोमवार से चार नये वार्डों को चिन्हित करके शुरुआत की जाएगी। अब तक जिन वार्डों में फ ॉगिंग कराई गई है। वार्ड-5 को छोड़कर सभी शहर का बाहरी क्षेत्र है। जहां पर खुले में पानी का जमा होना और जलभराव वाले क्षेत्र हैं।

> “दीपावली के बाद डेंगू रोग का प्रभाव समाप्त हो जाता है। शहरी क्षेत्र में दो से तीन मामले ही 24 घंटा में आ रहे हैं। नगर परिषद के साथ चलाए डेंगू के खिलाफ अभियान के अच्छे परिणाम निकलेगा।
>
> **डा. नवल किशोर**
> **एसएमओ**

**जागरूकता अभियान किया शुरू :** नागरिक अस्पताल की तरफ से शहरी क्षेत्र में 15 आशा वर्कर्स समेत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर नागरिकों को अपने आस-पास जमा पानी में काला तेल डालने, कूलर, मटका, टायर और अन्य अनुपयोगी बर्तनों में पानी जमा न होने देने की जानकारी दी जा रही है। विभाग की टीम ने तीन दिन में 500 घरों में जाकर जागरुक करने का दावा किया है।

# रिटायर्ड कर्मचारियों की मांगों के समाधान का प्रयास करूंगा : नवीन गोयल

## रिटायर्ड कर्मचारियों के साथ बैठक में नवीन गोयल को दिया गया मांग पत्र

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



**रिटायर्ड** कर्मचारी संघ हरियाणा की गुरुग्राम इकाई के साथ रविवार को पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने बैठक की। उन्हें सरकार की नीतियों के बारे में जागरुक करने के साथ उनकी समस्याएं भी नवीन गोयल ने सुनीं। साथ ही उन्हें आश्वासन दिया कि वे उनकी मांगों को पूरा करवाने के प्रयास करेंगे।

कर्मचारी संघ के सदस्यों ने नवीन गोयल को बताया कि रिटायर्ड कर्मचारियों की 65, 70 और 75 वर्ष की आयु पर 5, 10 और 15 प्रतिशत बेसिक पेंशन में बढ़ोतरी के लिए 25 अगस्त 2014 को कैबिनेट की बैठक में निर्णय लिया गया था कि इसे एक नवम्बर 2014 से लागू कर दिया जाएगा। उसके बाद एक जनवरी 2018 को इस मांग को लेकर सरकार के साथ बैठक में उच्च अधिकार प्राप्त समिति को समीक्षा के लिए भेजा गया। आज तक इसे ना तो लागू किया गया है और ना ही इसकी समीक्षा हो पाई है। अन्य मांगों में रिटायर्ड कर्मचारियों ने कहा कि कैशलैस मेडिकल सुविधा व तीन हजार रुपये मासिक मेडिकल भत्ता दिया जाए। कम्युटेशन की कटौती 15 वर्ष की बजाय 10 वर्ष हो, क्योंकि बैंक ब्याज दर में काफी कमी हो चुकी है। फैमिली पेंशनर्ज को भी एलटीसी देने की मांग के साथ कहा कि पेंशनर्ज की मृत्यु के बाद अगर आश्रित बुढ़ापा सम्मान भत्ता ले रहा है तो इसकी रिकवरी ना की जाए। इसे बंद करके फैमिली पेंशन बनाई जाए। कर्मचारियों ने यह भी मांग दोहराई कि सभी बोर्ड, निगम, विश्वविद्यालयों, कारपोरेशन के रिटायर्ड कर्मचारियों को सरकारी पेंशनर्ज की तरह पेंशन की सुविधा व अन्य लाभ एक साथ लागू किए जाएं। जनवरी 2020 से जून 2021 तक का डीए का ऐरियर जारी किया जाए। प्राइवेट एडिड स्कूलों व अन्य संस्थाओं के पेंशनर्ज को भी सरकारी पेंशनर्ज के समान सभी सुविधाएं दी जाएं। हरियाणा में चलने वाली सभी बसों में 60 साल से ऊपर के वरिष्ठ नागरिकों से आधा किराया लिया जाए। पुरानी पेंशन बहाल की जाए और नेशनल पेंशन स्कीम वापस ली जाए।

रिटायर्ड कर्मचारियों की सभी मांगों को गौर से सुनने के बाद नवीन गोयल ने कहा कि उनके मांग पत्र को बिना देरी के प्रदेश सरकार तक पहुंचा दिया जाएगा। साथ ही वे सरकार से आग्रह करेंगे कि नियमानुसार इन मांगों को पूरा किया जाए, ताकि रिटायर्ड कर्मचारी सरकार की सुविधाओं से लाभान्वित हो सकें। श्रीगोयल ने कहा कि प्रदेश और केंद्र सरकार कर्मचारियों के हितों की रक्षा करके उन्हें लाभ पहले से पहुंचा रही है। जो भी विषय सरकार के संज्ञान में लाए जाते हैं, सरकार उन पर भी निर्णय लेती है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने विशेष तौर पर सेवानिवृत कर्मचारी प्रकोष्ठ भी बना रखा है। उससे काफी पूर्व कर्मचारी जुड़कर सेवा कार्यों में लगे हैं।

इस अवसर पर जिला प्रशासन बलजीत सिंह, रामेश्वर दयाल, धर्मपाल यादव, कृपाल सिंह, बिक्रम यादव, देशराज यादव, रणधीर सिंह, मदल लाल, मलखान सिंह, चमन लाल त्यागी, सूबे सिंह, मोतीराम, जीत सिंह, महाबीर सिंह, धर्मबीर, धन सिंह, आजाद सिंह, दुली चंद सैनी, धर्मपाल, हरिचंद, महेंद्र सिंह, राजबीर सिंह और जय सिंह, तेजराम समेत अनेक रिटायर्ड कर्मचारी मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा : शारदा अस्पताल ने जागरुकता शिविर आयोजित किया

## शिविर में सफलतापूर्वक 126 नेत्रदान प्रतिज्ञाएं प्राप्त की गईं

## छात्रों ने नेत्रदान के महत्व पर संदेश फैलाने को नुक्कड़ नाटक और पोस्टर बनाएं

पायनियर समाचार सेवा। ग्रेटर नोएडा



**शारदा** अस्पताल ने 25 अगस्त से 8 सितंबर, 2022 तक राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़े के दौरान एक नेत्रदान जागरुकता शिविर का आयोजन किया। शिविर का उद्देश्य नेत्रदान के महत्व के बारे में जन जागरुकता बढ़ाना और लोगों को मरणोपरांत नेत्रदान करने का संकल्प लेने के लिए प्रेरित करना था। अस्पताल की टीम और संलग्न शारदा मेडिकल कॉलेज के छात्रों ने नेत्रदान पर संदेश फैलाने के लिए नुक्कड़ नाटक और पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता आयोजित की। उपस्थित लोगों के साथ 150 परामर्श सत्रों के माध्यम से 126 नेत्रदान प्रतिज्ञाओं के साथ शिविर को सफलतापूर्वक पूरा किया गया।

नेत्रदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए नेत्र विज्ञान विभाग के प्रोफेसर और प्रमुख डॉ. जवाहर लाल गोयल ने कहा, भारत में 1 करोड़ 20 लाख नेत्रहीन लोग हैं। जो दुनिया की सुंदरता को देखने में असमर्थ हैं। इनमें से कई नेत्र रोगग्रस्त व्यक्तिदान की गई आंखों से कोरोनियल प्रत्यारोपण के माध्यम से अपनी दृष्टि पुनः प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए भारत में लगभग दो लाख नेत्रदान की वार्षिक आवश्यकता है, लेकिन अज्ञानता और अंतर्निहित अंधविश्वासों के कारण, लोग अपनी नेत्रदान से हिचकिचाते हैं और फलस्वरूप केवल 50,000 आंखें ही उपलब्ध हो पाती हैं। शिविर के आयोजन के उद्देश्य के बारे में शारदा अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आदेश के. गडपयले ने कहा, नेत्रदान शिविर का उद्देश्य व्यापक जन जागरूकता पैदा करना है, जिससे लोगों को नेत्रदान के महत्व को समझाया जा सके।

**शारदा अस्पताल के बारे में :**2006 में स्थापित, शारदा अस्पताल ग्रेटर नोएडा, एनसीआर में स्थित एक अत्याधुनिक मल्टी-सुपर-स्पेशियलिटी अस्पताल है। 9 एकड़ में फैले शारदा अस्पताल में 1200 से अधिक बिस्तर हैं और वैश्विक मानकों के अनुरूप व्यापक चिकित्सा देखभाल प्रदान करने के लिए सभी आधुनिक सुविधाओं और परिष्कृत उपकरणों से लैस है। एनएबीएच से मान्यता प्राप्त शारदा अस्पताल तृतीयक देखभाल, सुपर-स्पेशियलिटी, सामान्य विशिष्टताओं, उन्नत निदान और रेडियोलॉजी सेवाओं से लेकर महत्वपूर्ण देखभाल तक चिकित्सा सेवाओं का एक व्यापक स्पेक्ट्रम प्रदान करता है।

# जागरुकता के अभाव में एचआइवी से उजड़ रहे परिवार

कविता। फरीदाबाद

**आज** के इस आधुनिक युग में भी लोग अंधविश्वास में पड़ कर शादी से पहले लड़की और लड़के की जन्म कुंडलियों का मिलान करना किसी भी हालत में नहीं भूलते। जबकि राज्य सरकार और अन्य तमाम समाज सेवी संगठनों द्वारा अनेक कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को एचआईवी के प्रति जागरूक करने का प्रयास आए दिन किया जाता है।

इन संगठनों द्वारा एक ही बात कही जाती है कि कुंडलियों का मिलान करने से पहले लड़की और लड़के की एचआईवी जांच हर हाल में करवाएं, लेकिन पढ़ा लिखा वर्ग भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। जिससे इस जानलेवा बीमारी की चपेट में आने वाले लोगों की संख्या तो बढ़ ही रही है। साथ ही कई परिवार बसने से पहले ही उजड़ जाते हैं। बीते अगस्त माह के आंकड़ों में 26 एचआईवी पॉजिटिव मरीजों की पुष्टि की गई है। जिसमें दो दम्पति भी एचआइवी ग्रस्त पाए गए हैं। इसमें 802 पुरूषों की जांच में 22 पॉजिटिव आए। वहीं 569 महिलाओं की जांच में चार महिलाएं




पॉजिटिव मिली। इसके अलावा 261 गर्भवतियों की जांच में एक भी पॉजिटिव सामने नहीं आई।

एनआईटी निवासी रानी का विवाह नहरपार में रहने वाले रमेश (स्थान व नाम दोनों बदला हुआ) के साथ तय हुआ था। शादी के बाद दूल्हन के लिवास में सजी धजी रानी अपनी आंखों में कई सपने लेकर ससुराल पहुंच गई। कुछ दिनों बाद अचानक उसका पति बीमार हो गया। काफी इलाज के बाद भी हालत सुधरने की बजाए बिगड़ती चली गई। जांच के बाद पता चला कि रमेश जानलेवा बीमारी एड्स का शिकार है। एहतियात के तौर रानी की भी एचआईवी जांच करवाई। जिससे पता चला कि वह इसकी चपेट में आ चुकी है। यदि रानी के परिवार वाले शादी से पहले उसके पति की एचआईवी की जांच करवा लेते तो उसे आज यह दिन नहीं देखना पड़ता। इसी तरह से बड़खल विधानसभा क्षेत्र निवासी एक अन्य दम्पति एचआईवी ग्रस्त पाया गया।


डॉ. शीला भगत।

**अधिकारी का कथन :** डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. शीला भगत ने बताया कि शहर के विभिन्न हिस्सों से बीते माह दो दम्पति एचआईवी/एड्स की चपेट में आए हैं।

सेंटर में तैनात कर्मियों ने दम्पतियों के परिजनों को जांच के लिए बुलाया। इसके साथ ही दम्पतियों को काउंसलिंग और दवा दी जा रही है। डॉ. शीला भगत का कहना है कि लोगों को एचआईवी की बीमारी के प्रति जागरूक होना चाहिए। ताकि वह खुद को और अपने परिवार के सदस्यों को सुखी रख सके।

# मॉल संचालकों की लापरवाही से लिफ्ट टूटी, एक घंटा फंसे रहे दो परिवार

### मदद के लिए मौके पर नहीं थे, मॉल के अधिकारी और कर्मचारी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**एनआइटी** स्थित पीयूष महेंद्र मॉल के संचालकों की लापरवाही से लिफ्ट टूट कर बेसमेंट नंबर दो और तीन के बीच फंस गई। उस दौरान लिफ्ट में दो परिवारों के पांच सदस्य मौजूद थे। जिनमें एक छोटी बच्ची भी शामिल थी। अंधेरे में डूबी लिफ्ट में करीब एक घंटे तक फंसे रहने के कारण बच्ची की हालत दशहत के कारण खराब हो गई।

लिफ्ट में फंसे लोगों ने सायरन बजाया, लेकिन उससे सुनने वाले मॉल के अधिकारी और कर्मचारी वहां मौजूद नहीं थे। ऐसे में परेशान लोगों ने मदद के लिए सगे संबंधियों को फोन किये। उनकी सूचना पर डायल 112 और एनएच तीन पुलिस चौकी की टीम ने मौके पर पहुंचकर मॉल के अधिकारी को बुलवा कर किसी तरह फंसे हुए लोगों को लिफ्ट बाहर निकाला। पीड़ित परिवार ने मॉल संचालकों पर लापरवाही का आरोप लगाया है।


एनआईटी स्थित पीयूष महिंद्रा माल में लिफ्ट में फंसा परिवार।


माल की वह लिफ्ट जिस में फंसा था परिवार।

सेक्टर-55 में रहने वाले उमेश सक्सेना ने बताया कि शनिवार को उनके बेटे का जन्मदिन था। जिसके कारण देर शाम को वह पत्नी भावना के साथ केक और खाने का सामान खरीदने एनआइटी स्थित पीयूष महेंद्र मॉल में गए थे। जब तक वे मॉल में पहुंचे काफी देर हो चुकी थी। करीब पौने दस बजे के आसपास वे मॉल के थर्ड फ्लोर में पहुंचे तो मिठाई की दुकान बंद हो रही थी। जिसके कारण वे मॉल में खरीदारी नहीं कर पाए। करीब रात दस बजे वे मॉल की लिफ्ट में सवार होकर बेसमेंट नंबर तीन की पार्किंग में आ रहे थे। लिफ्ट में उनके साथ एनएच एक निवासी मुकेश, उनकी पत्नी वंदना और बेटी अराध्या भी सवार थे। तभी अचानक लिफ्ट टूट कर बेसमेंट नंबर दो और तीन के बीच फंस गई। जिससे लिफ्ट में पूरी तरह अंधेरा छा गया। जिसके कारण बच्ची बुरी तरह रोने लगी। मदद पाने के लिए उन्होंने लिफ्ट में लगे सायरन का बटन दबाया। सायरन तो बजा लेकिन उसे सुनने वाला वहां पर कोई नहीं था। इस बीच दरवाजा खटखटाने पर बेसमेंट तीन की पार्किंग में मौजूद युवक ने उन्हें देख लिया। वह मदद के लिए आसपास मौजूद अन्य लोगों को बुला लाया। लेकिन मौके पर अधिकारी और तकनीकी स्टॉफ न होने से वे भी मदद नहीं कर पा रहे थे। उमेश बताया कि तभी उन्होंने पुलिस में कार्यरत अपने एक मित्र और अन्य दोस्तों को मदद के लिए फोन किये। दोस्तों की सूचना पर पुलिस की डायल 112 और एनएच तीन चौकी की टीम मौके पर पहुंची। उन्होंने मॉल के प्रबंधक और अन्य स्टाफ को बुला कर बचाव कार्य शुरू करवाया। करीब एक घंटे बाद उन्हें किसी तरह लिफ्ट से बाहर निकाला गया है। उमेश ने कहना है कि मॉल संचालकों की लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ है।

# पारिवारिक रंजिश में शोक व्यक्त करने गई महिलाओं से मारपीट

### दामाद की मौत पर बेटी के ससुराल गई थी महिलाएं

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


बदरौला गांव में महिलाओं पर हुए हमले की जानकारी देता पीड़ित परिवार।

**दामाद** की मृत्यु के बाद गांव अनंगपुर में रहने वाली कुछ महिलाएं अपनी बेटी के ससुराल गांव बदरौला गई थी। दोनों परिवारों के बीच पहले से ही काफी विवाद चल रहा था। ऐसे में बेटी के ससुराल की कुछ महिलाओं ने शोक व्यक्त करने आई महिलाओं पर लाठी डंडों से हमला कर दिया और उनकी वैन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। चालक महिलाओं को लेकर वहां से निकले में किसी तरह कामयाब हो गया। घायल महिलाओं को मेडिकल के लिए ले जाया गया है। समाचार लिखे जाने तक पीड़ित परिवार ने पुलिस को शिकायत नहीं दी है।



तिगांव थाने में खड़ी क्षतिग्रस्त कार।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गांव अनंगपुर निवासी दो बहनों का विवाह बदरौला गांव निवासी सुमित और अमित के साथ करीब 12 साल पहले हुआ था। पिछले करीब डेढ़ साल से दोनों बहनों का अपने ससुराल वालों से विवाद चल रहा था। बात बढ़ जाने पर करीब एक साल पहले दोनों बहने अपने मायके आकर रहने लगी थी। इस दौरान पिछले कुछ समय से बड़ी बहन के पति सुमित की तबीयत काफी खराब चल रही थी। पता चलने पर करीब 15 दिन पहले दोनों बहने अपने ससुराल आकर रहने लगी। इस दौरान दो दिन पहले बीमारी के कारण सुमित की मौत हो गई। अनंगपुर गांव की कुछ अन्य लड़कियों का विवाह भी बदरौला में हुआ है। इसलिए हिंट दी थी कि वे शोक प्रकट न आएं झगड़ा हो सकता है। लेकिन रीति रिवाज को ध्यान में रखते हुए रविवार को परिवार की छह महिलाएं और तीन पुरूष शोक जताने बदरौला गांव बेटियों के ससुराल पहुंचे थे। हरियाणा पुलिस में कार्यरत दोनों बहनों के ससुर ने झगड़े की आशंक के कारण उन्हें चले जाने को कहा।

# बच्ची के हत्यारों की गिरफ्तारी को लेकर मंत्री से मिले

**फरीदाबाद।** एक माह बाद भी दुष्कर्म के बाद बच्ची की हत्या करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से दुखी परिजन और शहर के करीब 15 सामाजिक संगठनों के सदस्य व गणमान्य लोग हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा से मिले। जहां उनहोंने आरोपियों की गिरफ्तारी समेत पांच मुख्य मांगे रखी है। जिस पर मंत्री ने उन्हें आश्वासन दिया है, कि उनकी मांगों को पूरा किया जाएगा।

जानकारी के मुताबिक आजाद नगर कालोनी में गत 11 अगस्त 2022 की शाम को एक बच्ची से दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या कर दी गई और शव को रेल की पट्टरियों के निकट डाल कर बलात्कारी हत्यारे फरार हो गए। रविवार को पूरे एक माह बाद भी पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की है। बलात्कारी हत्यारों के न पकड़े जाने के विरोध में शहर के 15 संगठनों, सामाजिक व गणमान्य और 20 से


बच्ची की दुष्कर्म के बाद हत्या करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर मंत्री से मिलते लोग।

अधिक प्रतिनिधियों ने हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा से मुलाकात की और उन्हें ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने पांच मांग की है। कहा कि घटना की जांच सीबीआई से करवाई जाए। पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाए। अवैध नशे के कारोबार पर रोक लगाई जाए। बस्ती में सार्वजनिक शौचालय बनाए जाए। वहीं महिलाओं को सामाजिक सुरक्षा प्रदान की जाए। इस पर मंत्री मूलचंद शर्मा ने उन्हें उचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

# हरिद्वार में मनाई पूर्व मंत्री स्व. पंडित शिव चरण लाल शर्मा की चौथी पुण्यतिथि

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हरियाणा** के पूर्व मंत्री स्व. शिवचरण लाल शर्मा की मधुर स्मृति में उनकी चौथी पुण्यतिथि रविवार 11 सितम्बर को टीम पंडित के द्वारा श्री प्रेम नगर आश्रम, ज्वालापुर रोड़, हरिद्वार में मनाई गई। सुबह उनके निवास स्थान जवाहर कालोनी से बसों एवं निजी कारों से एनआईटी विधानसभा के हजारों लोग हरिद्वार के लिए रवाना हुए।

पंडित जी पुण्यतिथि पर नगर निगम की पूर्व पार्षद एवं मंत्री की पत्नी माया शर्मा ने बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पंड़ित की मधुर स्मृति में उनकी चौथी पुण्यतिथि पर प्रेम नगर आश्रम, ज्वालापुर रोड़, हरिद्वार में दोपहर 12 बजे भंडारे तथा दोपहर 3 बजे से 6 बजे तक सुंदरकाण्ड और सायं 6.00 बजे गंगा आरती का आयोजन किया गया। जिसमें टीम पंड़ित के समस्त कार्यकर्त्ताओं एवं एनआईटी विधानसभा क्षेत्र के हजारों लोगों ने भाग लिया। इस मौके पर सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि पंडित शिवचरण लाल शर्मा का परिवार हमारा परिवार है हमेशा इन्होंने हमें सुख दुख में जनता की भलाई के लिए काम किया है मेरे पिताजी भूपेंद्र सिंह हुड्डा से इस परिवार के परिवारिक संबंध है उनके कार्यकाल में एनआईटी विधानसभा क्षेत्र फरीदाबाद के मानचित्र पर नंबर वन बन था और हमारे आने वाली सरकार में भी एनआईटी विधानसभा क्षेत्र नंबर वन रहेगा। उल्लेखनीय है कि पंड़ित जी के नाम से जन-जन में पहचान बनाने वाले पंड़ित शिवचरण लाल शर्मा फरीदाबाद ही नहीं बल्कि हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश एवं पूर्वी राजस्थान के लोगों में लोकप्रिय नेता के तौर पर जाने जाते थे।


पुर्व मंत्री स्व. शिव लाल शर्मा की चौथी पुण्यतिथि के अवसर पर ज्वालापुर रोड स्थित प्रेम नगर आश्रम में आयोजित सुंदर कांड के पाठ में शिरकत करते राज्य सभा सांसद दीपेन्द्र हुड्डा को पटका पहनाते एनआईटी के विधायक नीरज शर्मा।

उन्होंने 2009 में एनआईटी विधानसभा क्षेत्र से आजाद प्रत्याशी के तौर पर चुनाव जीता था तथा तत्कालीन मुख्यमंत्री चौ. भूपेन्द्र सिंह हुडडा के नेतृत्व वाली सरकार में प्रदेश के श्रम एवं रोजगार मंत्री रहे। उनका 2018 में निधन हो गया, किन्तु उनकी राजनैतिक विरासत को उनके पुत्र नीरज शर्मा एनआईटी विधानसभा क्षेत्र से विधायक बनकर संभाले हुए है।

# मोदी-मनोहर सरकार में हो रहा चहुंमुखी विकास

**फरीदाबाद।** केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत पूरे विश्व में मजबूत शक्ति के रूप में उभर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के आने से पहले देश में एक सप्ताह की युद्ध की सामग्री नहीं थी, जबकि आज भारतीय नौसेना में शक्तिशाली समुद्री जहाज आईएनएस विक्रांत शामिल हो रहे है और देश में युद्ध सामग्री का इतना भंडारण है कि महीनों तक युद्ध किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि पहले भारत दूसरे देशों से हथियार आयात करता था, जबकि पिछले आठ सालों में सेना का अधिकतर सामान भारत में ही बनने लगा है और यह सब प्रधानमंत्री श्री मोदी के कुशल नेतृत्व में साकार हो पाया है। गुर्जर रविवार को सेक्टर-16ए स्थित होटल मैगपाई में युवा नेता प्रवीण चंदीला द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह में बतौर मुख्यातिथि उपस्थितजनों को संबोधित कर रहे थे।

# सेक्टर-7डी आरडब्ल्यूए ने किया सम्मान समारोह का आयोजन

### लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ से की समस्याओं के समाधान की अपील

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सेक्टर-7डी** आरब्ल्यूए द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया और इस मौके पर स्थानीय निवासियों ने लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ के समक्ष अपनी समस्याएं रखीं और उनके समाधान करवाने की अपील की।

इस मौके पर आरडब्ल्यूए के प्रधान आरएस मावी, भाजपा लीगल सैल के को कन्वीनर व वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रकाशवीर नागर, पवन चांदना महासचिव, बीके अग्रवाल अतिरिक्त सचिव, विजय सचदेवा कोषाध्यक्ष, सीपी गुप्ता, राकेश मल्होत्रा ऑडीटर, जीआर शर्मा, वाईएल चांदना, बलदेव राज, केपी सिंह, वेद खत्री, विजय शर्मा, एमएस सोलंकी, केएल डुडेजा, आईसी जैन, राजेश जैन, विक्रम जैन ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार सुशील


सेक्टर-7डी आरडब्ल्यूए द्वारा आयोजित सम्मान समारोह के दौरान उपस्थित आरडब्ल्यूए के सदस्य व अन्य गणमान्यजन।

भाटिया, महावीर गोयल, महिला पत्रकार एसोसिएशन की अध्यक्ष पूजा शर्मा सहित संस्था की महिला टीम व अन्य पत्रकारों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधान आरएस मावी व वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रकाशवीर नागर ने कहा कि सेक्टर-7डी के निवासी कई समस्याओं से जूझ रहे हैं जिसमें आवारा कुत्तों के आतंक से लोग परेशान हैं। वहीं खारे पानी व सीवरेज की समस्या से लोगों को जूझना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि उनके ब्लॉक में खुले नाले के कारण आए दिन कोई न कोई पशु चोटिल होता रहता है तथा स्थानीय लोगों को नारकीय जीवन जीने पर विवश होना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ उनकी समस्याओं की आवाज शासन-प्रशासन तक पहुंचाएगा और उनकी समस्याओ का निदान होगा। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार सुशील भाटिया व महावीर गोयल द्वारा पत्रकारिता में आने वाली चुनौतियों के संदर्भ में युवा पत्रकारों को जानकारी दी। वहीं महिला पत्रकार एसोसिएशन की प्रधान पूजा शर्मा ने कहा कि उनकी संस्था की पूरी टीम जनहित की आवाज को उठाने के लिए पूरी तरह से प्रयासरत होगी। इस मौके पर विनोद वैष्णव, राकेश सुखारिया, प्रवीण, सुशांत, दीपक के अलावा कविता, ज्योति, दीपा मिश्रा, आरती राव, आरती, ऊषा शर्मा, वंदना तुली, मीनू मिश्रा, गौरी, पूजा भारद्वाज, शालू, हेमलता, निभा, पूजा राठौर आदि मौजूद रहे।

# भीम सेवा संघ ने आरडब्ल्यूए दौलताबाद को किया सम्मानित

**फरीदाबाद।** ओल्ड फरीदाबाद के गांव दौलताबाद की रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन को भीम सेवा संघ हेल्पिंग हैंड चैरिटेबल ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार गौतम द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आरडब्ल्यूए दौलताबाद पश्चिमी विंग के संस्थापक हरकेश जोहर, प्रधान प्रभु दयाल और उप प्रधान मान सिंह को पगड़ी बांधकर सम्मानित किया गया।

आरडब्ल्यूए प्रधान प्रभु दयाल ने बताया कि हमारे गांव दौलताबाद में बहुत सी मूलभूत समस्याएं जैसे पीने के पानी की समस्या, गलियों में लाइट की समस्याए टूटे-फूटे रोड की समस्याएं तथा सीवर की समस्या आदि से गांववासी जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे आरडब्ल्यूए संस्था के माध्यम से जनप्रतिनिधियों एवं नगर निगम के अधिकारियों को अपने गांव की समस्याओं से अवगत कराएंगे तथा इन समस्याओं का समाधान भी करवाएंगे। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक हरकेश जौहर ने कहा कि वे गांव के गरीब और असहाय बच्चों को शिक्षा में पूरी मदद करेंगे।

# देश को बांटने का काम कर रही भाजपा : किरण चौधरी


कांग्रेस द्वारा नगर निगम सभागार से आयोजित पदयात्रा में भाग लेती पू र्व मंत्री किरण चौधरी और अन्य नेता।

**फरीदाबाद।** हरियाणा की पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक किरण चौधरी ने कहा है कि कांग्रेस एक विचारधारा है, जो सभी को साथ लेकर आगे बढ़ती है, लेकिन आज पार्टी में कुछ कार्यकर्ता अपने आपको उपेक्षित महसूस कर रहे है, यहां तक कि संगठन के अंदर भी उनकी आवाज नहीं उठ रही, ऐसे कार्यकर्ताओं की आवाज बनकर वह उसे फिर उन्हें सक्रिय करके पार्टी से जोड़ने के लिए ही सड़कों पर उतरी है।

उन्होंने कहा कि 'कार्यकर्ता आपके द्वार' कार्यक्रम का उद्देश्य ऐसे कर्मठ व मेहनती कार्यकर्ताओं को फिर से कांग्रेस के साथ जोडकर मेहनत व ईमानदारी से आगे बढना है और जमीनी स्तर पर कांग्रेस को मजबूत करना है। किरण चौधरी रविवार को नीलम-बाटा रोड स्थित होटल महालक्ष्मी में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रही थी। इस अवसर पर उनके साथ मुख्य रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी नेता ललित भड़ाना, पूर्व मेयर अत्तर सिंह, अनीशपाल, राजेश आर्य, गौरव चौधरी मुख्य रूप से मौजूद थे। किरण चौधरी ने कहा कार्यकर्ता उनके लिए सर्वोपरि है, उनके कार्यकर्ताओं के पास संसाधन बेशक न हो, लेकिन मेहनत की कोई कमी नहीं है और इसी मेहनत के बल पर वह पूरे हरियाणा में घर-घर घूमकर कांग्रेस पार्टी को मजबूत करेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### जैनाचार्य मणिधारी दादा गुरुदेव की बड़ी पूजा आयोजित



**फरीदाबाद।** श्रीआत्मवल्लभ जैन उपाश्रय सेक्टर 16 में रविवार को खरतगछीय जैनाचार्य मणिधारी दादा गुरुदेव जिनचंद्र सूरि जी महाराज के 882वें जन्मोत्सव निमित्त बड़ी पूजा का आयोजन किया गया। इस मौके पर फरीदाबाद सहित दिल्ली, गाजियाबाद, हापुड़ सहित आसपास के शहरों के सैकड़ों श्रृद्धालु मौजूद थे। इस मौके सुप्रसिद्ध भजन गायक लवेश बुरड़ व उनके छोटे भाई हिमांशु बुरड़ ने गुरुदेव की भजनों के माध्यम से गुरुदेव की बड़ी पूजा बेहद श्रद्धा के साथ कराई। इस दौरान भजन गायक लवेश बुरड़ ने गुरुदेव के भजनों की शानदार प्रस्तुति कर सभी श्रद्धालुओं को नृत्य करने के लिए मजबूर कर दिया। इस मौके पर जैन साध्वी प्रीति सुधा ने कहा आचार्यमय जीवन जीने वाला इंसान कभी पाप नहीं करता। उन्होंने कहा कि गुरुदेव के 36 गुण में से यदि इंसान साल में 36 दिन कुछ त्याग या नियम ले तो उसका जीवन सफल शांतिमय और सुख में हो जाता है। इस मौके पर श्री आत्मानंद जैन सभा के अध्यक्ष राजकुमार ओसवाल, उपाध्यक्ष राहुल जैन, महासचिव सुशील जैन कोषाध्यक्ष राजेंद्र जैन, एल.सी मेहता,पूनम चंद जैन,विनित जैन, रोहित जैन, पकंज जैन, प्रमोद जैन, विवेक जैन, विकास जैन, सुशील छोजड़, संजय जैन सहित समाज के सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद थे।

### विकास के क्षेत्र में मिलेगी शहर को नई पहचान : गुर्जर



**बल्लबगढ़।** भारत सरकार के भारी उद्योग एवं उर्जा विभाग के केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा भारत की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया में धाक जम रही है। वहीं हरियाणा के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि बल्लबगढ विधान सभा क्षेत्र में चहुमुखी विकास कार्यों के साथ साथ 2024 के बाद विधान सभा क्षेत्र को हाइटेक बनाने का प्रयास कर रहा हूं। भारत सरकार के भारी उद्योग एवं उर्जा विभाग के केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने और हरियाणा सरकार के परिवहन, खनन एवं कौशल विकास विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद स्थानीय आदर्श नगर की सैणी धर्मशाला में बुद्धा सैणी द्वारा आयोजित जन आशीर्वाद समारोह को संबोधित कर रहे थे। केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि सरकार आजादी के अमृत महोत्सव के श्रंखला में विकास कार्यों का बेहतर क्रियान्वयन किया जा रहा है। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश की 135 करोड़ की आबादी के मद्देनजर देश में नए आयाम स्थापित कर रहे हैं। जम्मू और कश्मीर में आतंकवाद को खत्म करके धारा-370 हटाने और राम मन्दिर निर्माण करने सहित भारत माला योजना के तहत तीर्थ स्थलो को राष्ट्रीय राजमार्गो से जोड़ने का काम कर रहे हैं। दिल्ली के इण्डिया गेट के आस-पास देश भक्तों की प्रतिमाएं लगाई जा रही है। उन्होंने कहा कि देश में 65 प्रतिशत युवाओं की आबादी है। सरकार युवाओं के रोजगार के लिए बेहतर नीतियां बनाकर उन्हें क्रियान्वित करने का प्रयास कर रही है। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि बल्लबगढ़ में चहुमुखी विकास कार्य करवाने का प्रयास कर रहा हूँ और 2024 के बाद बल्लबगढ विधान सभा क्षेत्र को हरियाणा का सबसे हाई टैक विधान सभा क्षेत्र बनाने का प्रयास कर रहा हूँ। बल्लबगढ का हर घर, हर दुकान, हर प्रतिष्ठान को आन लाइन करके हाइटेक शहर बनाने का प्रयास कर रहा हूं। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा पिछले आठ वर्षों के विकास कार्य 2014 से विकास कार्यों की तुलना में कई गुना अधिक है। बल्लभगढ़ के विकास में कोई कमी नही आने देगे। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा की वे प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल से बल्लबगढ़ के विकास के लिए और भी ग्रांट लेकर आएंगे। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा पूर्व की सरकारों में बल्लभढ़ की इस इलाके की हालत किसी से छुपी नहीं है। उन्होंने कहा की इस इलाके बिजली के खंबे,सीवर, एलईडी दूधिया रोशनी की लाइटिंग सहित पानी, आरएमसी रोड़ और सड़कें सहित लोगों की मूलभूत जरूरतों के चहुमुखी विकास कार्य करवाने का काम किया है।

### पूर्व ठेकेदार के घर से शराब का जखीरा बरामद



**फरीदाबाद।** डीसीपी एनआईटी नरेंद्र कादियान के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए एनआईटी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुनीता की टीम ने अवैध शराब के मुकदमे में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में कर्मबीर तथा मुकेश का नाम शामिल है। आरोपी कर्मबीर फतेहपुर चंदेला तथा आरोपी मुकेश एसजीएम नगर का निवासी है। कल शाम पुलिस टीम को गुप्त सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई थी कि आरोपी कर्मबीर के घर में शराब की खेप है। सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस ने वारंट हासिल करके आरोपी के घर की तलाशी ली जहां से पुलिस को बड़ी मात्रा में अंग्रेजी शराब तथा बीयर बरामद हुई। आरोपियों के कब्जे से अंग्रेजी शराब की 30 पेटी, 10 पेटी बियर तथा बीयर के 40 कैन बरामद किए गए। बरामद की गई अंग्रेजी शराब में 14 पेटी रॉयल स्टैग, 1 पेटी जेएंडबी, 1 पेटी ब्लेंडर प्राइड, 1 पेटी एंटीक्विटी, 1 पेटी हाकस्टोन, 1 पेटी ब्लैक डॉग,39 बोतल रॉयल चैलेंज, 20 बोतल रॉकफोर्ड, 11 बोतल मैजिक मोमेंट, 9 बोतल सिग्नेचर,9 बोतल आल सीजन,7 बोतल सिग्नेचर, 16 बोतल हंड्रेड पाइपर, 6 बोतल गोल्फर शॉट, 5 बोतल स्टर्लिंग रिजर्व,8 बोतल ओल्ड मोंक की शामिल थी। आरोपियों को काबू करके थाने लाया गया। जहां उनके खिलाफ एक्साइज एक्ट की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके पूछताछ की गई। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी कर्मबीर के पास वर्ष 2020 से पार्टनरशिप में दो ठेके थे। जून 2022 में ठेका खत्म होने के पश्चात अपने पार्टनर के साथ हिसाब करके आरोपी ठेके में बची हुई शराब को अपने घर ले आया। आरोपी मुकेश ठेके पर सहायक था जो ठेके पर चाय पानी देता था। काम ना होने की वजह से आरोपी कर्मबीर आरोपी मुकेश को अपने साथ ले आया और कमीशन पर अपने पास रख लिया जहां आरोपी मुकेश कर्मबीर द्वारा लाई गई शराब को एक एक दो दो बोतल करके ग्राहक के पास पहुंचा था। पुलिस पूछताछ पूरी होने के पश्चात आरोपियों को अदालत में पेश करके जेल भेज दिया गया है।

### लालच में आकर दोस्त की कार चोरी करने वाला गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 56 प्रभारी राकेश कुमार की टीम ने चोरी के मुकदमे में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम धर्मेंद्र है, जो बल्लभगढ़ के सेक्टर 3 का रहने वाला है। 11 जुलाई को पुलिस थाना सेक्टर 8 में चोरी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें शिकायतकर्ता यूनुस ने बताया कि वह सेक्टर 3 बल्लभगढ़ का रहने वाला है और सब्जी बेचने का काम करता है। गत 8 जुलाई की रात 11 बजे उसने अपनी वैगनआर गाड़ी मस्जिद के सामने खड़ी की थी और जब सुबह देखी तो गाड़ी चोरी हो चुकी थी। पीड़ित की शिकायत के आधार पर चोरी का मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू की गई। क्राइम ब्रांच की टीम ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए शिकायतकर्ता के दोस्त आरोपी धर्मेंद्र को गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर चोरी के गाड़ी सहित काबू कर लिया। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी चाऊमीन की रेहड़ी लगाता है जिसने लालच में आकर अपने ही दोस्त की गाड़ी की दूसरी चाबी चोरी की।

# अलविदा एलिजाबेथ

## बनी रहीं लोकप्रिय

**किसी** उल्लेखनीय व्यक्ति की मृत्यु पर आमतौर से 'एक युग की समाप्ति' का शीर्षक बनता है। लेकिन रानी एलिजाबेथ द्वितीय के मामले में यह अनेक युगों का अंत था। गुरुवार को 96 वर्ष की आयु में दुनिया को अलविदा कहने वाली रानी एलिजाबेथ द्वितीय 70 साल तक साम्राज्ञी के पद पर सुशोभित रहीं। इस प्रकार वे ब्रिटिश इतिहास में सबसे लंबे तक तथा विश्व स्थान पर दूसरे सबसे लंबे समय तक शासन करने वाली बन गईं। उनके राज्यकाल में 15 प्रधानमंत्री आए जिनमें विंस्टन चर्चिल से लेकर मार्गेट थैचर और अब लिज ट्रस तक शामिल रहे। द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद वे गद्दी की वारिस बन गईं तथा 1952 में साम्राज्ञी बन गईं। उस समय चर्चिल प्रधानमंत्री थे। वह अलग दुनिया थी जो अब इतिहास व लोककथाओं का हिस्सा बन चुकी है। उस समय ब्रिटिश साम्राज्य सिकुड़ रहा था, राजतंत्र की अवधारणा पर ही सवाल खड़े हो रहे थे। ये सवाल उनके अपने ही देश में उन लोगों की ओर से आ रहे थे जिन्होंने न्याय व समता के सिद्धान्त स्वीकार किए थे। अपने शुरुआती दिनों में ब्रिटिश प्रधानमंत्री लिज ट्रस ने भी रिपब्लिकनवाद का पक्ष लिया था। ऐसे समय राजसिंहासन पर आना कठिन था जिसे साल और दशक गुजरने पर बाद की घटनाओं ने और कठिन बना दिया। इनमें से अनेक घटनाओं का जन्म स्वयं शाही परिवार में हुआ था। लेकिन एलिजाबेथ द्वितीय ने कभी अपनी व्यक्तिगत या पारिवारिक समस्याओं तथा राष्ट्रीय व राजनीतिक विवादों से साम्राज्ञी की गरिमा प्रभावित नहीं होने दी। वे कभी नहीं भूलीं कि उनको नियुक्त नहीं नामांकित किया गया है तथा वे शासन करने के बजाय जनता के दिल पर शासन के लिए बनी हैं। इस प्रकार के पृथक्करण पर कठोरता से अमल करने के कारण ही वे



ब्रिटेन में 'शाही' संस्थान का आभामंडल व गुरुत्व बनाए रख सकीं।

ऐसे में कोई आश्चर्य नहीं कि उनके सार्वजनिक बयान बुद्धिमत्ता से भरे होते थे और वे कभी राजनीतिक बयान नहीं होते थे। 2019 में अपने क्रिसमस प्रसारण में उन्होंने कहा था, 'यह याद रखना उचित है कि अक्सर बड़े कदमों के बजाय छोटे कदम ज्यादा स्थाई परिवर्तन लाते हैं।' 1991 के अपने क्रिसमस प्रसारण में उन्होंने कहा था, 'हमें स्वयं को गंभीरता से लेना चाहिए। हम में से किसी का विद्वता पर एकाधिकार नहीं है।' उनकी विद्वतापूर्ण टिप्पणियों ने कभी शाही परिवार या ब्रिटिश सरकार के लिए कोई अपमानजनक स्थिति नहीं पैदा की। हमारी राजनीतिक व्यवस्था भी ब्रिटिश व्यवस्था पर आधारित है। इसलिए हमारे नेताओं, खासकर पदों पर बैठे नेताओं से निष्पक्ष होने की उम्मीद की जाती है। वे रानी एलिजाबेथ द्वितीय से अनेक सबक सीख सकते हैं। इनमें से पहला तथा सर्वाधिक महत्वपूर्ण अल्पभाषिता है। उनको समझना चाहिए कि मौन एवं सच बोलना आक्रामक टिप्पणियों से बेहतर है जिन पर लोगों का अनावश्यक रूप से ध्यान जाता है और वे अनावश्यक टिप्पणियों का कारण बनते हैं। ऐसी स्थिति न केवल उच्च पद पर बैठे व्यक्ति की छवि के लिए हानिकारक होती है, बल्कि पद की गरिमा को भी प्रभावित करती है। अतीत में ऐसे अनेक अवसर आए हैं कि जब कुछ भारतीय राष्ट्रपतियों का व्यवहार शासन में हस्तक्षेप तथा कार्यपालिका के क्षेत्र में दखलंदाजी की तरह देखा गया। उन्हें यह तथ्य अवश्य स्वीकार करना चाहिए कि बिना परंपराओं व पूर्व-उदाहरणों के लोकतंत्र जीवित नहीं रह सकता है। रानी एलिजाबेथ द्वितीय ने इस अवधारणा पर कठोरता से अमल किया। उम्मीद करनी चाहिए कि उनके बेटे और सिंहासन के वारिस प्रिंस चार्ल्स ये सबक याद रखेंगे तथा हमारे राजनेता भी एलिजाबेथ से कुछ सीखेंगे।

# समय के साथ चलें अदालतें

नागरिकों को सेवा की गारंटी न्यायपालिका को भी इस दायरे में ले आती है। लोग अनन्त काल तक न्याय की प्रतीक्षा नहीं कर सकते हैं।



**सुमित भसीन**
(लेखक लोक नीति शोध केंद्र के निदेशक हैं)



राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के पहाड़गंज क्षेत्र में रहने वाले एक व्यक्ति ने 1958 में एक सिविल वाद दायर किया था, लेकिन आखिरकार तीन पीढ़ियां बीतने के बाद उन्होंने 2018 में इसका समाधान अदालत के बाहर निकाला। छः दशकों तक दोनों परिवारों और उसके बाद उनके अनेक रिश्तेदारों ने राष्ट्रीय राजधानी में अनेक अदालतों के चक्कर इस उम्मीद से लगाए कि न्यायपालिका से उनको न्याय मिलेगा। कानूनी खर्च उठाने के लिए उन्होंने अपनी बचत खर्च कर डाली और उनको पैसा उधार भी लेना पड़ा। मामले में वादकारी भाइयों के परिवारी सदस्य एक दूसरे के घोषित शत्रु की तरह रहे। उन्होंने न केवल मुकदमेबाजी का खर्च उठाया, बल्कि अपने जीवन का बहुत लंबा समय भी इस पर खर्च किया। यदि ऐसा न होता तो उसी समय का उपयोग कर वे बिजनेस से अच्छा पैसा कमा सकते थे। यदि उनको पता होता कि आखिरकार उनको मामला अदालत के बाहर परस्पर सहमति से तय करना पड़ेगा तो उनके जीवन में इतनी कड़वाहट न पैदा होती। यह अपने आप में कोई अलग मामला नहीं है। देश में ऐसे लाखों मामले हैं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार देश की विभिन्न अदालतों में कम से कम 4.7 करोड़ मामले लंबित हैं। उनमें से चार करोड़ केवल जिला अदालतों में लंबित हैं। इनके कारण पैदा होने वाला वित्तीय तथा मानवीय बोझ असाधारण है। यदि यह अनुमान लगाया जाए कि हर मामले में दोनों पक्ष के 10 लोग उलझे रहते हैं तो इसका अर्थ यह होगा कि देश में लगभग 40 करोड़ लोग 'देर से न्याय' मिलने से पीड़ित हैं और इसे उचित ही 'न्याय देने से इनकार' कहा जा सकता है।

इसके साथ ही जब अदालतों में इतनी बड़ी संख्या में मामले लंबित रहते हैं तब कठोरतम कानून भी निरर्थक लगने लगते हैं। इसका कारण यह है कि कानूनों का प्रतिरोधात्मक मूल्य निष्प्रभावी हो जाता है। भारत 'आजादी का अमृत काल' मना रहा है। संसद जनता की महत्वाकांक्षाओं को देख कर कानून बनाती है, लेकिन वे शीघ्र न्याय की अनुपस्थिति में बेकार हो जाते हैं। विडंबना है कि एक्टिविस्ट तीस्ता सीतलवाड़ को अंतरिम जमानत के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा जबकि उनकी याचिका गुजरात उच्च न्यायालय में लंबित थी। उनके पास संसाधनों की कमी नहीं है, वे महंगे वकीलों की सेवायें प्राप्त कर सकती हैं और इसी कारण अंतरिम जमानत पाकर आजाद हो गई हैं। लेकिन इसके अलावा देश में 5.4 लाख बंदियों के 77 प्रतिशत जेलों में सुनवाई की प्रतीक्षा कर रहे हैं। इन विचाराधीन कैदियों को उस तरीके से अंतरिम जमानत नहीं मिल सकती है जिस प्रकार सीतलवाड़ ने प्राप्त की है। जब हम कहते हैं कि सभी लोग कानून के समक्ष समान हैं तो देश की जनता के लिए न्याय के दो चेहरे कैसे हो सकते हैं। वास्तव में अदालतों में लंबित मामले निपटाने की जिम्मेदारी न्यायपालिका की है।

विभिन्न प्रकार के मामले निस्तारित करने की कोई समयसीमा नहीं तय की जा सकती है और अदालतों में लंबित मामले जल्दी निपटाने में सरकार की कोई भूमिका नहीं है। समय पर मामले निपटाने में अनेक आयाम शामिल हैं जिनमें उपयुक्त संख्या में जजों व न्यायिक अधिकारियों की उपलब्धता के साथ ही अदालतों में सहायक कर्मचारियों की संख्या तथा उनका भौतिक ढांचा भी शामिल है। इसके अलावा मामलों की जांच तथा प्रमाणों के आधार पर न्यायक्षेत्र का मामला भी इससे जुड़ा है। जजों के खाली पद, बार-बार सुनवाई टलना, निगरानी की उपयुक्त व्यवस्था का अभाव तथा सुनवाई के लिए बड़ी संख्या में मामलों को सामूहिक रूप से न लेना भी मामलों के निस्तारण में विलम्ब का कारण है। मई, 2022 में भारत में जजों की प्रति मिलियन जनसंख्या पर निर्धारित संख्या 25,628 थी, जबकि 59 लाख से अधिक मामले उच्च न्यायालयों तथा 70,000 से अधिक मामले सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष लंबित थे। न्याय विभाग के डेटाबेस नेशनल जूडीशियल डेटा ग्रिड द्वारा आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि दिसंबर, 2019 से अप्रैल, 2022 के बीच न्यायिक व्यवस्था के समक्ष लंबित मामलों में 27 प्रतिशत वृद्धि हुई। मई, 2022 में भारतीय अदालतों में 4.7 करोड़ से अधिक लंबित मामलों की सुनवाई या निर्णय के लिए लगभग 25,628 जज थे।

अधीनस्थ न्यायालयों व उच्च न्यायालयों में न्यायिक अधिकारियों की स्वीकृत शक्ति में भारत में जनसंख्या विस्फोट को देखते हुए लगातार वृद्धि की गई है। लेकिन पीआरएस लेजिस्लेटिव रिसर्च से स्पष्ट है कि 2010 से 2020 के बीच खाली पदों की संख्या भी 18 प्रतिशत के बजाय 21 प्रतिशत हो गई है।

हालांकि, भारतीय संविधान में इसका कोई स्थान नहीं है, पर भारत के प्रधान न्यायाधीश तथा चार वरिष्ठतम जजों की कालेजियम व्यवस्था जारी है जो जजों की नियुक्ति व स्थानान्तरण की संस्तुति करती है। इस व्यवस्था का विकास सर्वोच्च न्यायालयों के फैसलों से हुआ है। केन्द्र सरकार ने यह कह कर कालेजियम व्यवस्था की आलोचना की है कि इसने सुप्रीम कोर्ट के भीतर 'इम्पीरियम इन इम्पीरिया', यानी साम्राज्य के भीतर साम्राज्य का गठन कर दिया है। सर्वोच्च न्यायालय बार असोसियेशन ने इसे 'लेन देन' की संस्कृति को बढ़ावा देने वाला बताया है जो गरीबों व अमीरों के बीच खाई पैदा कर रही है। समय आ गया है कि कोलेजियम व्यवस्था के लाभ-हानि को लोकतांत्रिक मानकों के आधार पर परखा जाए। आखिर कोई 'जूडीशियल मोनार्क' क्यों होना चाहिए जो कोलेजियम व्यवस्था के माध्यम से व्यवहार में सामने आता है? इसके साथ ही सवाल है कि यदि न्यायपालिका पुराने दिनों में बनी हुई है तो इसके लिए जनता को उसे जवाबदेह क्यों नहीं ठहराना चाहिए? देश के किस पेशे में या दुनिया में कहीं और ऐसी व्यवस्था चल रही है जैसी न्यायपालिका में व्याप्त है?

संविधान में 2014 के 99वें संविधान संशोधन कानून से राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग-एनजेएसी की स्थापना की गई थी जिसे लोकसभा और राज्यसभा ने अगस्त, 2014 में पास कर दिया था। इसके साथ ही संसद ने नेशनल जुडीशियल अप्वाइंटमेंट्स कमीशन कानून, 2014 पास किया है जो एनजेएसी के कामों के नियमन के लिए है। इन दोनों कानूनों को 16 राज्य विधायिकाओं ने स्वीकृति दी है तथा 31 दिसंबर, 2014 को राष्ट्रपति ने भी इस पर अपनी मुहर लगा दी है। एनजेएसी एक्ट तथा संविधान संशोधन कानून 13 अप्रैल, 2015 को प्रभावी हो गए। लेकिन मई, 2016 में सर्वोच्च न्यायालय ने इनको रद्द कर दिया। इस पर पुनर्विचार की आवश्यकता है क्योंकि जिन आधारों पर एनजेएसी को रद्द किया गया था, उन पर अब भी विचार किया जा सकता है। ऐसे समय जब भारत समेत दुनिया ऐसी परिस्थितिकी विकसित कर रही है जहां एक समयसीमा में सेवाओं की गारंटी की जाती है। ऐसे में क्या न्यायपालिका से भी ऐसी ही उम्मीद नहीं की जानी चाहिए।

वास्तव में सर्वाधिक उपयुक्त होगा कि भारत के प्रधान न्यायाधीश, सर्वोच्च न्यायालय व उच्च न्यायालयों के न्यायाधीश, कानून एवं न्याय विभाग के अधिकारी तथा सिविल सोसाइटी के लोग न्यायपालिका में सुधारों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के रोडमैप पर गंभीरता से विचार करें। सर्वोच्च न्यायालय ने एक आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस कमेटी का गठन किया है जो मुख्यत: न्यायिक दस्तावेजों के अनुवाद, कानूनी शोध सहायता तथा प्रक्रिया स्वचालीकरण में एआई तकनीक के प्रयोग की पहचान करेगी। ई-कोर्ट इंटीग्रेटेड मिशन मोड परियोजना भी शुरू की गई थी जिसका उद्देश्य तकनीक का प्रयोग कर न्याय तक पहुंच में सुधार करना है। एआई से उम्मीद है कि वह लंबित मामलों की समस्या हल करने में सहायक सिद्ध होगी।

मामलों की सुनवाई के अलावा सर्वोच्च अदालतों की विभिन्न प्रशासनिक जिम्मेदारियों का भी एआई के माध्यम से आसानी से प्रबंधन किया जा सकता है जिनमें आधिकारिक संवाद, नियोजन तथा सुनवाई की विभिन्न श्रेणियों की व्यवस्था शामिल है। एआई के माध्यम से ऐसे कामों के स्वचालीकरण से न्यायिक संस्थाओं को अपनी प्रमुख जिम्मेदारियों पर ध्यान देने का ज्यादा समय मिलेगा। जमानत व पैरोल की सुनवाइयों में एआई के माध्यम से जजों की सहायता के अनेक उदाहरण मौजूद हैं। अमेरिकी अदालतों में एआई-आधारित टूल 'सेफ्टी असेसमेंट'-पीएसए ऐसी सुनवाइयों में निर्णय करने में जजों की सहायता करता है जहां विभिन्न पूव-निर्धारित मानकों के आधार पर अत्यधिक जोखिम का निर्धारण किया जाता है।

# आपदा काल में सुरक्षा व्यवस्था

> अधिकांश देशों द्वारा अपनाए जा रहे विकास के मॉडल प्राकृतिक आपदा की स्थिति में विनाश और क्षति के पैमाने को बढ़ा रहे हैं।

**ब्रह्मकुमार निकुंज जी**
(लेखक आध्यात्मिक शिक्षक हैं)



भारत के प्रमुख राज्यों में भारी बारिश के कहर के दृश्यों ने जलवायु परिवर्तन के मुद्दे को फिर से रडार पर ला दिया है। इन घटनाओं से जो संदेश निकलता है, वह जोर से और स्पष्ट है, कि प्रकृति माँ सहनशीलता के मूड में नहीं है। बहुत समय पहले की बात नहीं है जब जलवायु वैज्ञानिकों ने भविष्यवाणी की थी कि ग्लोबल वार्मिंग एक दिन मानव सभ्यता के पतन का कारण बनेगी। दुर्भाग्य से, वह भविष्यवाणी सच हो रही है।

एक प्रश्न के लिखित उत्तर में, सरकार ने लोकसभा को 2021-22 में प्राकृतिक आपदाओं के कारण 1,593 लोगों, 2020-21 में 2,422 और 2019-20 में 1,989 लोगों की जान जाने की जानकारी दी। कई विशेषज्ञ मानव गतिविधि के कारण होने वाले जलवायु परिवर्तन को प्राकृतिक आपदाओं की बढ़ती घटनाओं के कारण के रूप में देखते हैं। वास्तव में, न केवल मानव जीवन शैली और औद्योगिक गतिविधियां दुनिया की जलवायु को बदल रही हैं, बल्कि अधिकांश देशों द्वारा अपनाए जा रहे विकास के मॉडल प्राकृतिक आपदा की स्थिति में विनाश और क्षति के पैमाने को बढ़ा रहे हैं।

बढ़ते शहरीकरण के परिणामस्वरूप घनी आबादी वाले शहरों में मनुष्यों की सघनता हो रही है जो अपने लोगों की बढ़ती उपभोक्तावादी जीवन शैली का समर्थन करने के लिए भारी मात्रा में संसाधनों को आकर्षित करते हैं। शहरों में भूमि दुर्लभ और महंगी होने के कारण, ऊंची इमारतों को वाणिज्यिक और आवासीय उपयोग के लिए पसंद किया जाता है। ये टावर एक छोटे से क्षेत्र में बड़ी संख्या में लोगों को समायोजित करते हैं और इसलिए अंतरिक्ष का उपयोग करने का एक अधिक कुशल तरीका कहा जाता



है, लेकिन साथ ही ऐसी इमारतें लिफ्ट और पानी पंप आदि के लिए बिजली पर अधिक निर्भर करती हैं। बिजली पर हमारी निर्भरता यहीं खत्म नहीं होती है। संचार प्रौद्योगिकी एक अद्भुत गति से आगे बढ़ रही है, अब बहुत सारे व्यवसाय और व्यक्तिगत कार्य इलेक्ट्रॉनिक रूप से किए जाते हैं (विशेषकर कोविड -19 के बाद)। जैसे-जैसे प्रौद्योगिकी आगे बढ़ती है और भौगोलिक रूप से फैलती है, पैसा और समय बचाने के लिए अधिक से अधिक काम स्वचालित हो रहे हैं। इन सबका परिणाम मशीनों पर लगातार बढ़ती निर्भरता है, और कई मामलों में उनके जटिल नेटवर्क, जहां एक ही स्थान पर गड़बड़ी के वैश्विक परिणाम हो सकते हैं।

मशीनों और बिजली पर इस तरह की निर्भरता का नकारात्मक पहलू समय-समय पर तब स्पष्ट होता है जब कुछ शहरों में बिजली गुल हो जाती है। ट्रेनें रुकती हैं; अंधेरी सुरंगों में फंसी हैं भूमिगत मेट्रो ट्रेनें; लिफ्टों में फंस जाते हैं लोग; सुपरमार्केट सामान बेचना बंद कर देते हैं क्योंकि उनके कैश रजिस्टर काम नहीं करते हैं; और कंप्यूटर से जुड़ा काम ठप हो जाता है। आपदाओं के दौरान बिजली गुल होने से पानी की आपूर्ति भी ठप हो जाती है, जो बिजली की तुलना में अस्तित्व के लिए अधिक महत्वपूर्ण है।

जो शहर अपने भोजन और दैनिक उपयोग की अन्य वस्तुओं की आपूर्ति बाहर से करते हैं, उन्हें भी परिवहन नेटवर्क क्षतिग्रस्त होने पर इनकी कमी का सामना करना पड़ता है। आपदा के दौरान इन सभी समस्याओं का पैमाना ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में शहरों में बड़ा होता है। इसलिए, यदि हम संसाधनों के न्यूनतम उपयोग और समान वितरण के दर्शन को अपनाते हैं, तो हम न केवल इस ग्रह पर अधिक जिम्मेदारी से रहेंगे, बल्कि अपनी समस्याओं की भयावहता को भी कम होते देखेंगे। आखिरकार, यह विकास का असमान वितरण है जो लोगों को ग्रामीण क्षेत्रों से शहरों की ओर खींचता है, जो इस प्रकार विस्तार करता रहता है। लेकिन एक ऐसा दृष्टिकोण अपनाने के बजाय जो हमारे संसाधनों की खपत और मशीनों पर हमारी निर्भरता को कम करता है, हम सभी संभावित समस्याओं के लिए चतुर तकनीकी सुधार की तलाश कर रहे हैं और इस प्रक्रिया में बाहरी संसाधनों के प्रति अधिक संवेदनशील हो रहे हैं जो हमें किसी भी समय विफल कर सकते हैं।

अब समय आ गया है कि हम अपना ध्यान पृथ्वी की ओर अधिक ध्यान दें, विकास के सतत मॉडल जो ग्रह पर कम बोझ डालेगा। अभी भी देर नहीं हुई है; अब भी अधिक टिकाऊ, प्रकृति के अनुकूल प्रथाओं की दिशा में हमारे पाठ्यक्रम को बदलने का समय है। इसके लिए अधिग्रहण और उपभोग से लेकर साझा करने और देखभाल करने तक केवल हमारी मानसिकता में बदलाव की आवश्यकता है।

## आप की बात

### अफवाहों पर ध्यान न दें

**देश** के कई राज्यों में बच्चा चोरी की फर्जी अफवाहों की घटनाओं की वजह से कई लोगों को हिसंक घटनाओं का सामना करना पड़ा है। अफवाह यह है कि बच्चा चोर आएगा, बच्चे को लेकर चला जाएगा। इसी अफवाह की वजह से झुंड बनाकर लोग किसी कर्मचारी, किसी भीख मांगने वाले, किसी बुजुर्ग, किसी मानसिक रोगी को पकड़ कर उसको मारने पीटने लगते है। बच्चा चोरी की वजह देश के 4 राज्यों में बहुत बुरी तरह फैली हुई है। जानकारों की मानें तो उसके से बात उत्तराखंड से हुई थी फिर यूपी से बिहार और झारखंड । यूपी के कई जिलों में बच्चा चोरी की फर्जी अफवाह की वजह से कई घटनाएं सामने आई हैं। कहीं-कहीं पर बच्चा चोरी के मामले सामने भी आए हैं लेकिन इसके एक गिरोह के तौर पर काम करने की पुष्टि नहीं हो पाई है। यूपी पुलिस को बच्चा चोरी की 30 से ज्यादा सूचनाएं मिली हैं। 17 मामलों में एफआईआर दर्ज की जा चुकी है और 34 लोगों को गिरफ्तार भी किया जा चुका है। अनजान लोगों से हो रही मारपीट के मामले पर यूपी पुलिस के एडीजी प्रशांत कुमार का कहना है कि गांवों में अक्सर उन लोगों की पिटाई कर दी जा रही है जिनका मानसिक स्वास्थ्य ठीक नहीं है और वे विक्षिप्त हैं।

– **योगेंद्र गौतम**, उन्नाव

### बेअसर एंटीबायोटिक दवाएं

**एंटीबायोटिक** दवा दवाएं अत्यावश्यक होने पर ही ब्लड रिपोर्ट की जांच के बाद डॉक्टर लिखते हैं! मगर हमारे देश में झोलाछाप डॉक्टरों से लेकर डिग्री धारी डॉक्टर्स तक एंटीबायोटिक्स के हेवी डोज देते हैं, जिससे मरीज को तत्काल राहत तो मिल जाती है। मगर जब अगली मरीज बिमार पड़ता है तो पूर्व में हेवी डोज लेने के कारण बाद में उस मरीज पर एंटीबायोटिक दवाएं बहुत कम असरकारक हो सकती है। दूसरे हमारे देश में नीचे से लेकर उच्च स्तर तक के विशेषज्ञ डॉक्टर विदेशों में विकसित नई तकनीकों के बारे में लगातार जानते रहने के बारे में लापरवाह है। वह अपने जमाने की पढ़ाई के आधार पर ही मोटी फीस लेकर इलाज करते हैं। जैसे वकीलों लोग नए कानूनों का निरंतर नियमित अध्ययन करते रहते हैं। वैसे डॉक्टर को भी विश्व भर में खोजी गई व प्रयोग में लाए जाने वाली नई तकनीकों का परिपूर्ण ज्ञान होना चाहिए, और उसी आधार पर उन्हें अपने मरीजों का इलाज करना चाहिए, ना कि 25 वर्ष पूर्व पढ़ी गई अपनी डॉक्टरी के हिसाब से, तब ही कई तरह की दवाओं के नए साइड इफेक्ट और नई दवाओं के कारगर प्रभाव के बारे में ज्ञान प्राप्त डॉक्टर अधिक सटीकता से उपचार कर सकेंगे।

### आज का संकट कल पर

**एक** तरफ जहां बेरोजगारी बढ़ रही है। वहीं कर्मचारी भविष्य निर्वाह निधि संघटन ने सरकार को प्रस्ताव दिया है कि सेवानिवृत्ति आयु बढ़ाई जाए। वर्तमान में, देश में सेवानिवृत्ति की आयु 58 से 65 वर्ष है। सरकारी और निजी जैसे विभिन्न संस्थानों में सेवानिवृत्ति की आयु अलग-अलग होती है। नागरिकों की जीवन प्रत्याशा में वृद्धि से भविष्य निधि के लिए पेंशनभोगियों को पेंशन से विभिन्न लाभ प्रदान करना मुश्किल हो जाता है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, जीवन प्रत्याशा में वृद्धि के कारण वरिष्ठ नागरिकों की संख्या में 41त्न की वृद्धि होने की संभावना है। दूसरे शब्दों में, 2011 की जनगणना की तुलना में 2021 में वरिष्ठ नागरिकों की वृद्धि में 3.40 करोड़ की वृद्धि हुई है। अगर इस वृद्धि की उम्मीद भी है, तो भी भविष्य निर्वाह निधि को वरिष्ठ नागरिकों के सभी पेंशन बकाया का भुगतान करना होगा। क्या रिटायरमेंट उम्र बढ़ाने से हल होगी समस्या? या क्या भविष्य निर्वाह निधि कोई खामी तलाश रही है ताकि उन्हें पेंशनरों का भुगतान चुकाना पड़े?

– **दत्तप्रसाद शिरोडकर**, मुंबई

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**भारत** पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। यह प्रगति मामूली नहीं है। हर भारतीय इस पर गौरवान्वित है।

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**वे** कहते हैं कि ऊर्जा का हथियार की तरह प्रयोग कर रहा है। हम मांग के हिसाब से सप्लाई कर रहे हैं।

– **व्लादीमिर पुतिन**
रूसी राष्ट्रपति



**सभी** विपक्षी दल भाजपा को हराने के लिए एकसाथ आएंगे। उसका घमंड ही उसके विनाश का कारण बनेगा।

– **ममता बनर्जी**
पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री

# यूपी में शुरू हुआ मदरसों का सर्वे

## प्रदेश में इस वक्त कुल 16,461 मदरसे हैं जिनमें से 560 को सरकारी अनुदान दिया जाता है

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**यूपी** में बीते शनिवार को मदरसों का सर्वेक्षण शुरू हो गया है। सोमवार को इस काम में और तेजी आएगी। प्रदेश में निजी मदरसों के सर्वेक्षण को लेकर तरह-तरह की आशंकाएं उत्पन्न होने और इस पर राजनीतिक बयानबाजी में आई तेजी के बीच राज्य सरकार ने इस सर्वेक्षण को सियासत से दूर रखने का आह्वान करते हुए कहा है कि यह सर्वे सभी मदरसों को मुख्यधारा में लाने के लिए उठाया जा रहा कदम है। प्रदेश सरकार ने गत 31 अगस्त को राज्य में संचालित सभी गैर मान्यता प्राप्त निजी मदरसों का सर्वेक्षण करने का आदेश दिया था। इसके लिए 10 सितंबर तक टीम गठित करने का काम खत्म कर लिया गया है। आदेश के मुताबिक 15 अक्टूबर तक सर्वे पूरा करके 25 अक्टूबर तक रिपोर्ट सरकार को सौंपने को कहा गया है। प्रदेश में इस वक्त लगभग 16 हजार निजी मदरसे हैं जिनमें प्रसिद्ध इस्लामी शिक्षण संस्थान नदवतुल उलमा और दारुल उलूम देवबंद भी शामिल हैं। राज्य सरकार के फैसले के बाद अब इनका भी सर्वे किया जाएगा। इस फैसले को लेकर निजी मदरसों के प्रबंधन और संचालकों ने तरह-तरह की आशंकाएं जाहिर की हैं। इसे लेकर गत छह सितंबर को दिल्ली में जमीयत-उलमा-ए-हिंद की एक बैठक भी हुई थी, जिसमें कहा गया कि अगर सरकार सर्वे करना चाहती है तो करे लेकिन मदरसों के अंदरूनी मामलों में कोई दखलंदाजी नहीं होनी चाहिए।

प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने इन सभी आशंकाओं को गलत करार देते हुए कहा कि यह बात क्यों आ रही है जबकि ऐसा कुछ नहीं है किसी भी मदरसे पर बुलडोजर नहीं चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार मदरसों को मुख्यधारा में लाने के लिए पूरी ईमानदारी से काम कर रही है और सर्वेक्षण का मकसद मदरसों की वास्तविक स्थिति को जानना तथा उनके स्तर को बेहतर बनाने में उनकी मदद करना है। मदरसों के सर्वे को लेकर कई मौलानाओं ने कहा है कि सरकार शौक से सर्वे करे। इसमें किसी को कोई आपत्ति नहीं है लेकिन इस बात का ख्याल रखा जाए कि मदरसों के आंतरिक मामलों में कोई दखलंदाजी न हो। जमीयत ने मदरसों को परामर्श जारी किया है कि वे अपने-अपने यहां छात्र-छात्राओं की सुविधाओं को दुरुस्त करें। दरअसल सरकार जो सर्वे करा रही है कि उसमें सर्वे के दौरान मदरसा संचालकों से यह भी पूछा जाएगा कि वह सरकार की किन-किन योजनाओं से जुड़ना चाहते हैं और साथ ही सर्वे के दस्तावेज के साथ राज्य सरकार की अल्पसंख्यकों से संबंधित विभिन्न योजनाओं की जानकारी से जुड़े कागजात और फार्म भी उन्हें उपलब्ध कराए जाएंगे। इससे गांव-कस्बों में चल रहे मदरसों तक भी योजनाएं पहुंचाई जा सकेंगी जो अब तक नहीं पहुंची हैं। मदरसों के सर्वे को लेकर राजनीतिक बयानबाजी भी तेज हो गई है। ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने मदरसों के सर्वे को मिनी एनआरसी करार दिया है, वहीं बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने भी भाजपा पर मुसलमानों को आतंकित करने के लिए सर्वे के नाम पर निजी मदरसों में भी हस्तक्षेप करने का आरोप लगाया है। राज्यमंत्री अंसारी ने आलोचना कर रहे राजनीतिक दलों से कहा है कि मदरसों के सर्वे को सियासत से दूर रखें, बल्कि अगर वे वाकई मुसलमानों की हितैषी हैं तो उन्हें सुविधाओं के अभाव का सामना कर रहे निजी मदरसों के उत्थान के लिए राज्य सरकार द्वारा उठाए जा रहे इस कदम का समर्थन करना चाहिए। प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा निजी मदरसों का सर्वेक्षण कराए जाने के मुद्दे पर जमीयत-उलमा-ए-हिंद की दिल्ली में गत छह सितंबर को एक बैठक हुई जिसमें वो मदरसा संचालक शामिल हुए जो बिना सरकारी मदद के मदरसे चला रहे हैं। बैठक में सर्वे को लेकर तीन बड़े फैसले हुए। इनमें सरकार से मिलकर मुस्लिम समाज का पक्ष रखने, इस पूरे मामले पर नजर रखने के लिए एक स्टीयरिंग कमेटी बनाने और गलत तरीके से सर्वे हुआ तो उसका विरोध करने का फैसला किया गया। बैठक में यह फैसला किया गया कि आगामी 24 सितंबर को दारुल उलूम देवबंद में संगठन की बैठक होगी जिसमें अगली रणनीति तय की जाएगी। प्रदेश के निजी मदरसों में भी आमतौर पर राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड द्वारा संचालित पाठ्यक्रम ही पढ़ाया जाता है। निजी मदरसों का संचालन और रखरखाव अमूमन जकात की रकम और लोगों के स्वैच्छिक आर्थिक और खाद्य पदार्थ रूपी सहयोग से किया जाता है। प्रदेश सरकार ने गत 31 अगस्त को मदरसों में छात्र-छात्राओं को मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता के सिलसिले में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अपेक्षा के मुताबिक प्रदेश के सभी गैर मान्यता प्राप्त मदरसों का सर्वे कराने का आदेश दिया था। सर्वे में मदरसे का नाम, उसका संचालन करने वाली संस्था का नाम, क्या मदरसा निजी या किराए के भवन में चल रहा है, मदरसे में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं की संख्या, पेयजल, फर्नीचर, विद्युत आपूर्ति तथा शौचालय की व्यवस्था, मदरसे में कुल कितने शिक्षक हैं, मदरसे में लागू पाठ्यक्रम, मदरसे की आय का स्रोत और किसी गैर सरकारी संस्था से मदरसे की संबद्धता से संबंधित सूचनाएं इकट्ठा की जाएंगी। प्रदेश में इस वक्त कुल 16,461 मदरसे हैं जिनमें से 560 को सरकारी अनुदान दिया जाता है। प्रदेश में पिछले छह साल से नए मदरसों को अनुदान सूची में नहीं लिया गया है।

> राज्य सरकार मदरसों को मुख्यधारा में लाने के लिए पूरी ईमानदारी से काम कर रही है और सर्वेक्षण का मकसद मदरसों की वास्तविक स्थिति को जानना तथा उनके स्तर को बेहतर बनाने में उनकी मदद करना है।
> **अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी**

## मुख्यमंत्री योगी ने दी संघ प्रमुख मोहन भागवत को जन्मदिन की बधाई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत को ट्वीट के जरिए जन्मदिन की बधाई दी। मुख्यमंत्री ने ट्वीट कर कहा, 'अखंड भारत का ध्येय लिए, भारत के सांस्कृतिक व सामाजिक मूल्यों के संवर्धन हेतु सेवारत विश्व के सबसे बड़े संगठन राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत को जन्मदिन की हार्दिक बधाई। उन्होंने इसी ट्वीट में कहा प्रभु श्री राम से आपके स्वस्थ व सुदीर्घ जीवन की कामना है। गौरतलब है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत का जन्म 11 सितंबर 1950 को हुआ था।

## अनुसूचित जाति बाहुल्य गावों में संचालित होगी प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजनाः डा. निर्मल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उप्र** अनुसचित जाति वित्त एवं विकास निगम के चेयरमैन डा लालजी प्रसाद निर्मल ने कहा कि जिस प्रकार से स्वच्छ भारत मिशन की घर-घर शौचालय योजना ने सदियों से चली आ रही हाथ से मैला उठाने की प्रथा पर पूर्ण विराम लगा दिया उसी प्रकार प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना दलितों का सामूहिक आर्थिक सशक्तीकरण करके सदियों से चले आ रहे दलित त्रासदी को समाप्त करेगा। उन्होंने कहा कि अब उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम की योजनाएं प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना के नाम से जानी जायेंगी। इस योजना के अंतर्गत अनुसूचित जाति बाहुल्य गावों में प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना संचालित होगी।

वीवीआईपी गेस्ट हाउस में आयोजित प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान दलित बाहुल्य क्षेत्रों में समूहों/क्लस्टर के रूप में अनुसूचित जाति के उद्यमी बनाने हेतु आय सृजक योजनाएं चलायी जायेंगी तथा उक्त गावों में आय.सृजन हेतु आवश्यक निर्माण भी कराये जायेंगे। पीएम अजय योजना के तहत अनुसूचित जाति के छात्रों हेतु नये छात्रावासों का निर्माण होगा तथा पुराने छात्रावासों का नवीकरण/सुदृढ़ीकरण कराया जायेगा। डा निर्मल ने कहा कि उप्र अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम की योजनाओं में पात्रता हेतु अभी तक ग्रामीण क्षेत्रों में वार्षिक आय सीमा 47080 तथा शहरी क्षेत्रों में 56460 तथा अनुदान की धनराशि 10 हजार निर्धारित थी।

जुलाई 2018 में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आय सीमा एवं अनुदान सीमा में वृद्धि करने हेतु भारत सरकार से अनुरोध किया था। केन्द्र सरकार ने व्यापक मंथन करके अब पात्रता हेतु आय सीमा और अनुदान में बड़ा बदलाव किया है। इन योजनाओं में अब वार्षिक आय सीमा को सीमामुक्त सभी के लिए करते हुए 2.50 लाख रूपये से कम वार्षिक आय के लोगों को योजनाओं में प्राथमिकता देने की व्यवस्था की गयी है। अनुदान राशि 10 हजार के स्थान पर अब सहायता राशि 50 हजार प्रति लाभार्थी दी जायेगी। अनुसूचित जाति के व्यक्तियों को उद्यम स्थापित करने के लिए लाभपरक परियोजनाओं के माध्यम से उनका आर्थिक सशक्तिकरण किया जायेगा और इस हेतु अनुसूचित जाति के व्यक्तियों के क्लस्टर/समूहों/ समितियों का चयन किया जायेगा। इन समूहों द्वारा प्रस्तुत परियोजनाओं के सफल संचालन के लिए उनकी समयबद्ध प्रशिक्षण की व्यवस्था की गयी है। व्यक्तिपरक परियोजनाओं की जगह दलितों के समूहों को उद्यमी बनाया जायेगा। डा निर्मल ने बताया कि प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना के अंतर्गत प्रदेश में 6 नये बाबू जगजीवन राम छात्रावासों का निर्माण कराया जायेगा तथा वर्तमान में निर्मित/संचालित 261 बाबू जगजीवनराम छात्रावासों में से मरम्मत योग्य छात्रावासों के मरम्मत का कार्य कराया जायेगा।

## भाजपा सरकार में अंधेरगर्दी का बोलबालाः अखिलेश

- सन् 2022 के विधानसभा चुनाव में धांधली की गई, प्रशासन का किया गया दुरुपयोग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा षड्यंत्रकारी और भ्रष्टाचारी है। भाजपा सरकार में अंधेरगर्दी का बोलबाला है। जनता भाजपा से खुश नहीं है। समाज का हर वर्ग असंतुष्ट और दुःखी है। समाज में नफरत फैलाई जा रही है। भाजपा सरकार के कारनामों के कारण जनता ने भी तय कर लिया है कि वह सन् 2024 में भाजपा सरकार की विदाई अवश्य करेगी। अखिलेश यादव ने यह बात रविवार को समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में किसान एवं सिख समाज के प्रतिनिधिमण्डल से भेंट के उपरांत अपने सम्बोधन में कही। उन्होंने कहा कि भाजपा कुप्रचार करती रहती है। समाजवादी पार्टी के बारे में बेबुनियाद ऊल-जुलूल बातें फैलाई जा रही है। श्री यादव ने कहा कि सन् 2022 के विधानसभा चुनाव में धांधली की गई। हजारों समाजवादी पार्टी समर्थकों के वोट नहीं पड़ने पाए। प्रशासन का पूरा दुरूपयोग हुआ। समाजवादी सरकार में निवेश भी आया था और विकासकार्य भी हुए थे। लेकिन भाजपा सरकार ने बदले की भावना से समाजवादी सरकार में हुए तमाम विकासकार्यों और योजनाओं पर रोक लगा दी, कुछ कार्यों के नाम बदल दिये गये तो कुछ विकास कार्यों को बर्बाद कर दिया गया है।

### स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती के ब्रह्मलीन होने पर जताया शोक

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने द्वारिकापीठ और ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती के ब्रह्मलीन होने पर गहरा शोक जताते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है। अखिलेश यादव ने कहा कि स्वामी जी के निधन से भारतीय संस्कृति एवं संस्कृत के एक विशिष्ट विद्वान को हमने खो दिया है। स्वामी जी धर्म के मर्म को समझते हुए भारतीय जनजीवन को नए मूल्यों से अनुप्राणित करने वालों में थे। स्वामी स्वरूपानंद दो शंकराचार्य पीठों द्वारिका पीठ के अतिरिक्त बद्रीनाथ स्थित ज्योतिर्मठ के भी शंकराचार्य थे।

## गरीबों को मिलने वाले मुफ्त राशन को बंद न करे केन्द्रः मायावती

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बसपा** सुप्रीमो मायावती ने केन्द्र सरकार पर जमकर निशाना साधा है। मायावती ने महंगाई का हवाला देकर कोरोना काल में शुरु की गयी प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत गरीबों को मिलने वाले मुफ्त राशन को बंद नहीं करने की मांग की है। रविवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर ट्वीट करते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि देश की विशाल आबादी जबर्दस्त महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी आदि की समस्या से आज भी लगभग वैसी ही दुखी व त्रस्त है जैसे कोरोना काल से ही झेलने को मजबूर है। अत: पीएम गरीब कल्याण योजना के तहत मिलने वाला मुफ्त राशन बंद करके इनके मुंह का निवाला छीनना अनुचित व अन्यायपूर्ण होगा। मायावती ने आगे कहा कि यही मुख्य कारण है कि विभिन्न राज्यों की सरकारें इस योजना को सितंबर महीने के बाद आगे और भी समय तक जारी रखने का दबाव केन्द्र सरकार पर बना रही है। वैसे भी केन्द्र की सरकार को व्यापक जनहित के मद्देनजर, इस पर समुचित व सहानुभूतिपूर्वक ध्यान जरूर देना चाहिए, बीएसपी की यह मांग।

## कृषि आजीविका संवर्धन में भी स्वयं सहायता समूहों द्वारा किया जा रहा है योगदान

**लखनऊ।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के कुशल दिशा निर्देशन में कृषि आजीविका अंतर्गत प्रदेश के 75 जनपद के 522 विकास खण्डों में 9950 कृषि आजीविका सखी का प्रशिक्षण उपरांत पदस्थ किया गया है और इनके द्वारा 8 लाख महिला किसान परिवारों को कृषि आजीविका संवर्धन गतिविधि पर कृषि एवं पशु पाठशाला का आयोजन ग्राम स्तर पर करते हुए सतत आजीविका पर अंगीकृत किया गया है। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से प्राप्त जानकारी के अनुसार इन महिला किसान परिवारों को प्रेरणा पोषण वाटिका, गौ आधारित खेती कीट प्रबंधन, जैविक खाद नीमास्त्र, गोबर खाद, भू. नाडेप इत्यादि गतिविधियाँ करायी जा रही है।

## स्वामी स्वरूपानन्द सरस्वती के निधन पर सीएम ने जताया शोक

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्री द्वारका-शारदा पीठ व ज्योतिर्मठ पीठ के जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानन्द सरस्वती जी महाराज के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। आज यहां जारी एक शोक सन्देश में मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वामी स्वरूपानन्द सरस्वती जी महाराज का ब्रह्मलीन होना संत समाज की अपूरणीय क्षति है। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना करते हुए जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानन्द सरस्वती जी महाराज के अनुयायियों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

## लेह में शहीद जवान को सीएम योगी ने दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लेह में कर्तव्य पालन के दौरान वीरगति को प्राप्त हुए जनपद हाथरस निवासी सेना के जवान सूरज पाल को भावभीनी श्रद्धांजलि दी है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत सैनिक के परिजनों को 50 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने की घोषणा की है। उन्होंने सैनिक के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने तथा जनपद की एक सड़क का नामकरण दिवंगत सैनिक सूरज पाल के नाम पर करने की भी घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत सैनिक सूरज पाल के परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि शोक की इस घड़ी में राज्य सरकार उनके साथ है। प्रदेश सरकार द्वारा सैनिक के परिवार को हर सम्भव मदद प्रदान की जाएगी।

## सपा और बसपा ने लगातार पिछड़ों दलितों को छला हैः कांग्रेस

**लखनऊ।** कांग्रेस प्रवक्ता विकास श्रीवास्तव ने कहा कि उत्तर प्रदेश की राजनीति में सबसे लंबे समय तक सत्ता का सुख भोगने वाली सपा और बसपा ने लगातार पिछड़ों दलितों को छला है। दोनों ही दलों ने भारतीय जनता पार्टी के लिए हमेशा सांप्रदायिकता के आधार पर वोटों के बंटवारे के लिए ध्रुवीकरण की जमीन तैयार किया। इन दोनों दलों ने लगातार लंबे अरसे से बीजेपी से मिलकर 17 अति पिछड़ी जातियों सहित समूचे कमेरा समाज के साथ सौतेला व्यवहार किया है।

## आज से 19 तक सभी उपकेंद्रों पर आयोजित होगा विद्युत समाधान सप्ताह

- सुबह 8 से सायं 8 बजे तक उपभोक्ताओं की समस्याओं का होगा समाधान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उपभोक्ताओं** की समस्याओं के समाधान तथा विद्युत संबंधी कार्यों के लिए 12 से 19 सितम्बर तक विद्युत समाधान सप्ताह का सभी 33-11 केवी उपकेन्द्रों पर शिविर लगाकर आयोजित किये जायेंगे। यह शिविर प्रतिदिन सुबह 8 बजे से सायं 8 बजे तक अयोजित किये जायेंगे जिस पर पूरी गम्भीरता, तत्परता एवं संवेदनशीलता के साथ विद्युत संबंधी उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान मौके पर किया जायेगा।

विद्युत समाधान शिविर में विद्युत उपभोक्ताओं से उनके बकाया विद्युत बिलों का भुगतान प्राप्त करना एवं बिल सम्बन्धित शिकायतों का निस्तारण होगा। कनेक्शन, लोड बढ़ाने या मीटर लगाने के निवेदन पर त्वरित कार्यवाही होगी। सभी प्रकार के विद्युत कनेक्शन से सम्बन्धित प्राप्त होने वाली शिकायतों, समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया जायेगा। ट्रान्सफार्मर, फीडर, लोड, वोल्टेज अथवा जर्जर तार जैसी समस्याओं के निवेदन का त्वरित समाधान सम्भव हो सकेगा। घटित होने वाली विद्युत दुर्घटना के कारण होने वाली जनहानि से सम्बन्धित मुआवजा एवं ऐसी समस्याओं को नगण्य किये जाने के उद्देश्य से त्रुटिपूर्ण अधिष्ठापन पर कार्यवाही होगी। विद्युत उपभोक्ताओं के परिसरों पर स्थापित जले, खराब, क्षतिग्रस्त मीटरों को बदलने के साथ-साथ पुराने मीटरों के स्थान पर नवीन मीटर स्थापित कराने का कार्य किया जायेगा। झूल रहे तारों, विद्युत दुर्घटना की आशंका वाली लाइन, परिवर्तक के संबंध में प्राप्त शिकायतों का त्वरित निदान होगा। विद्युत उपभोक्ताओं के परिसरों पर जले, खराब, क्षतिग्रस्त मीटरों को बदलने के साथ-साथ पुराने मीटर के स्थान पर नवीन मीटर स्थापित कराने का कार्य भी कराया जायेगा। साथ ही अन्य विद्युत सम्बन्धी समस्याओं से सम्बन्धित निवेदनों एवं सुझाओं पर विचार किया जायेगा।

ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बताया कि समाधान सप्ताह के प्रत्येक दिन सुबह से सायं तक शिविर के आयोजन एवं संचालन की जिम्मेदारी स्थानीय अवर अभियन्ताओं की होगी एवं उपखण्ड स्तर पर उपखण्ड अधिकारी द्वारा अपने दिशा निर्देशन में यह कार्य किया जायेगा। इसकी मानिटरिंग मण्डल स्तर पर मुख्य अभियन्ता जनपद स्तर पर अधीक्षण अभियन्ता, खण्ड स्तर पर अधिशासी अभियन्ता द्वारा किया जायेगा। राज्य स्तरीय मुख्य कार्यालय एवं विद्युत वितरण कम्पनी के अधिकारियों के बीच मानिटरिंग के लिये जिम्मेदारी तय की जायेगी।

### मॉनीटरिंग के लिए नियुक्त किए गए नोडल अधिकारी

**लखनऊ।** विद्युत समाधान सप्ताह की मानिटरिंग के लिए विभाग के उच्च अधिकारीयों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया हैं। इसमें सोनभद्र में पी गुरू प्रसाद एमडी, गाजीपुर में पंकज कुमार प्रबंध निदेशक, रायबरेली में कमलेश बहादुर निदेशक सीपी, गोण्डा में मृगांक शेखर दास भट्ट मिश्रा निदेशक कार्मिक-प्रशासन, एटा में संजय कुमार दत्त निदेशक प्रोजेक्ट एवं वाणिज्य, कुशीनगर में राजीव कुमार निदेशक कार्य एवं प्रोजेक्ट, मऊ में पियूष गर्ग निदेशक ऑपरेशन, आजमगढ़ में राकेश प्रसाद निदेशक, बहराइच में सर्वजीत घोष निदेशक आईटी, प्रयागराज में बीबी राय मुख्य अभियन्ता रेस्पो, मैनपुरी में आशीष अस्थाना मुख्य अभियन्ता डीएसएम, अमरोहा में सीपी यादव मुख्य अभियन्ता सीएमयूडी, मुजफ्फरनगर में दीपक रायजादा मुख्य अभियन्ता पीपीए, चित्रकूट में जेपीएस गंगवार मुख्य अभियन्ता जल विद्युत, बदायूं में अजय अग्रवाल मुख्य अभियन्ता वाणिज्य तथा खीरी में सीवीएस गौतम मुख्य अभियन्ता वाणिज्य को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। यह सभी नोडल अधिकारी विद्युत समाधान दिवस में आयोजित होने वाले शिविरों का दो दिन भ्रमण कर वहां आने वाले उपभोक्ताओं की समस्याओं का निराकरण कराना सुनिश्चित करेंगे।

## सेवा पखवाड़ा और निकाय चुनावों पर भाजपा की अहम बैठक कल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** भाजपा की अहम बैठक 13 सितंबर मंगलवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय में होगी। इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस से गांधी जयंती दो अक्तूबर तक मनाए जाने वाले सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम पर चर्चा होगी। इसके साथ ही आगामी चुनावों के लिए पार्टी अपनी रणनीतियों का खाका खींचेगी।

इस बैठक में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, प्रदेश प्रभारी राधामोहन सिंह, प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल के साथ ही अन्य प्रमुख नेता उपस्थित रहेंगे। बैठक में सेवा पखवाड़ा के तहत जनता के बीच सेवा कार्यों के तहत क्या-क्या किया जाना हैं इसकी विस्तृत रूपरेखा खींची जाएगी। इसके साथ ही प्रदेश में होने वाले निकाय चुनाव की तैयारियों को लेकर पार्टी की क्या रणनीति होगी इस पर मंथन किया जाएगा। बैठक में एमएलसी के रिक्त हो रहे पदों के लिए नए नामों पर भी मंथन किए जाने की संभावना है। माना जा रहा है कि इस बैठक के बाद नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश महामंत्री संगठन अपनी कार्ययोजनाओं को आगे से बढ़ाने का खाका पार्टी पदाधिकारियों को देंगे। भाजपा के प्रदेश मीडिया सह प्रभारी हिमांशु दुबे ने बताया है कि प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह सोमवार 12 सितंबर को ग्रेटर नोएडा में रहेंगे। वहां पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हैलीपैड पर स्वागत करेंगे। शाम के समय केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के साथ आईडीएफ वर्ल्ड डेयरी समिट.2022 में शिरकत करेंगे।

## न्याय प्रक्रिया से जुड़े सभी अंगों का कर्तव्य है कि शीघ्र न्याय प्रदान किया जाएः न्यायमूर्ति

- न्यायिक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान में दो दिवसीय संगोष्ठी का हुआ शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ





**न्यायिक** प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान उप्र लखनऊ में दो दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। दो दिवसीय संगोष्ठी का उदघाटन करते हुए उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी ने करते हुए कहा कि न्याय प्रदान करना केवल न्यायालय या न्यायाधीश का ही कर्तव्य नहीं है बल्कि इस प्रक्रिया से जुड़े सभी अंगों को यह कर्तव्य है कि वे न केवल न्यायाधीशों को न्याय प्रदान करने में सहयोग करें, बल्कि यह भी सुनिश्चित करें कि शीघ्र न्याय प्रदान किया जाए।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ न्यायाधीश उच्चतम न्यायालय ने कहा कि मुझे यह जान कर बहुत खुशी है कि आज की इस संगोष्ठी में न्याय वितरण प्रणाली से जुड़े सभी अंगों एवं हितधारको को सम्मिलित किया गया है क्योकि अब वह समय आ गया है कि हमें लंबित वादों के विषय में गंभीरता से सोचना होगा। उन्होंने कहा कि सभी हितधारकों को सवेंदनशीलता के साथ अपने अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए। सामान्य व्यक्ति का विश्वास आज भी न्यायालयों पर है। उन्होंने लंबित मामलों के सम्बन्ध में बात करते हुए सुझाव दिया कि, हमें वादकारियों को वैकल्पिक विवाद समाधान लोक अदालत, मध्यस्थता आदि के सम्बन्ध में जानकारी देनी चाहिये और पक्षकरों को इनके प्रति और अधिक प्रोत्साहित करना चाहिये जिससे उनका विश्वास सिस्टम पर भी बढ़े। न्यायमूर्ति राजेश बिंदल मुख्य न्यायाधीश इलाहबद उच्च न्यायालय ने कहा कि जनमानस का विश्वास हमारी न्याय व्यवस्था पर बना रहे इसके लिये हमें वादों के शीघ्र निस्तारण के विषय में सोचना चाहिए और इसके लिए हमें उन कारणों को समझना होगा जिनके करण न्याय प्रदान करने में विलम्ब होता है तभी हम उन कारणों का समाधान निकाल सकेंगें। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि यद्यपि हमारे पास मानव संसाधन, तकनीकि संसाधन एवं न्यायाधीशों की संख्या की कमी है, किन्तु वादकारी से यह नहीं कह सकते कि हम इन करणों से शीघ्र निस्तारण करने में सक्षम नहीं है। कार्यक्रम को इलाहाबद उच्च न्यायालय लखनऊ पीठ के वरिष्ठ न्यायाधीश न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा, न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी, न्यायाशीश उच्चतम न्यायालय न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायाधीश एवं संस्थान के सुपरवाइजरी कमिटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति देवेन्द्र कुमार उपाध्याय, न्यायाधीश इलाहाबाद उच्च न्यायालय लखनऊ-पीठ न्यायमूर्ति सरोज यादव, न्यायाधीश, इलाहाबाद उच्च न्यायालय लखनऊ-पीठ न्यायमूर्ति धरणीधर झा, डा राजेन्द्र पाल सिंह आईपीएस, महानिदेशक (प्रशिक्षण), पुलिस प्रशिक्षण निदेशालय आशुतोष पाण्डे, आईपीएस, अपर पुलिस महानिदेशक (अभियोजन) ने आपराधिक मामलों पर लक्षित क्षेत्रों पर अपना प्रस्तुतीकरण प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश न्याय प्रणाली से जुड़े सभी अंगों एवं हितधारकों, न्यायाधीश, पुलिस (विवेचना एवं साक्षीगण प्रस्तुतिकरण के सम्बन्ध में), चिकित्सा विभाग (मेडिको-लीगल मामलों के सम्बन्ध में), विधि विज्ञान प्रयोगशाला के अधिकारीगण, अभियोजन के अधिकारीगण को एक मंच पर लाकर उनके मध्य समंजस्य को सुद्रढ़ करना है, जिससे कि वादकारियों को सुगमता से शीघ्र न्याय प्रदान करने में न्याय तंत्र अपना योगदान कर सके। इस कार्यक्रम में न्यायाधीश, पुलिस, प्रशासन एवं अभियोजन विभाग के लगभग 500 वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

# बच्चा चोर समझकर विक्षिप्त महिला की पिटाई करने वाली महिलाएं गिरफ्तार

- शनिवार को नहोइया में महिलाओं और पुरूषों ने मिलकर विक्षिप्त की पिटाई की थी, पुलिस ने एक पुरुष को किया गिरफ्तार
- सीतापुर में बच्चा चोरी की कोई भी घटना न होने के बावजूद यदि फैलाई अफवाह तो लगेगा रासुका अफवाह पर पुलिस का एक्शन हुआ तेज

संवाददाता। सीतापुर

**बच्चा चोर** समझकर शनिवार को सीतापुर के संदना थाना इलाके में विक्षिप्त महिला की पिटाई करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन महिलाओं समेत चार को गिरफ्तार किया है।

सिधौली से पैदल संदना की तरफ आ रही विक्षिप्त महिला को बच्चा चोर समझ कर संदना थाना इलाके के नहोइया में पिटाई करनी वाली महिलाओं पर पुलिस ने चलाया कार्रवाई रूपी डंडा। इस मामले में पुलिस ने धारा 323, 504 भारतीय डंड विधान और 7 सीएलए एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर नहोइया की रहने वाली बसंती, छेदाना, सुखदेई और जसवंत को गिरफ्तार कर लिया है। यह गिरफ्तारी संदना थाने के एसआई विशंभर दयाल, हेडकांस्टेबल ब्रजलाल, कांस्टेबल दीपक कुमार, धमेन्द्र सिंह, रंचना शर्मा और महिला पीआरडी जवान सरला देवी व सीतावती ने की। गिरफ्तार इन महिलाओं ने जिस विक्षिप्त महिला को बच्चा चोर समझकर पिटाई की वह इसी थाना इलाके के सरोसा गांव की रहने वाली है, जिसने अपना नाम किरन होना बताया फिर भी भीड़ ने उसकी पिटाई कर दी। सीतापुर पुलिस लगातार लोगों से यह अपील कर रही है, कि सीतापुर में बच्चा चोरी या किडनी निकालने जैसी कोई घटना सामने नहीं आई है, यह सिर्फ अफवाह और अब अफवाह फैलाने वालों पर रासुका लगाने के निर्देश जारी किए गए है। लिहाजा कोई भी व्यक्ति बच्चा चोरी की अफवाह न फैलाए, उसे यदि कहीं से सूचना मिलती है, तो तत्काल पुलिस को सूचित करे। ऐसी अपील और चेतावनी लगातार पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चन्द्रभान की ओर से दी जा रही है। आई इंडिया के स्टूडियो में पहुंचकर अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी एनपी सिंह ने भी जनपद वासियों से अपील की है, साथ ही चेतावनी दी है।

# विद्युत विभाग के जेई को गालियां देने वाला ऑडियो हुआ वायरल

- देवगंवा वजीर नगर पावर हाउस के जेई को दी गई गालियां, वायरल आडियो में गालियां देने वाला प्रमोद श्रीवास्तव अपने को बता रहा अधिवक्ता योगी राज में एक और त्यागी का मामला पकड़ सकता है तूल

संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर में** बिजली कनेक्शन काटे जाने को लेकर जेई को फोन मिलाकर अपने को वकील बताकर उन्हें गालियां देने का ऑडियो वायरल हो रहा है। जिस जेई को गालियां दी जा रही है, वह देवगवां वजीरनगर पावर हाउस के जेई उमाकांत त्यागी हैं, जबकि उन्हें गालियां देने वाला अपने को सीतापुर का वकील प्रमोद श्रीवास्तव होना बता रहा है, ऑडियो में जेई को गालियां दी जा रही है, जैसे ही वह एफआईआर दर्ज कराने को कहते है, फिर उन्हें गालियां दी जाने लगती है, यह ऑडियो बहुत तेजी से वायरल हो रहा है।

योगी सरकार में अभी श्रीकांत त्यागी का मामला ठंडा भी नहीं पड़ा कि फिर एक बार सीतापुर में बिजली विभाग में जेई के पद पर तैनात जेई उमाकांत त्यागी कोगालियां देकर अपमानित किए जाने का नया गालियां देकर अपमानित किए जाने का नया मामला सामने आ गया है। वायरल ऑडियो में आप भी सुने किस तरह जेई उमाकांत त्यागी को गालियां दी जा रही है।

## क्विक न्यूज

### बच्चे को न दें बोतल से दूध, शीघ्र कराएं स्तनपान

**लखीमपुर-खीरी**। बच्चा दिन में अगर छह से आठ बार पेशाब कर रहा है। स्तनपान के बाद दो घंटे अच्छी तरह से सो रहा है और बच्चे का वजन 15 ग्राम प्रतिदिन के हिसाब से बढ़ रहा है तो इसका मतलब है कि उसका पेट पूरी तरह से भर रहा है। उसकी जरूरत के मुताबिक़ मां का दूध पर्याप्त मात्रा में उसे मिल रहा है। इसलिए स्वास्थ्य कार्यकर्ता मां और परिवार के सदयों को यह बताना सुनिश्चित करें कि बच्चे का पेट मां के दूध से भर रहा है और वह भूखा नहीं है। इसलिए उसे बोतल से कतई दूध न दें। यह कहना है एसीएमओ डा. अश्विनी कुमार का का। उनका कहना है कि बच्चों में वजन न बढ़ने का मुख्य कारण पर्याप्त मात्रा में मां का दूध न मिलनाए आयु के अनुसार ऊपरी आहार की मात्रा एवं गुणवत्ता में कमीए बच्चे का बार.बार संक्रमण से ग्रसित होना, खान-पान में साफ-सफाई की कमी, पेट में कीड़े और चिकित्सीय समस्याएं हैं। इसके अलावा यदि बच्चा बीमार है और उसे खाना देना बंद कर देते हैं तो भी बच्चा कुपोषित हो सकता है। सीएमओ डा. अरुणेंद्र कुमार त्रिपाठी का कहना है कि बच्चों को कुपोषण से बचाने के लिए जरूरी है। सीएमएस जिला महिला चिकित्सालय डा. ज्योति मेहरोत्रा का कहना है कि इसके अलावा बच्चों के कुपोषण का एक और कारण मां का कुपोषित होना है। क्योंकि अगर मां कुपोषित होगी तो बच्चा भी कुपोषित होगा।

### जलभराव की समस्या से परेशान मोहल्लेवासियों ने जामकर किया प्रदर्शन

**सीतापुर**। सीतापुर शहर के मोहल्ला मुंशीगंज में जलभराव की समस्या से परेशान मोहल्लेवासियों ने रोड जामकर प्रदर्शन किया। गोला गोकर्णनाथ रोड पर करीब आधा घंटे आवागमन ठप्प रहा। मोहल्लेवासियों का कहना कि जलभराव व गंदगी की समस्या से वह लोग लम्बे समय से झूझ रहे है। तमाम शिकायतों के बाद भी कोई सुनवाई नही हो रही है। नगर पालिका परिषद वार्ड नंबर 15 फतन सरायं के नागरिकों को कोहना चौकी प्रभारी दिनेश तिवारी ने मय पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचकर शांत कराया। वार्डवासियों ने एसडीएम सदर को संबोधित ज्ञापन चौकी इंचार्ज को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से शिवकुमार अवस्थी के घर से अमित भदौरिया के घर तक नाली व रोड बनवाने की मांग की। मोहल्लेवासी, इससे पूर्व आईजीआरएस व नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी को प्रार्थना पत्र दे चुके हैं कोई सुनवाई न होने से उन्होंने रोड जाम कर प्रदर्शन किया।

### फिल्मों में हाई स्पीड बाइक देखकर अपने शौक पूरे करने के लिए करता था लूट, माल के साथ गिरफ्तार

**बरेली**। बरेली में थाना बारादरी पुलिस ने एक ऐसे लुटेरों को गिरफ्तार किया है जो फिल्मों में हाई स्पीड की गाड़ियां चलती हुई देखकर और अपने शौक पूरे करने के लिए लूट की घटना को अंजाम देता था लूट करते समय गाड़ी की स्पीड काफी तेज रखता था और घटना को अंजाम देकर फरार हो जाता था । गाड़ी को हाई स्पीड पर चलाना फिल्मों में देखकर सीखा । एसएसपी बरेली के निर्देशन में लूटमार करने वाले गिरोह के खिलाफचलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत क्षेत्र अधिकारी तृतीय के नेतृत्व में थाना बारादरी में गठित की गई टीम जिसमें उप निरीक्षक देवेश कुमार कांस्टेबल विक्रांत कुमार हेड कांस्टेबल विनोद कुमार जब गस्त कर रहे थे डोहरा रोड पर चेकिंग के दौरान एक अभियुक्त को मोटरसाइकिल पर आते देखा उसको रोक कर उसकी जामा तलाशी ली गई उसके पास से एक 315 बोर का तमंचा पीली धातु की एक चेन, एक जोड़ी कुंडल पीली धातु एक मोबाइल फोन एप्पल और दो हजार नगद बरामद किए पकड़े गए अभियुक्त आकाश कुमार गौतम पुत्र विशंभर दयाल निवासी खन्ना गोटिया थाना सीबी गंज बताया पुलिस ने आकाश से एक अपाचे मोटरसाइकिल भी बरामद की है आकाश का अपराधी रिकॉर्ड है उस पर चार मुकदमे दर्ज हैं पूछताछ के दौरान आकाश ने 19 अगस्त को मीरगंज में एक महिला से लूट की थी।

### 505 पेटी अंग्रेजी शराब, 40 कट्टे बुरादा सहित दो गिरफ्तार

**बरेली**। थाना बिथरी चौनपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर 405 पेटी अंग्रेजी शराब फॉरसेल इन पंजाब , 40 कट्टे बुरादा भरे और एक ट्रक और दो मोबाइल सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है । थाना बिथरी चौनपुर पुलिस द्वारा की जा रही प्रभावी चौकिंग और खुफिया मुखबिर तन्त्र के माध्यम से कल्लू ढाबे के पास ट्रांसपोर्टनगर अवैध शराब सहित 505 पैटी अंग्रेजी शराब फोरसेल इन पंजाब 40 कट्टे बुरादा भरा एक ट्रक, 2 अदद मोबाइल सहित अभियुक्त मोहम्मद फारूख पुत्र मोहम्मद अहमद निवासी ढकिया जलालपुर थाना बिलसण्डा जनपद पीलीभीत दूसरा इसरार अली पुत्र अबरार अली निवासी मोहल्ला सकलेन नगर थाना बारादरी बरेली को मौके से गिरफ्तार किया गया । इनके विरुद्ध थाना बिथरी चौनपुर बरेली में मुकदमा पंजीकृत किया गया । 505 पैटी अंग्रेजी शराब फोरसैल अपराध करने का तरीका अभियुक्तगण ने पूछने पर बताया गया कि साहब हमारा साथी शाकिर कुरैशी पुत्र उमर कुरैशी निवासी मौहल्ला हजियापुर खजुर वाली मस्जिद थाना बारादरी बरेली है इम लोग शाकिर कुरैशी के साथ मिलकर पंजाब से पंजाब में बिकने वाली अंग्रेजी शराब को गाड़ी में भरकर उसके ऊपर अन्य सामान लादकर छिपाकर तस्करी करके बिहार ले जाकर बेचने का कारोबार करते हैं ।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बरेली** । एक युवक ने एक घर घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी।प्रेम नगर थाना क्षेत्र के मोहल्ला सुर्खा बानखाना में किराए के मकान में रहने वाले नवाबगंज निवासी 30 वर्षीय विजय मौर्य ने बीती रात अपने घर में ही छत के पंखे से रस्सी बांधकर फांसी लगा ली पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि विजय लगभग 10 सालों से किराए के मकान में रहता था और 5 वर्ष पूर्व उसने विशाखा से प्रेम विवाह किया था कल शाम को उसका अपनी पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था इसके बाद तो खाना खाकर कमरे में सोने चला गया देर रात उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली सुबह होने पर उसकी लाश फांसी पर लटकी मिली तब पत्नी ने घटना की जानकारी परिजनों को दी जो मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी पुलिस को दे दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### घर से कुछ ही दूरी पर मिली लापता ग्रामीण की लाश

**बरेली** । दो दिन से लापता एक ग्रामीण की लाश घर से कुछ ही दूरी पर बहने वाली नहर के किनारे पाई गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी मृतक के घर वालों ने हत्या की आशंका जताई। बिथरी चौनपुर थाना क्षेत्र के गांव नरियावल निवासी 55 वर्षीय श्यामवीर पुत्र रामचंद्र की लाश रविवार को सुबह घर से कुछ ही दूरी पर नहर के किनारे पाई गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि श्यामवीर खेती करता था और 9 सितंबर की सुबह घर से बिना बताए बाहर गया था लेकिन वह वापस नहीं लौटा कुछ देर इंतजार करने के बाद घर के लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी और उसे तलाशने की कोशिश शुरू कर दी लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला रविवार की सुबह उसकी लाश घर से कुछ ही दूरी पर नहर के किनारे पाई गई सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे घर वालों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी।

# महिला की संदिग्ध हालात में मौत, हत्या का आरोप

**बरेली**। पति के साथ ऑटो में बैठकर मंदिर जा रही एक महिला की ऑटो में ही मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा मृतका के मायके वालों ने ससुरालियों और पति पर हत्या का आरोप लगाया।बिथरी चौनपुर थाना क्षेत्र के गांव सैदपुर निवासी मूलचंद की 35 वर्षीय पत्नी आरती की आज सुबह तड़के पति के साथ ऑटो में जाते समय रास्ते बालाजी मंदिर सुभाष नगर पहुंचने से पहले ही मौत हो गई जिला अस्पताल में मौजूद मृतका के मायके वालों ने बताया कि सुभाष नगर थाना क्षेत्र के गांव करेली निवासी सोहनलाल की लड़की आरती का विवाह लगभग 7 वर्ष पूर्व मूलचंद से हुआ था वह दो बच्चों की मां थी लेकिन पति और ससुरालिये अक्सर आरती के साथ मारपीट करते थे उसके दो देवर आरती को बुरी तरह पीटते थे जिससे वह परेशान थी आरती जन्माष्टमी के मौके पर अपने मायके आई थी और कुछ देर बाद ही वापस ससुराल चली गई थी लेकिन जब वह ससुराल पहुंची तो उसके साथ फिर से मारपीट की गई वह कुछ दिनों से बीमार चल रही थी कल शाम को उसके साथ देवरो ने फिर मारपीट की जिससे उसकी हालत बिगड़ गई लेकिन उसे अस्पताल में भर्ती नहीं कराया गया आज सुबह वह पति सास और ससुर के साथ बालाजी मंदिर सुभाष नगर जाने के लिए ऑटो पर घर से निकली थी लेकिन मंदिर पहुंचने से पहले ही उसने ऑटो में दम तोड़ दिया तब पति ने मायके वालों को सूचना नहीं दी गांव में रहने वाली आरती की बहन सोनी ने मायके वालों को सूचना दी तब वह मौके पर पहुंचे और उन्होंने घटना की शिकायत पुलिस से कर दी पुलिस ने आरती के पति मूलचंद में उसके ससुर, सास व देवर को हिरासत में लेकर आरती के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी मायके वालों ने पति और ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाया

# देश भर के ईंट निर्माता आगामी 5 दिनों तक नहीं करेंगे कोई कारोबार

- जीएसटी और कोयले के मूल्यों में वृद्धि को लेकर भट्ठा मालिकों ने किया ऐलान

संवाददाता। सीतापुर

**देश भर** के ईंट निर्माता आगामी 5 दिनों तक ईंटों की बिक्री नहीं करेगे। जीएसटी और कोयले के मूल्यों में वृद्धि को लेकर भट्ठा मालिकों ने यह ऐलान किया है। अखिल भारतीर्य इंट व टाइल्स निर्माता महासंघ के आवाहन पर उ.प्र. ईंट निर्माता समिति के तत्वावधान में 12 सितम्बर से 17 सितम्बर तक ईंटों की बिक्री पूरी तरह बंद रहेगी। अपनी 4 सूत्रीय मांगों के समर्थन में भट्ठा मालिकों ने इस बार सीजन में ईंटों की पथाई न करने की घोषणा पहले ही कर रखी है। जिला ईंट उद्योग समिति सीतापुर के महामंत्री बुद्धि प्रकाश डोडेजा, जिला मिडिया प्रभारी शैलेश जबरानी ने संयुक्त रूप से बताया कि समाधान न होने तक हड़ताल जारी रहेगी। भट्ठा मालिकों का कहना है कि जीएसटी कोयले के मूल्य में वृद्धि के अलावा ईंट मिट्टी निकासी में भी उन्हें कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में उ.प्र. के 18 हजार ही नहीं बल्कि देश के डेढ़ लाख भट्ठों पर ईंटों की बिक्री कतई नहीं की जाएगी। इस मौके पर अध्यक्ष हाजी कमालुद्दीन, कोषाध्यक्ष सुरेश लेखवानी मौजूद रहे।

# तीन सितंबर को चला मसूर लदा ट्रक आखिर गया कहां ?

- डीपी फूड्स प्राइवेट लिमिटेड सरायं मलुही से गाजियाबाद के लिए चला था
- 8 लाख 82 हजार कीमत की 90 कुंतल थी मसूर की दाल
- व्यापारी कोतवाली देहात में एफआईआर लिखाने के लिए कई दिनों से रहा भटक

**सीतापुर**। सीतापुर के एक व्यापारी का मसूर की दाल से लदा ट्रक मिल से निकलने के बाद गायब हो गया, मिल से निकलता हुआ ट्रक सीसीटीवी फुटेज में भी कैद हुआ, घटना से बाद ट्रक चालक का मोबाइल बंद है, व्यापारी को आशंका है कि ट्रांसपोटर मोटर मालिक और ट्रक ड्राइवर की तिगड़ी ने मिलकर 8 लाख 82 हजार कीमत की दाल को गायब कर दिया है। तीन सितम्बर से गायब मसूर दाल लदा ट्रक जिस व्यापारी का है वह सीतापुर की कोतवाली देहात में एफआईआर लिखाने के लिए धक्के खाते फिर रहा है। पुलिस एफआईआर ही नहीं लिख रही है। सीतापुर के आर्यनगर मोहल्ले के रहने वाले डीपी फूड्स प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर संजय कुमार अग्रवाल की मिल कोतवाली देहात इलाके के इंडस्ट्रीरियल स्टेट सरांय मलुही में स्थित है, तीन सितम्बर को वैदेही वाटिका कैंट स्टेशन रोड पर स्थित जय मां भवानी ट्रांसपोर्ट कम्पनी के मालिक करूणेश जायसवाल निवासी सदर बाजार की बिल्टी ट्रक संख्या यूपी 81 बी.टी. 8127 जिसके चालक रोहित निवासी नूरवाला पानीपत हरियाणा और ट्रक मालिक पवन सैनी निवासी मुजफ्फर नगर द्वारा मसूर दाल 90 कुन्तल जिसकी कीमत 8 लाख 82 हजार को लोड कराकर जय बालाजी ट्रेडर्स नवीन मंडी गोविन्द पुरम गाजियाबाद को भेजी गई थी। लेकिन मसूर लदी ट्रक वहां नहीं पहुंचा। चालक से जब सम्पर्क किया गया तो उसका मोबाइल स्विच ऑफआ रहा है। व्यापारी संजय अग्रवाल को आशंका है कि ट्रांसपोटर, मोटर मालिक और ट्रक ड्राइवर तीनों मिलकर दाल से लदे ट्रक को गायब कर दिया है। जब वह एफआईआर लिखाने के लिए कोतवाली देहात पहुंचे तो पुलिस एफआईआर लिखने के बजाय उनसे ही पता लगाने को कह रही है।

# श्री महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव में प्रतियोगिताएं

- शतरंज में पवित्र डेकोरेशन में खुशी कुर्सी में आराध्या और आद्या ने जीता प्रथम स्थान

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी



**श्री महाराजा** अग्रसेन जी की 5146वी जयंती के उपलक्ष्य में प्रथम दिन शतरंजए सिल्वर कॉइन डेकोरेशन तथा प्रश्न मंच प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री महाराजा अग्रसेन की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। शतरंज प्रतियोगिता 15 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के लिए संपन्न हुई। इसमें प्रथम स्थान पवित्र अग्रवाल, द्वितीय स्थान रुद्रांश अग्रवाल तथा तृतीय स्थान राहुल अग्रवाल ने प्राप्त किया निर्णायक की भूमिका लखीमपुर डिस्ट्रिक्ट शतरंज एसोसिएशन से मनजीत सिंह तथा नाजिम अली ने निभाई।

सिल्वर कॉइन डेकोरेशन प्रतियोगिता महिलाओं के लिए आयोजित हुई। इसमें प्रथम स्थान खुशी अग्रवाल, द्वितीय स्थान दीपा अग्रवाल तथा तृतीय स्थान श्वेता अग्रवाल ने प्राप्त किया। निर्णायक के तौर पर कुमकुम गुप्ता तथा सपना कक्कड़ मौजूद रहीं। कुर्सी रेस तथा कैरम प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ कुर्सी रेस एवं कैरम प्रतियोगिताएं 2 वर्ग वर्गों में संपन्न हुई। जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान आराध्या अग्रवाल, द्वितीय स्थान अन्वी अग्रवाल तथा तृतीय स्थान नक्श अग्रवाल और सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान आद्या अग्रवाल, द्वितीय स्थान दीयावनी अग्रवाल तथा तृतीय स्थान आदित्य अग्रवाल ने प्राप्त किया।

कैरम जूनियर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आद्विक मित्तल, द्वितीय स्थान आदित्य अग्रवाल तथा तृतीय स्थान अर्श अग्रवाल ने, सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान मुदित अग्रवाल, द्वितीय स्थान संवेग अग्रवाल तथा तृतीय स्थान कार्तिक अग्रवाल ने प्राप्त किया। इस मौके पर रवि अग्रवाल, अनुभव अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, अंकित मित्तल, दिवस अग्रवाल आयुष अग्रवाल, नैतिक अग्रवाल, आधार अग्रवाल, प्रशांत अग्रवाल, वासु अग्रवाल, अविनाश अग्रवाल, रामचंद्र अग्रवाल, लता अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, कविता अग्रवाल, चेतना, संगीता, अनिल अग्रवाल एडवोकेट, तुषार गर्ग तथा समाज के वरिष्ठ गण उपस्थित रहे।

# आरोग्य मेले में व्यवस्थाएं देख नाराज हुए एसीएमओ

**लखीमपुर खीरी**। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अनिल कुमार गुप्ता द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर चल रहे मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उनके द्वारा पीएचसी कालाआम व पीएचसी सकेथू का निरीक्षण किया गया। जहां पर अव्यवस्थाओं को देखकर उन्हें भारी नाराजगी जाहिर की। काला आम में टीवी के मरीजों का रेफरल बलगम परीक्षण हेतु नहीं किया जा रहा था। वहीं वही आशा व आंगनबाड़ी के अनुपस्थित मिली। कुछ ऐसा ही हाल पीएचसी सकेथू का भी मिला।

यहां पर भी आशा और आंगनबाड़ी अनुपस्थित मिली। वहीं एनसीडी द्वारा की जाने वाली स्क्रीनिंग भी नहीं की जा रही थी। इस दौरान जिन कर्मचारियों द्वारा अच्छा काम किया जा रहा था उनकी एसीएमओ द्वारा प्रशंसा भी की गई। उनके द्वारा बताया गया कि मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन आम जनमानस तक स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर रूप से पहुंचाने के लिए किया जा रहा हैए परंतु कई जगह पर तकनीकी समस्याएं भी आ रही हैं। जैसे कि कालाआम में आयुष्मान गोल्डन कार्ड नहीं बनाए जा रहे थे। इसके पीछे का कारण वहां पर इंटरनेट का ना होना बताया गया।

साथ ही लाभार्थी की फीडिंग के दौरान ओटीपी का ना आना देखा गया। यहां आशाओं को आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाने के लिए ट्रेन किया जा चुका है। टीवी के मरीजों का रेफरल बलगम परीक्षण हेतु नहीं किया जा रहा था। एनसीडी की स्क्रीनिंग भी यहां नहीं हो रही थी। साथ ही एएनएम द्वारा किसी भी प्रकार का टीकाकरण नहीं किया जा रहा था।

वहीं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सकेथू की बात करें तो यहां पर समस्त कर्मचारी उपस्थित मिलेए परंतु आशा और आंगनबाड़ी अनुपस्थिति थीं। यहां पर कोविड.19 के सिर्फ10 टीके ही लगाए गए थे। इसे लेकर सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारियों को अनुपस्थित कर्मचारियों का स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए गए हैं।

## पेज एक का शेष

### विपक्ष में...

चार सीटें मिली थीं और कांग्रेस के हिस्से 30 फीसदी वोट के साथ तीन सीटें आई थीं। केसीआर कार्यालय की विज्ञप्ति के अनुसार, कुमारस्वामी ने कहा कि वर्तमान स्थिति में के चंद्रशेखर राव के अपार अनुभव की देश को आवश्यकता है। कुमारस्वामी ने यह भी कहा कि तेलंगाना के लोगों की 60 साल पुरानी आकांक्षाओं को पूरा करते हुए राज्य को प्रगति के पथ पर ले जा रहे केसीआर को राष्ट्रीय राजनीति में वैकल्पिक मोर्चा बनाकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि वह केसीआर को पूरा समर्थन दे रहे हैं। कुमारस्वामी ने केसीआर के जल्द ही राष्ट्रीय पार्टी बनाने और देश की राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का स्वागत किया। कुमारस्वामी ने केसीआर के विकास मॉडल की सराहना करते हुए कहा कि पूरा देश तेलंगाना द्वारा उसके जन्म के बाद सिर्फ 8 वर्षों में की गई प्रगति की चर्चा कर रहा है। दोनों नेताओं ने केंद्र में भाजपा सरकार द्वारा अपनाए गए कदमों को खतरनाक और स्वार्थी राजनीति करार दिया और उसके संभावित परिणामों पर गंभीर चिंता व्यक्त की।

### शरद पवार...

हैं। प्रफुल्ल पटेल ने यह भी कहा कि राकांपा आगामी आम चुनावों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रही है। हालांकि उन्होंने तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की गैर-कांग्रेसी तीसरा मोर्चा बनाने की कोशिश को लगभग खारिज करते हुए कहा कि हम भी यूपीए सरकार का हिस्सा थे। कांग्रेस के साथ हमारा ऐसा कोई मुद्दा नहीं है। शरद पवार शनिवार को फिर पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के दौरान निर्विरोध राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष चुने गए।

### शेर और...

बाघ के शावक की देखभाल करने प्रशांत से बातचीत कर उनका अनुभव भी जाना। प्रशांत ने वर्षा (बाघ शावक) का पालन पोषण किया है। अब वह एक वर्ष से अधिक हो चुकी है। दो और नन्हे शावक, एक शेर की बच्ची, एक बाघ की बालिका का पालन प्रशांत अभी कर रहे हैं, दोनो करीब चार माह के हैं। केंद्रीय राज्यमंत्री चौबे ने बताया कि मनुष्य और जानवर का ऐसा अद्भुत प्रेम देखकर मन प्रफुल्लित हो गया। घायल पशुओं के लिए बने हॉस्पिटल का भी निरीक्षण किया। वहां एक वर्षीय घायल तेंदुआ का इलाज चल रहा था। प्रकृति और मनुष्य का ऐसा समन्वय स्थापित हो तो जानवर भी खुद को सुरक्षित महसूस करेंगे। नंदन कानन की पूरी टीम को उन्होंने बधाई दी। इस अवसर पर दोनों नन्हे बच्चों का कामिनी और हिमांशी नामकरण भी किया।

### वर्ल्ड डेयरी...

वाले विदेशी मेहमानों के प्रवास के दौरान एवं सुगमता के साथ कार्यक्रम में प्रतिभाग कर सकें, इसके लिए समस्त सम्बन्धित अधिकारी माइक्रो प्लान तैयार करते हुये उसी के अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को कहा कि वे यह बात ध्यान रखे कि यह एक अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम है। उन्होंने इस अवसर पर इण्डियन डेयरी फेडरेशन एवं एनडीडीबी के अधिकारियों से कार्यक्रम के सम्बंध में सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम के दौरान गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय के शैक्षिक गतिविधियों एवं अन्य कार्यो की विश्वविद्यालय के अधिकारियों के साथ गहन समीक्षा भी की गई। वहीं, जेवर एयरपोर्ट साईट पर पहुंच कर सीएम योगी ने निर्माणाधीन कार्यो एवं रनवे का गहन स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होने जेवर एयरपोर्ट से जुड़े हुये अधिकारियों के साथ गहन बैठक करते हुये निर्देश दिए कि निर्माण स्थल पर मशीनरी और संसाधन बढ़ाए जाए तथा निर्माण में प्रगति लायी जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि नोएडा इण्टरनेशनल एयरपोर्ट की स्थापना से औद्योगिक अवस्थापना का संरचनात्मक विकास होगा, जिससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, विनिर्माण एवं निर्यात को प्रोत्साहन मिलेगा तथा हवाई यातायात सुगम होगा, साथ ही पर्यटन में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि इस एयरपोर्ट के निकट कई औद्योगिक सेक्टरों का विकास यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में हुआ है। जेवर एयरपोर्ट के सम्बन्ध में सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह, नोडल ऑफि सर शैलेंद्र भाटिया और जुरिक एयरपोर्ट की कम्पनी यमुना इण्टरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ क्रिस्टाफ शेल्लमन्न के द्वारा प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विस्तृत जानकारी मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत की गयी। उन्होंने बताया कि एयरपोर्ट का विकास दो स्टेज में होगा, प्रथम स्टेज में यह एयरपोर्ट दो रनवे का होगा, जो दूसरे स्टेज में बढ़कर पाँच रनवे का हो जाएगा। दो रनवे का यह एयरपोर्ट 7 करोड़ वार्षिक यात्रियों की क्षमता का होगा और इस पर लगभग 30 हजार करोड़ रुपए खर्च होगे। इसका विकास चार चरणो में होगा। वर्तमान में टर्मिनल बिल्डिंग और रनवे का निर्माण प्रारम्भ हो चुका है। माह सितम्बर 2024 में एयरपोर्ट का निर्माण पूर्ण हो जाएगा। एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के क्रम में दूसरे स्टेज में तीन रन वे और बनाए जाएँगे।

### द्वारका पीठ...

स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज 99 वर्ष की आयु में हृदय गति के रुक जाने से ब्रह्मलीन हुए। उन्होंने अपनी तपोस्थली परमहंसी गंगा आश्रम झोतेश्वर में दोपहर 3.21 बजे अंतिम सांस ली। विज्ञप्ति के अनुसार शंकराचार्य ने सनातन धर्म, देश और समाज के लिए अतुल्य योगदान किया। उनसे करोड़ों भक्तों की आस्था जुडी हुई है। इसमें कहा गया है कि वह स्वतन्त्रता सेनानी, रामसेतु रक्षक, गंगा को राष्ट्रीय नदी घोषित करवाने वाले तथा रामजन्मभूमि के लिए लम्बा संघर्ष करने वाले, गौरक्षा आंदोलन के प्रथम सत्याग्रही एवं रामराज्य परिषद के प्रथम अध्यक्ष थे और पाखंडवाद के प्रबल विरोधी थे। इसी बीच, आश्रम के सूत्रों ने बताया, उन्हें नरसिंहपुर के गोटेगांव स्थित उनकी तपोस्थली परमहंसी गंगा आश्रम झोतेश्वर में कल अपराह्न करीब 3-4 बजे भू समाधि दी जाएगी।

### जेईई-एडवांस्ड...

40,712 अभ्यर्थियों ने परीक्षा पास की, जिनमें से 6,516 छात्राएं हैं। उन्होंने कहा, आईआईटी मुंबई जोन के आर. के. शिशिर ने कॉमन रैंक लिस्ट (सीआरएल) में शीर्ष स्थान हासिल किया। उन्होंने 360 में से 314 अंक हासिल किए। आईआईटी दिल्ली जोन की तनिष्का काबरा सीआरएल में 16वें स्थान के साथ महिलाओं की श्रेणी में शीर्ष पर रहीं। उन्हें 360 में से 277 अंक मिले। शिशिर के बाद पोलु लक्ष्मी साई लोहित रेड्डी दूसरे तथा थॉमस बीजू चीरामवेलिल तीसरे स्थान पर रहे। शीर्ष 10 में शामिल परीक्षार्थियों में वंगापल्ली साई सिद्धार्थ, मयंक मोटवानी, पोलीसेट्टी कार्तिकेय, प्रतीक साहू, धीरज कुरुकुंडा, माहित गांधीवाला तथा वेत्चा ज्ञान महेश शामिल रहे। आईआईटी मुंबई के अधिकारी ने कहा, कुल अंकों की गणना गणित, भौतिक विज्ञान और रसायन विज्ञान में हासिल अंकों के योग के आधार पर की जाती है। अभ्यर्थियों को परीक्षा पास करने के लिए आवश्यक कुल अंकों के साथ ही हर विषय में पास होने योग्य अंक लाने होते हैं। देशभर के इंजीनियरिंग कॉलेजों में दाखिले की परीक्षा जेईई-एडवांस्ड देने के लिए जेईई-मेन में पास होना जरूरी होता है।

# पांच युवकों ने किया नाबालिग से सामूहिक दुराचार

संवाददाता। मोहम्मदी-खीरी

**कोतवाली के** एक गाव में नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म का मामला देर रात प्रकाश में आया। बालिका के भाई की तहरीर पर पांच नामजद लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पाचों अभियुक्त पुलिस की हिरासत में है। बालिका की हालत नाजुक देख लखनऊ रेफर कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक ने घटनास्थल का दौरा किया। विवेचना क्राइम इंस्पेक्टर धीरज कुमार शुक्ला कर रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली मोहम्मदी के गोकन पिपरी में रात लगभग नौ बजे बालिका अपनी दादी को खाना देने जा रही थी तभी एक गन्ने के खेत में पांच लोग बालिका को खींच ले गए। बालिका के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। बालिका के भाई अवनीश की तहरीर पर पांच लोगों पर दुष्कर्म के आरोप में मुकदमा दर्ज कर रात में ही पुलिस ने पांचों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं भाई ने दी तहरीर में बताया कि मेरी बहन अपने दादी को खाना देने जा रही थी और इन लोगों ने मेरी बहन को खीच कर गन्ने के खेत में ले गये और उसके साथ दुष्कर्म किया। जब मेरी बहन व मां वहा पहुंची तो बालिका गन्ने के खेत में बेहोश मिली और घर वालों को देख कर सब भाग गये। वहीं पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन ने प्रात: काल ही घटनास्थल का दौरा किया। बालका को मेडिकल व बयान दर्ज कराने हेतु लखीमपुर भेजा गया जहां बालिका ने चार लोगों के बयान दर्ज कराए हैं। बालिका की हालत नाजुक देखते हुए लखीमपुर से लखनऊ के लिए रेफर किया गया है।

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 12 सितम्बर 2022



# 370 की बहाली का वादा करने वालों पर बरसे आजाद

● कहा-लोगों को भ्रमित नहीं करूंगा

**भाषा।** बारामूला (जम्मू-कश्मीर)



**कांग्रेस** के पूर्व नेता गुलाम नबी आजाद ने अपनी राजनीतिक पार्टी शुरू करने की तैयारियों के बीच रविवार को कोई अख्तियार नहीं होने के बावजूद अनुच्छेद 370 की बहाली का वादा करने वाले दलों की जमकर खिंचाई की और कहा कि वह लोगों को गुमराह नहीं करेंगे। पिछले महीने कांग्रेस छोड़ने के बाद कश्मीर घाटी में अपनी पहली रैली में उन्होंने कहा कि केवल संसद में दो-तिहाई बहुमत वाली सरकार ही जम्मू-कश्मीर की विशेष स्थिति की बहाली सुनिश्चित कर सकती है। आजाद ने पिछले महीने कांग्रेस छोड़ने के बाद कश्मीर घाटी में अपनी पहली रैली कहा, आजाद जानता है कि क्या किया जा सकता है और क्या नहीं। मैं या कांग्रेस पार्टी या तीन क्षेत्रीय दल आपको अनुच्छेद 370 वापस नहीं दे सकते, न ही (टीएमसी प्रमुख) ममता बनर्जी, या द्रमुक या (राकांपा प्रमुख) शरद पवार। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वह ऐसे मुद्दे नहीं उठाएंगे, जिन पर उनका कोई नियंत्रण नहीं है। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री ने उत्तरी कश्मीर में डाक बंगला-बारामूला में एक जनसभा में कहा, कुछ लोग कह रहे हैं कि मैं अनुच्छेद 370 के बारे में बात नहीं करता हूं। मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि आजाद चुनावी फायदे के लिए लोगों को बेवकूफ नहीं बनाता है। उन्होंने कहा, मैं अल्लाह के समक्ष कसम खाता हूं कि मैं आपको गुमराह नहीं करूंगा। मैं ऐसे नारे या मुद्दे नहीं उठाऊंगा, जिन पर मेरा कोई नियंत्रण नहीं है।

आजाद ने कहा कि संसद में केवल दो-तिहाई बहुमत वाली पार्टी ही पूर्ववर्ती राज्य का विशेष दर्जा बहाल कर सकती है, जिसे केंद्र ने अगस्त 2019 में रद्द कर दिया था। उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी की हर राज्य में हार के साथ राज्यसभा में उसकी ताकत कम हो रही है ...मुझे नहीं लगता कि कांग्रेस को लोकसभा चुनाव में 350 से ज्यादा सीट मिल सकती हैं। आजाद ने कहा, मैं यह कहां से हासिल कर सकता हूं? लोगों को गुमराह क्यों करूं। पिछले महीने कांग्रेस से अपना पांच दशक पुराना नाता खत्म करने वाले आजाद ने कहा कि वह 10 दिन के भीतर अपनी नई राजनीतिक पार्टी के गठन की घोषणा करेंगे, जिसकी विचारधारा आजाद होगी।

राज्यसभा में विपक्ष के नेता रह चुके आजाद ने कहा कि उनकी पार्टी जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल कराने, अपने लोगों को नौकरियों और जमीन पर विशेष अधिकार देने तथा विकास लाने पर ध्यान केंद्रित करेगी। अपनी पार्टी के अध्यक्ष अल्ताफ बुखारी के इस आरोप का जिक्र करते हुए कि आजाद ने अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के पक्ष में मतदान किया था, उन्होंने कहा कि बुखारी को पहले यह समझना चाहिए कि संसद कैसे काम करती है। आजाद ने कहा, मैंने गृह मंत्रालय द्वारा अनुच्छेद 370 को हटाने के लिए लाए गए विधेयक के खिलाफ मतदान किया था।

जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि वह लोगों से चांद-तारे का वादा नहीं करेंगे, बल्कि राज्य का दर्जा बहाल करने जैसी चीजों का ही वादा करेंगे। उन्होंने कहा, राज्य का दर्जा इसलिए हासिल किया जा सकता है क्योंकि किसी संवैधानिक संशोधन की जरूरत नहीं है... हमें इसके लिए दो-तिहाई बहुमत की जरूरत नहीं है। हमारी जमीन सिर्फ हमारी होनी चाहिए और कोई भी बाहरी व्यक्ति उस पर स्वामित्व रखने में सक्षम नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा, जमीन की तरह हमारी नौकरियां भी केवल हमारी होनी चाहिए। इन दो मुद्दों के लिए संसद की जरूरत नहीं है। इसलिए मैं केवल उन चीजों के बारे में बात करता हूं, जिन्हें हासिल किया जा सकता है।

## दस दिन में नए दल की घोषणा करेंगे आजाद

**बारामूला (जम्मू कश्मीर)।** हाल में कांग्रेस छोड़ने वाले पूर्व केंद्रीय मंत्री गुलाम नबी आजाद ने रविवार को कहा कि वह 10 दिन के भीतर अपनी नई राजनीतिक पार्टी के गठन की घोषणा करेंगे और इसकी विचारधारा आजाद होगी। जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि नए राजनीतिक दल का एजेंडा जम्मू कश्मीर के राज्य के दर्जे की बहाली और लोगों की नौकरी तथा भूमि अधिकारों के लिए संघर्ष करना होगा। आजाद ने 26 अगस्त को कांग्रेस से इस्तीफा देने के बाद कश्मीर घाटी में अपनी पहली जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, मैं अपने सहयोगियों को धन्यवाद देता हूं, जो मेरे साथ खड़े हैं और मेरी नई पार्टी का आधार हैं, जिसकी घोषणा अगले 10 दिन के भीतर की जाएगी। उत्तरी कश्मीर के बारामूला में डाक बंगले में एक जनसभा को संबोधित करते हुए आजाद ने कहा कि उनकी नई पार्टी अपने नाम की तरह अपनी विचारधारा और सोच में आजाद होगी।

उन्होंने कहा, मेरी पार्टी आजाद होगी। मेरे कई सहयोगियों ने कहा कि हमें पार्टी का नाम आजाद रखना चाहिए। लेकिन, मैंने कहा कभी नहीं। लेकिन, इसकी विचारधारा स्वतंत्र होगी, जो किसी अन्य में शामिल या विलय नहीं होगी। ऐसा मेरी मृत्यु के बाद हो सकता है, लेकिन तब तक नहीं। आजाद ने कहा कि जम्मू कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने और लोगों की नौकरी और भूमि अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करने पर जोर दिया जाएगा। उन्होंने जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री रहने के दौरान अपने विकास कार्यों को गिनाते हुए कहा, मेरी पार्टी विकासोन्मुखी होगी। इसका एजेंडा लोगों को रोजगार के अवसर प्रदान करना होगा। आजाद (73) ने कहा कि वह किसी भी राजनीतिक दल के खिलाफ नहीं हैं, चाहे वह राष्ट्रीय हो या क्षेत्रीय। उन्होंने कहा, विभिन्न दलों में कई लोग मेरे दोस्त हैं।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस के प्रसिद्ध नारे तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा का उल्लेख करते हुए आजाद ने जम्मू कश्मीर के लोगों से अपील की कि अगर वे उनका समर्थन करते हैं तो वह उनके लिए अपना खून बहाएंगे। आजाद ने कहा, लेकिन, मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि झूठे नारों के शिकार न हों। आजाद के राज्यसभा सदस्य के तौर पर कार्यकाल खत्म होने पर संसद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण का जिक्र करते हुए, पूर्व कांग्रेस नेता ने कहा, कोई भी इंसान भावुक हो जाता है। आजाद ने कहा, जब मैं जम्मू कश्मीर का मुख्यमंत्री था, तो गुजरात के कुछ पर्यटक आतंकवादी हमले में मारे गए थे। मैं भावुक हो गया और जब मैंने उनके शवों के अवशेष देखे तो मैं रो पड़ा, उनके बच्चे मुझे गले लगा कर रो रहे थे। मैं भी एक इंसान हूं। आजाद ने कहा, मोदी तब गुजरात के मुख्यमंत्री थे। उन्होंने मुझे कई बार फोन किया। मेरे पीए ने उनसे कहा कि मैं रो रहा हूं और बात नहीं कर सकता और बाद में उनसे बात करूंगा। वह दिन में कई बार फोन करते रहे। जब शाम को, मैंने शवों को वापस भेजा, बच्चों ने मुझे फिर से गले लगाया। मैं रो रहा था और मोदी से बात की, जिन्होंने यह जानने के लिए फोन किया था कि क्या शव भेजे जा चुके हैं। आजाद ने कहा, इसलिए जब मैं राज्यसभा से सेवानिवृत्त हुआ तो मोदी भावुक हो गए। उन्हें वह घटना याद आ गई। लेकिन, उन्होंने (मोदी) यह नहीं कहा कि उनका मेरे बिना खाना हजम नहीं होगा या मेरे बारे में सोचे बिना सो नहीं सकते।

आजाद ने कहा, कश्मीर के लोगों को मोदी की टिप्पणियों पर गर्व करना चाहिए, उन्होंने कश्मीर के लोगों की मानवता और आतिथ्य के बारे में क्या कहा। लेकिन, कांग्रेस के नेताओं ने मुझसे इसके बारे में कभी नहीं पूछा। क्योंकि उनके पास दिल नहीं है। वे आपका इस्तेमाल करते हैं और फेंक देते हैं। विपक्ष के जिन नेताओं को मैंने भला-बुरा कहा उन्होंने मेरी इंसानियत, मेरी ईमानदारी और मेरे काम का सम्मान किया। तो इसमें गलत क्या है। आजाद ने 26 अगस्त को कांग्रेस के साथ अपने पांच दशक लंबे संबंध को तोड़ते हुए कहाकि पार्टी पूरी तरह खत्म हो चुकी है। उन्होंने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर पार्टी के पूरे परामर्श तंत्र को ध्वस्त करने का आरोप लगाया था।

# गुजरात : अमित शाह ने हनुमान की 16 फुट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया



सोमनाथ। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को गुजरात के सोमनाथ शहर में सोमनाथ महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद हनुमान की 16 फुट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने सोमनाथ मंदिर में महादेव को चढ़ाए जाने वाले गंगाजल को छानने और बोतलों में भरकर भक्तों को प्रसाद के रूप में देने के लिए सोमनाथ मंदिर की सोमगंगा वितरण सुविधा का भी उद्घाटन किया। केंद्रीय मंत्री ने सोमनाथ ट्रस्ट के एक पोर्टल की भी शुरुआत की, जिसके जरिए भक्तों को मंदिर में पूजा करने के लिए समय की ऑनलाइन बुकिंग करने, दान करने, कमरे बुक करने और सोमनाथ महादेव के सीधे दर्शन की सुविधा मिल सकेगी। शाह सोमनाथ ट्रस्ट के ट्रस्टी भी हैं।

एक विज्ञप्ति के मुताबिक, शाह ने सोमनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की और बाद में समुद्र दर्शन पथ के पास हनुमान की प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने समुद्र दर्शन पथ पर कुल 202 मारुति हाट दुकानों का भी उद्घाटन किया। विज्ञप्ति में कहा गया है कि सोमनाथ ट्रस्ट द्वारा समुद्र दर्शन पथ के किनारे 1.80 करोड़ रुपए की लागत से मारुति हाट दुकानों का निर्माण स्थानीय लोगों को रोजगार देने के इरादे से किया गया है।

## राज्यसभा के लिए मेरा नामित होना अंत्योदय को दिखाता है: गुलाम अली

**जम्मू।** राज्यसभा के लिए नामित होने पर खुशी जताते हुए जम्मू कश्मीर से भाजपा नेता और गुज्जर समुदाय से आने वाले गुलाम अली खटाना ने रविवार को कहा कि यह निर्णय अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति के उदय को दिखाता है और समाज के गरीब वर्ग के लोगों की जीत है। खटाना ने इस निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया और कहा कि वह जम्मू कश्मीर के लोगों के उत्थान के लिए काम करेंगे। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने समाज के उपेक्षित वर्ग के उत्थान के अपने वादे को निभाया और उस समुदाय के साधारण कार्यकर्ता को नामित किया जो पिछले 70 साल से ज्यादा समय तक उपेक्षा का शिकार रहा। खटाना भाजपा की जम्मू कश्मीर इकाई के एक प्रवक्ता रहे हैं और उन्हें शनिवार शाम को राज्यसभा के लिए नामित किया गया। वह पेशे से इंजीनियर हैं और अपने समुदाय से राज्यसभा पहुंचने वाले अकेले व्यक्ति होंगे।

## महाराष्ट्र में वैधव्य परंपराओं पर प्रतिबंध के अभियान को मजबूती

**मुंबई।** महाराष्ट्र में वैधव्य परंपराओं पर प्रतिबंध लगाने के अभियान को अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है और 7,500 से अधिक गांवों ने इन प्रथाओं पर अंकुश लगाने के लिए प्रस्ताव पारित किया है। गणपति पंडालों ने भी संबंधित प्रथाओं के खिलाफ महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का काम किया है। सामाजिक कार्यकर्ता प्रमोद जिंजादे ने पीटीआई-भाषा को बताया कि कोल्हापुर का हेरवाड़ गांव राज्य में ऐसा पहला गांव है, जिसने चूड़ी तोड़ने, सिंदूर पोंछने और मंगलसूत्र तथा बिछुए उतारने जैसी प्रथाओं पर प्रतिबंध लगाने के लिए इस साल मई में एक प्रस्ताव पारित किया था।

विधवाओं को आरती करने और भगवान की मूर्तियों की पूजा करने की अनुमति देने की गणेश पंडालों से की गई मेरी अपील को उत्सव के दौरान अच्छी प्रतिक्रिया मिली। लगभग 100 मंडलों ने विधवाओं को आरती करने की अनुमति दी और 1500 ऐसी महिलाओं को सम्मानित किया। पुणे के पंडाल में आमंत्रित की गईं विधवा आशा शिंदे (80) ने इस घटनाक्रम पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा, वर्ष 2011 में मेरे पति की मृत्यु के बाद से, मैं अकेली रहती हूं क्योंकि मेरे बच्चे विदेश में हैं। पति की मृत्यु के बाद मैंने इस तरह के सार्वजनिक कार्यक्रमों में भाग नहीं लिया है, क्योंकि विधवाओं का समाज में कोई स्थान नहीं है।

उन्होंने कहा, मैं संतुष्ट हूं। मेरे परिवार की महिलाएं कभी भी मेरे साथ विधवा की तरह व्यवहार नहीं करती हैं। मुझे गर्व है कि मैं परिवार के सभी सामाजिक कार्यों में भाग लेती हूं। जिंजादे ने कहा कि आंदोलन जोर पकड़ रहा है और अहमदनगर की अकोले तालुका के ब्राह्मणवाड़ा गांव ने विधवाओं के सम्मान और उनकी गरिमा की रक्षा के लिए कानून बनाने की मांग करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया है।

## कंपनी निदेशक बनकर प्रमुख बैंक के शाखा प्रबंधक से 40 लाख रुपए ठगे

**नागपुर।** नागपुर के रामदासपेठ में एक प्रमुख बैंक के शाखा प्रबंधक से एक व्यक्ति द्वारा 40 लाख रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। वह एक कंपनी का पदाधिकारी है और उसका संबंधित बैंक की एक शाखा में चालू खाता है। बैंक प्रबंधक विवेक कुमार विजय चौधरी को व्हाट्सएप पर एक कंपनी के कथित निदेशक का कॉल आया। बैंक की शाखा में उसका एक चालू खाता है। उसने प्रबंधक से कुछ समूहों को भुगतान करने के लिए कहा। आरोपी व्यक्ति ने संबंधित कंपनी के निदेशक की आवाज की नकल की और शाखा प्रबंधक से कहा कि वह भुगतान प्रक्रिया के लिए चेक आदि का विवरण देगा। चौधरी ने दो चरणों में चार खातों में 27.35 लाख और 12.50 लाख रुपए स्थानांतरित कर दिए। चौधरी ने जब भुगतान की पुष्टि के लिए कंपनी के कार्यालय में फोन किया तो उन्हें पता चला कि कंपनी से किसी ने भी भुगतान के लिए उन्हें कॉल नहीं किया था।

## हिंदू संगठन नवरात्र के दौरान गरबा में आधार कार्ड देखकर प्रवेश की अनुमति देगा

**भाषा।** उज्जैन

**मध्य प्रदेश** के उज्जैन के एक हिंदू धार्मिक नेता ने घोषणा की है कि लव जिहाद के प्रयासों को विफल करने के लिए उनके संगठन के कार्यकर्ता यह सुनिश्चित करेंगे कि आगामी नवरात्रि त्योहार के दौरान प्रदेश में गरबा नृत्य कार्यक्रमों में कोई भी गैर-हिंदू प्रवेश न करे। इस साल 26 सितंबर से शुरू होने वाले देवी दुर्गा के नौ दिवसीय उत्सव के दौरान पारंपरिक गरबा नृत्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

अखंड हिंदू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं आवाहन अखाड़े के महामंडलेश्वर अतुलेशानंद सरस्वती ने शनिवार को यहां मीडिया से बात करते हुए कहा, लव जेहाद को रोकने के लिए हम प्रदेश में समस्त गरबा पंडालों में तिलक लगाकर और आधार कार्ड जांच करके ही लोगों को प्रवेश देंगे। इसके लिए हम राज्य के सभी गरबा पंडालों में अखंड हिंदू सेना के 10-10 कार्यकर्ता और हिंदू वाहिनी की बहनों को नियुक्त करेंगे।

तीन दिन पहले बृहस्पतिवार को राज्य की संस्कृति मंत्री उषा ठाकुर ने कहा था कि लव जिहाद को रोकने के लिए आने वाले नवरात्रि उत्सव के दौरान प्रदेश में गरबा नृत्य स्थलों पर प्रवेश की अनुमति पहचान पत्रों की जांच के बाद ही दी जानी चाहिए। महामंडलेश्वर सरस्वती ने कहा कि लव जेहाद के बढ़ते मामलों को देखते हुए हिंदू धर्म के तमाम संगठनों ने मिलकर तय किया है कि ए मां दुर्गा की आराधना का पर्व है और इसे महिलाएं एवं बेटियां परिवार के साथ जाकर शालीनता से मनाएं। गरबा करें, पर अगर इसमें किसी भी तरह की फूहड़ता और गैर हिंदू का प्रवेश होता है तो उसको पकड़कर सखूत रूप से दंडित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि अखंड हिंदू सेना पिछले 15 सालों से देश भर में हिंदू हितों के लिए कार्य कर रही है और ए पंजीकृत संगठन है, जिसके 2.5 लाख से भी अधिक कार्यकर्ता है। उन्होंने कहा कि इनमें से उज्जैन जिले में ही 7,000 कार्यकर्ता हैं और इसके अलावा, उज्जैन में ।,500 बहनें सिंह वाहिनी की भी हैं, सबको शस्त्र चलाना आता है और वो सुसज्जित भी है।

सरस्वती ने बताया कि हमने होटलों में होने वाले फूहड़ गरबों के लिए भी एक प्रारूप जारी किया है। हम फूहड़ता को होने नहीं देंगे। अगर कोई मुस्लिम इसमें प्रवेश पाता है तो उसको पकड़कर कर सख़्त कार्वाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि गरबा के दौरान जो व्यक्ति हिंदू माता-बहनों को छेड़ेगा, उन्हें पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया जाएगा।

## जम्मू कश्मीर के मौजूदा माहौल में राजनीति में नही आना चाहती हूं : इल्तिजा मुफ्ती

**जम्मू।** पीडीपी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती की बेटी इल्तिजा मुफ्ती ने रविवार को कहा कि वह जम्मू कश्मीर में मौजूदा भय के माहौल में राजनीति में नहीं आना चाहती हैं। साथ ही, उन्होंने जोर देते हुए कहा कि राजनीति में आना और मीडिया की खबरों में रहना उन्हें आकर्षित नहीं करता। हालांकि, उन्होंने राजनीति में आने से पूरी तरह से इनकार नहीं किया और कहा कि किसी के जीवन में ऐसी स्थिति आती है, जो रास्ता दिखाती है, क्योंकि कोई भी भविष्य के बारे में नहीं जानता। उन्होंने यहां एक सम्मेलन में कहा, ...मौजूदा माहौल में, जहां नेता पत्रकार बन गए हैं और पत्रकार स्टेनोग्राफर बन गए हैं, मैं इस तरह के माहौल में राजनीति में नहीं आना चाहती। राजनीति का उद्देश्य लोगों के साथ अपना संबंध बनाना होता है। इल्तिजा ने कहा कि पीडीपी के संस्थापक मुफ्ती मोहम्मद सईद की नातिन होने के नाते उन्होंने जन्म से ही काफी करीब से राजनीति देखी है।

## एचडीबीएफएस ने ट्रक चालक समुदाय के साथ मनाया विश्व फिजियोथेरेपी दिवस

**मुंबई।** एचडीबी फाइनैंशियल सर्विसेज (एचडीबीएफ एस) ने अपनी सीएसआर इनीशिएटिव ट्रांसपोर्ट आरोग्यम केंद्र के तहत खास कर ट्रक चालक समुदाय के लिए फि जियोथेरेपी शिविरों का आयोजन किया है एचडीबीएफ एस ने ट्रक चालकों की सेहत और तंदुरुस्ती का ध्यान रखते हुए कर्नाटक, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, तेलंगाना, महाराष्ट्र, बिहार, ओडिशा, असम और मध्य प्रदेश राज्यों में 8 सितंबर से 12 सितंबर तक फि जियोथेरेपी शिविर का आयोजन किया है। इन राज्यों के तीस शहरों में शिविर लगाए जाएंगे। अधिक से अधिक ट्रक चालकों को इसका लाभ पहुंचाने के लिए परिवहन के गढ़ में और उसके आसपास शिविर लगाने की रणनीतिक योजना बनाई गई है। शिविर के आयोजन में स्थानीय चिकित्सकों, ट्रांसपोर्टरों और उद्योग संघों का सहयोग सुनिश्चित किया गया है। शिविर में ट्रक चालकों को अच्छी स्वास्थ्य सेवा देने के लिए अनुभवी चिकित्सक और अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों का उपयोग किया जाता है। शिविर के आयोजन पर व्यावसायिक वाहन व्यवसाय के राष्ट्र प्रमुख अजय ठाकुर ने कहा कि ट्रक चालकों में समय के साथ मांसपेशियों में भयानक असंतुलन पैदा होता है जिससे हड्डी और नस संबंधी समस्याएं पनपती हैं। इसके बाद उन्हें तरह-तरह से दर्द सताती है। एचडीबी फाइनैंशियल सर्विसेज ने उनके संपर्ण स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए अधिक से अधिक संख्या में चालकों तक पहुंचने और विशेषज्ञों की सलाह पहुंचाने की यह पहल की है ताकि ट्रक चालकों की स्वास्थ्य समस्याएं कम करने के लक्ष्य से पूरे भारत में फिजियोथेरेपी शिविर लगाए जाएं।

## कांग्रेस की असम इकाई के महासचिव ने प्रदेश नेतृत्व को दिशाहीन बताया, इस्तीफा दिया

**गुवाहाटी।** कांग्रेस की असम इकाई के महासचिव कमरुल इस्लाम चौधरी ने रविवार को पार्टी के प्रदेश नेतृत्व को दिशाहीन और भ्रमित करार देते हुए पार्टी से इस्तीफा दे दिया। चौधरी ने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को लिखे पत्र में अपने इस्तीफे की घोषणा की। उन्होंने पत्र में कहा है, ...पिछले कुछ महीनों के दौरान असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी (एपीसीसी) के दिशाहीन और भ्रमित नेतृत्व के कारण राज्य में कांग्रेस की वर्तमान अस्थिरता से मेरे लिए पार्टी के सदस्य के रूप में बने रहने का कोई कारण नहीं रह गया है। चौधरी ने यह भी आरोप लगाया कि उन विधायकों के खिलाफ कोई कार्वाई नहीं की गई, जिन्होंने हाल में हुए राष्ट्रपति चुनाव के दौरान क्रॉस वोटिंग की थी, जबकि एपीसीसी अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा ने सार्वजनिक रूप से यह बात मानी थी। चौधरी ने पत्र में कहा है क्रॉस वोटिंग में शामिल विधायकों के खिलाफ कार्वाई नहीं करने से मेरे जैसे हजारों जमीनी कार्यकर्ताओं का मनोबल गिरा है।

## मोटर दुर्घटना मामले में मुआवजे के लिए मृतक की आय को लेकर सुदृढ़ नजरिए की जरूरत: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने उदार रुख अपनाते हुए कहा है कि मोटर दुर्घटना के मामलों में मुआवजा देते समय मृतक की कमाई के लिहाज से सुदृढ़ नजरिया अपनाना चाहिए, यदि वह खुद की खेती करने वाला एक किसान या खुद का काम करने वाला एक कुशल श्रमिक है। न्यायमूर्ति डी. वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ ने केरल उच्च न्यायालय के आदेशों के खिलाफ दो अपील की सुनवाई की, जिसमें उसने मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण (एमएसीटी) द्वारा दिए गए मुआवजे की राशि कम कर दी थी। पहले मामले में एमएसीटी ने 30 जनवरी, 2017 को अनानास की खेती करने वाले मृतक के परिजनों को 26.75 लाख रुपए का मुआवजा दिया था। एमएसटी ने उसकी मूल आय 12,000 रुपए प्रति माह को इसका आधार माना। लेकिन उच्च न्यायालय ने एमएसीटी द्वारा गणना की गई आय को 12,000 रुपए से घटाकर 10,000 रुपए कर दिया। मौजूदा मामले में मृतक अनानास की खेती करने वाला किसान था। दुर्घटना एक अक्टूबर 2015 को हुई थी। ऐसे मामलों में कमाई की मात्रा पर सुदृढ़ नजरिया अपनाया जाना चाहिए, क्योंकि इसके दस्तावेजी सबूत उपलब्ध नहीं हो सकते हैं, विशेष रूप से एक खुद की खेती करने वाले कृषक की कमाई को साबित करने के लिए।

शीर्ष अदालत ने हाल ही में अपनी वेबसाइट पर अपलोड किए गए आदेश में कहा कि उसके विचार में एमएसीटी द्वारा अपनाई गई 12,000 रुपए प्रति माह की आय को अनियमित या मनमाना नहीं माना जा सकता है। उच्च न्यायालय की ओर से मृतक की आय की मात्रा को 12,000 रुपए से घटाकर 10,000 रुपए प्रति माह करके मुआवजे में हस्तक्षेप करने का कोई औचित्य नहीं था। शीर्ष अदालत ने मुआवजे की कुल राशि 26.75 लाख रुपए बहाल कर दी और आदेश दिया कि मृतक के परिजनों को देय शेष राशि का भुगतान नौ प्रतिशत प्रति वर्ष की ब्याज दर के साथ एक महीने के भीतर किया जाए।

एक अन्य मामले में एमएसीटी ने मृतक के परिवार को 24.59 लाख रुपए का मुआवजा देने का आदेश दिया, जो एक बढ़ई था, उसकी मूल आय 15,000 रुपए प्रति माह आंकी गई थी। उच्च न्यायालय ने एमएसीटी द्वारा गणना की गई आय को फिर से 15,000 रुपए से घटाकर 10,000 रुपए कर दिया। शीर्ष अदालत की पीठ ने कहा, मामले में मृतक एक बढ़ई था। दुर्घटना तीन मई, 2015 को हुई थी। ऐसे मामलों में कमाई पर सुदृढ़ नजरिया अपनाया जाना चाहिए था, क्योंकि (कमाई के) दस्तावेजी सबूत उपलब्ध नहीं हो सकते हैं। शीर्ष अदालत ने परिस्थितियों को देखते हुए 24.59 लाख रुपए की मुआवजा राशि को बहाल कर दिया और निर्देश दिया कि अपीलकर्ता (मृतक के परिजन) को देय शेष राशि का भुगतान नौ प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर के साथ एक महीने के भीतर किया जाए।

## सूरत में रसायन फैक्टरी में आग लगने से चार मजदूरों की मौत, 20 अन्य घायल

**सूरत।** गुजरात के सूरत शहर में रसायन की एक फैक्टरी में भीषण आग लगने से चार मजदूरों की मौत हो गई, जबकि 20 अन्य झुलस गए। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। सूरत के प्रभारी मुख्य अग्निशमन अधिकारी बसंत पारिख ने कहा कि शनिवार रात करीब 10.30 बजे सचिन गुजरात औद्योगिक विकास निगम (जीआईडीसी) क्षेत्र में स्थित अनुपम रसायन इंडिया लिमिटेड की फैक्टरी में खतरनाक रसायनों से भरे कंटेनर में भीषण विस्फोट के बाद आग लग गई। सचिन जीआईडीसी थाने के अधिकारियों ने पहले दिन में कहा था कि एक मजदूर की मौत हो गई और तीन अन्य लापता हैं। बाद में उन्होंने घटना में चार लोगों की मौत की पुष्टि की। सचिन जीआईडीसी के पुलिस निरीक्षक डी वी बलदानिया ने बताया कि देर रात एक झुलसा हुआ शव बरामद किया गया, जबकि तीन अन्य लापता मजदूरों के शव फैक्टरी परिसर से मिले। उन्होंने बताया कि आग की चपेट में आने से कम से कम 20 मजदूर झुलस गए और उनका शहर के विभिन्न अस्पतालों में इलाज किया जा रहा है।

पारिख ने बताया कि सूचना मिलने पर दमकल की 15 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। अनुपम रसायन कंपनी ने एक बयान जारी तक घटना को दुर्भाग्यपूर्ण करार देते हुए कहा कि आग फैक्टरी के एक निर्माण ब्लॉक में लगी थी। कंपनी ने कहा, हमारा एक विशेष जांच दल घटना के असल कारण की पड़ताल में जुटा है। घटना में घायल हुए 20 मजदूरों का स्थानीय अस्पताल में इलाज चल रहा है। कंपनी ने कहा, वर्तमान में हमारी प्राथमिकता हमारे कर्मचारी हैं। एक जिम्मेदार कॉरपोरेट के रूप में हम अपने प्रभावित कर्मचारियों और उनके परिजनों का सहयोग करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उसने कहा, हम नुकसान का आकलन करने की कोशिश कर रहे हैं और जल्द ही फैक्टरी के संचालन के लिए उचित कार्वाई करेंगे।

## छठे शूटर ने देश छोड़ने की योजना बनाई थी

मूसेवाला हत्याकांड

● सहयोगी ने सलमान खान की टोह ली थी: डीजीपी

**चंडीगढ़।** पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने रविवार को कहा कि सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड में शामिल छठे शूटर दीपक मुंडी ने फर्जी पासपोर्ट की मदद से भारत से दुबई भागने की योजना बनाई थी। डीजीपी ने यह भी कहा कि मुंडी के सहयोगी कपिल पंडित ने बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान को मारने की रणनीति तैयार करने के लिए गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के इशारे पर अभिनेता की टोह ली थी। पंजाबी गायक मूसेवाला की हत्या के तीन महीने बाद छठे शूटर मुंडी और उसके दो साथियों को शनिवार को पश्चिम बंगाल के दार्जीलिंग जिले के खारीबाड़ी पुलिस थाना क्षेत्र में भारत-नेपाल सीमा चौकी से गिरफ्तार किया गया था।

यह दिल्ली पुलिस और केंद्रीय एजेंसियों का संयुक्त अभियान था। दिल्ली पुलिस ने इससे पहले तीन शूटरों को गिरफ्तार किया था, जबकि पंजाब पुलिस ने मुठभेड़ में दो अन्य को मार गिराया था।

पंजाब के मानसा जिले में 29 मई को सिद्धू मूसेवाला के नाम से मशहूर पंजाबी गायक शुभदीप सिंह सिद्धू की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मुंडी के दो सहयोगियों कपिल पंडित और राजिंदर जोकर पर हत्या के लिए हथियार मुहैया कराने का आरोप लगाया गया है। जिले की एक अदालत ने रविवार को मुंडी, पंडित और जोकर को छह दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया। डीजीपी गौरव यादव ने चंडीगढ़ में संवाददाताओं से कहा, पंजाब पुलिस ने शुभदीप सिंह हत्याकांड में केंद्रीय एजेंसियों और दिल्ली पुलिस के साथ संयुक्त अभियान चलाकर शनिवार को तीन गिरफ्तारियां की हैं। इस मामले में अब तक 23 गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। उन्होंने बताया कि मामले में कुल 35 आरोपियों के नाम सामने आए हैं। एक अन्य आरोपी सचिन बिश्नोई को पहले अजरबैजान में हिरासत में लिया गया था।

यादव ने कहा कि शनिवार को गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपियों से प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि राजिंदर पहले नेपाल में था और वह कनाडा में मौजूद गैंगस्टर गोल्डी बराड़ के संपर्क में था, जो इस मामले का मास्टरमाइंड है। बराड़ उनके भागने की योजना का मास्टरमाइंड भी था। डीजीपी ने उनके भागने की योजना का विवरण साझा करते हुए कहा, मुंडी और कपिल पंडित हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश से अपना ठिकाना बदलकर पश्चिम बंगाल पहुंचे थे। उन्होंने फर्जी पासपोर्ट का उपयोग करके नेपाल के रास्ते दुबई भागने की योजना बनाई थी। यादव ने कहा कि वैकल्पिक योजना नेपाल और भूटान के रास्ते भूमि मार्ग से थाईलैंड पहुंचने की थी या अगर नेपाल में उन्हें फर्जी पासपोर्ट दिए जाते तो वे बैंकॉक के लिए उड़ान भरते और बाद में दुबई पहुंचते।

# होलीरूडहाउस पैलेस लाया गया महारानी का शव

● लंदन में अंतिम संस्कार से पहले एडिनबर्ग में एलिजाबेथ का पार्थिव शरीर





भाषा। लंदन

**ब्रिटेन** की दिवंगत महारानी एलिजाबेथ द्वितीय का ताबूत रविवार को एबर्डीनशायर के बाल्मोरल कैसल से स्कॉटलैंड स्थित उनके आधिकारिक आवास होलीरूडहाउस पैलेस लाया गया। इस दौरान महारानी के अंतिम सफर में शामिल होने के लिए रास्ते में हजारों लोगों की भीड़ इकट्ठा थी। एलिजाबेथ द्वितीय के बड़े बेटे महाराज तृतीय के शब्दों में यह 19 सितंबर को लंदन में अंतिम संस्कार से पहले उनकी मां की अंतिम महान यात्रा के पहले चरण का अंत था। छह घंटे की यात्रा तय कर बाल्मोरल कैसल से होलीरूडहाउस पैलेस लाए गए महारानी के ताबूत को सोमवार दोपहर तक इस महल के थ्रोन रूम में रखा जाएगा, जहां शाही परिवार के सदस्य उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। ताबूत को शाही बैनर रॉयल स्टैंडर्ड ऑफ स्कॉटलैंड में लपेटा गया था और इस पर फूलों का गुलदस्ता रखा हुआ था। महारानी एलिजाबेथ द्वितीय का बृहस्पतिवार को बाल्मोरल कैसल में निधन हो गया था। वह 96 वर्ष की थीं। महारानी का ताबूत को लेकर चल रहा वाहन सात कारों के काफिले के साथ भारी पुलिस बल की मौजूदगी में धीरे-धीरे एडिनबर्ग की तरफ बढ़ा। इस दौरान रास्ते में खड़े लोगों ने दिवंगत महारानी को पुष्पांजलि अर्पित की। काफिले में एलिजाबेथ द्वितीय की बेटी राजकुमारी ऐनी मौजूद थीं। सप्ताह के अंत में महारानी के ताबूत को लंदन ले जाया जाएगा। बकिंघम पैलेस ने राजकीय अंतएष्टि संबंधी योजनाओं की जानकारी साझा की है। इसके तहत अंतिम संस्कार सोमवार 19 सितंबर को वेस्टमिंस्टर एबे में होगा। इस दिन ब्रिटेन में राजकीय अवकाश घोषित किया गया है। अंतिम संस्कार से पहले दिवंगत महारानी का पार्थिव शरीर चार दिनों के लिए संसद परिसर के भीतर वेस्टमिंस्टर हॉल में रखा जाएगा, ताकि ब्रिटेन की जनता उन्हें श्रद्धांजलि दे सके। शनिवार को महारानी के विंडसर, बाल्मोरल और लंदन स्थित आवासों पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित करने के लिए हजारों लोगों की भीड़ जुटी थी। ब्रिटेन में सभी महलों और सरकारी भवनों के ऊपर लगे झंडों को नए महाराज चार्ल्स तृतीय की ताजपोशी की उद्घोषणा के मद्देनजर फहराया गया था।

## महारानी के पालतू कुत्तों के भविष्य को लेकर पैदा हुई अनिश्चितता

**लंदन।** ब्रिटेन की महारानी दिवंगत एलिजाबेथ द्वितीय छोटे पैरों वाले अपने पालतू कुत्तों से बेहद प्यार करती थीं, लेकिन उनके निधन ने उनके भविष्य को लेकर भी अनिश्चतता पैदा कर दी है। महारानी की पुत्रवधू दिवंगत डायना ने एक बार इन कुत्तों की चर्चा करते हुए इन्हें चलता फिरता कालीन करार दिया था, जो सदा उनकी सास के साथ रहते थे। महारानी एलिजाबेथ द्वितीय का बचपन से ही कॉर्गी नस्ल के कुत्तों के प्रति अनुराग था और उन्होंने अपने जीवनकाल में करीब 30 कुत्तों को पाला, जो शाही परिवार के पालतू जानवर होने का विशेषाधिकार से लैस थे। हालांकि, महारानी का पिछले सप्ताह निधन होने के बाद लोगों की चिंता है कि अब उनके इन पालतू कुत्तों की देखभाल कौन करेगा। कयास लगाए जा रहे हैं कि इन कुत्तों को शाही परिवार के अन्य सदस्यों के पास भेज दिया जाएगा, जबकि कुछ का कहना है कि इनकी देखभाल शाही परिवार की सेवा में लगे कर्मियों की जिम्मेदारी होगी।

## चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के अधिवेशन में राष्ट्रपति शी चिनफिंग को मिलेंगे और अधिकार

**बीजिंग।** चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी राष्ट्रपति शी चिनफिंग को अगले पांच साल या उससे अधिक समय तक देश का नेतृत्व करने के लिए और अधिक अधिकार देने को लेकर अगले महीने महत्वपूर्ण अधिवेशन में अपने संविधान में संशोधन करने के लिए तैयार है। विश्लेषकों के अनुसार, सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा इस सप्ताह पार्टी के आगामी राष्ट्रीय अधिवेशन में अपने संविधान में संशोधन करने की घोषणा के बाद शी की शक्तियां और बढ़ेंगी। कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना (सीपीसी) की प्रमुख नीति निर्माण समिति, 25 सदस्ईय पोलित ब्यूरो की बैठक पिछले शुक्रवार को हुई थी। पोलित ब्यूरो ने कहा, बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि 20वीं सीपीसी राष्ट्रीय कांग्रेस बहुत महत्वपूर्ण अधिवेशन है जिसे अहम मौके पर आयोजित किया जाना है। शी चिनफिंग पार्टी का नेतृत्व करते रहेंगे, बैठक में इसका संकेत देते हुए कहा गया, सीपीसी केंद्रीय समिति के साथ कॉमरेड शी चिनफिंग के मजबूत नेतृत्व में, पूर्व की उपलब्धियों को बरकरार रखते हुए पूरी पार्टी और सभी चीनी लोगों को एकजुट रखने के प्रयास किए जाने चाहिए। पद पर शी की निरंतरता को नेतृत्व संरचना में एक प्रमुख नीति परिवर्तन के रूप में माना जाता है क्योंकि संस्थापक माओ को छोड़कर शी के सभी पूर्ववर्ती दो से पांच साल के कार्यकाल के बाद सेवानिवृत्त हुए। माओ के बाद मुख्य नेता की उपाधि पा चुके शी (69) पांच साल का अपना दूसरा कार्यकाल इस साल पूरा कर रहे है। पोलित ब्यूरो की बैठक के बाद जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया, पार्टी संविधान सीपीसी का सामान्य चार्टर है।

## पापुआ न्यू गिनी में 7.6 तीव्रता का भूकंप, तीन की मौत

**वेलिंगटन (न्यूजीलैंड)।** पापुआ न्यू गिनी के दूरवर्ती इलाके में रविवार की सुबह 7.6 तीव्रता के भूकंप का झटका महसूस किया गया जिससे इसमें कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई। प्राधिकारियों ने बताया कि कुछ लोग घायल भी हुए है और इमारतों को भी नुकसान पहुंचा है। भूकंप के झटके पूरे देश में महसूस किए गए। मोरोबे प्रांतीय आपदा के निदेशक चार्ली मसांगे ने बताया कि सोने की खदान वाले वाऊ शहर में एक भूस्खलन में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि मलबा गिरने से अन्य लोग घायल हुए है। उन्होने बताया कि भूकंप से कुछ स्वास्थ्य केंद्रों, मकानों, ग्रामीण सड़कों तथा राजमार्गों को भी नुकसान पहुंचा है मसांगे ने कहा कि क्षेत्र में नुकसान तथा हताहतों का पता लगाने में कुछ वक्त लग सकता है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र की आबादी कम होने तथा भूकंप के केंद्र के आसपास ऊंची इमारते कम होने के कारण किसी बड़ी आपदा की आशंका नही है। देश के मध्य क्षेत्र मे 2018 मे 7.5 तीव्रता के भूकंप में कम से कम 125 लोग मारे गए थे। अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण के अनुसार, भूकंप स्थानीय समयानुसार सुबह नौ बजकर 46 मिनट पर आया और इसका केंद्र जमीन से 90 किलोमीटर की गहराई मे स्थित था। राष्ट्रीय समुद्री और वायुमंडलीय प्रशासन (एनओएए) ने कहा कि इलाके मे सुनामी का कोई खतरा नही है, यह भूकंप के लिहाज से संवेदनशील क्षेत्र है।

## मेक्सिको में दो वाहनों की टक्कर में 18 लोगों की मौत

**मेक्सिको सिटी।** उत्तरी मेक्सिको मे ईंधन से भरे टैंकर और यात्री बस की टक्कर मे कम से कम 18 लोगो की मौत हो गई। अधिकारियो ने यह जानकारी दी। तमाऊलिपास राज्य के अभियोजकों ने कहा कि टक्कर से दोनो वाहन पूरी तरह से जल गए। पुलिस की तरफ से जारी की गई तस्वीरो मे बस जल कर धातु के ढेर के समान प्रतीत हो रही है। तमाऊलिपास राज्य की पुलिस ने शुरुआत मे बताया था कि नौ शवो के अवशेष मिले है। बाद मे उन्होने बताया कि नौ और अवशेष प्राप्त हुए है, जिससे अब तक 18 लोगो के मारे जाने की पुष्टि हुई है। उन्होने कहा कि मृतक संख्या बढ़ सकती है। यह दुर्घटना तड़के मॉन्टेरी शहर की ओर जाने वाले राजमार्ग पर हुई। माना जा रहा है कि ईंधन ले जा रहे टैंकर का चालक ठीक है और उससे पूछताछ की जा रही है। बस हिडालगो से मॉन्टेरी शहर की ओर जा रही थी।

## स्पेन के प्रख्यात उपन्यासकार जेवियर का निधन

**मैड्रिड।** स्पेन के प्रख्यात उपन्यासकार जेवियर मारियास का निधन हो गया है। वह 70 वर्ष के थे। उनके प्रकाशक ने रविवार को यह जानकारी दी। स्पेन की समाचार एजेंसी ईएफई के मुताबिक, फेफड़ो के संक्रमण से जूझ रहे मारियास का एक अस्पताल मे निधन हो गया। मारियास 15 उपन्यासो के लेखक थे। इसके अलावा वह अनुवादक और स्तंभकार भी थे। उनकी कई कृतियों का अंग्रेजी और अन्य भाषाओं में अनुवाद किया गया है। स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने ट्वीट किया, स्पेन के साहित्य जगत के लिए बेहद दुखद दिन है। हमारे युग के महानतम लेखको में से एक जेवियर मारियास हमे छोड़कर चले गए है।

# पूर्वी यूक्रेनी शहरों में रातभर हुए हमले

भाषा। पोक्रोव्स्क(यूक्रेन)

**गोलाबारी से तबाह** घर के कमरे में मलबा बिखरा हैं और एक फोन की घंटी लगातार बज रही है, लेकिन इस कॉल का जवाब कभी नहीं दिया जा सकेगा। क्योंकि टूटे हुए कांच के टुकड़ों को कुचलते हुए पुलिस जब इस घर में घुसी तो मिसाइल विस्फोट से तबाह इस घर में फोन का मालिक फर्श पर बेजान पड़ा हुआ था, जिसे उसने काले बॉडी बैग में लपेटा। पूर्वी यूक्रेनी शहर पोक्रोव्स्क में कई जगह हुए हमलों में से एक जगह का यह केवल नमूनाभर है। दोनेत्स्क के गवर्नर पावलो किरिलेंको के अनुसार शनिवार की रात और रविवार की सुबह पोक्रोव्स्क शहर पर ताबड़तोड़ मिसाइल हमले हुए। उन्होंने कहा कि अकेले शनिवार को शहर में कम से कम 10 लोग हमले में मारे गए। यह हमला तब हुआ जब यूक्रेन खार्किव क्षेत्र में उत्तर की ओर जवाबी कार्वाई करते हुए आगे बढ़ा और रूसी सेना को प्रमुख क्षेत्रों में पीछे धकेल दिया। मेयर रुस्लान ट्रेबुश्किन ने टेलीग्राम पर पोस्ट किए गए एक संदेश में कहा कि मृतकों में से छह पोक्रोव्स्क में थे। अग्रिम पंक्ति से लगभग 40 किलोमीटर दूर इस औद्योगिक शहर में इसके पहले मई और जुलाई में भी दो बार मिसाइलों से हमले किए गए थे, लेकिन एक रात में इतने अधिक हमले पहले कभी नहीं हुए। मारे गए लोगों में से कम से कम तीन की मौत तब हुई, जब एक मिसाइल से छोटे घरों की एक पंक्ति और पास की ट्रेन की पटरियों के बीच हमला किया गया। इससे पास की एक खाली इमारत का हिस्सा ढह गया, एक घर जल गया और कई अन्य घर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।

## अमेरिका में 9-11 हमले की 21वीं बरसी मनाई गई, बाइडन ने दी पुष्पांजलि

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में रविवार को 11 सितंबर 2001 को हुए आतंकवादी हमले की 21वीं बरसी मनाई गई। राष्ट्रपति जो बाइडन ने पेंटागन में पुष्पांजलि अर्पित कर हमले में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि दी। 9-11 हमले की 21वीं बरसी ऐसे समय में मनाई गई है, जब अफगानिस्तान से अमेरिकी बलों की पूर्ण वापसी को एक साल पूरा हो चुका है। 11 सितंबर 2001 को हुए आतंकवादी हमले के जवाब में अमेरिका और उसके सहयोगी देशों के बलों ने अफगानिस्तान में लंबा अभियान चलाया था। हमले की बरसी के मौके पर विभिन्न स्थानों पर लोग जमा हुए और इसमें मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी। अलकायदा ने 21 साल पहले अपहृत विमानों के जरिए न्यूयॉर्क में वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, पेंटागन और पेनसिल्वेनिया में सिलसिलेवार हमले किए गए थे।

# भारत-सऊदी सहयोग साझा विकास, समृद्धि का वादा करता है : विदेश मंत्री जयशंकर

भाषा। रियाद



**भारत और** सऊदी अरब के बीच रणनीतिक संबंधों के महत्व को रेखांकित करते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को कहा कि सहयोग साझा विकास, समृद्धि, स्थिरता, सुरक्षा और विकास का वादा करता है। जयशंकर सऊदी अरब के साथ भारत के संबंधों को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए तीन दिवसीय यात्रा पर शनिवार को यहां पहुंचे। विदेश मंत्री ने रविवार सुबह रियाद में प्रिंस सऊद अल फैसल इंस्टीट्यूट ऑफ डिप्लोमैटिक स्टडीज में राजनयिकों को संबोधित किया। उन्होंने एक ट्वीट में कहा, आज सुबह रियाद में प्रिंस सऊद अल फैसल इंस्टीट्यूट ऑफ डिप्लोमैटिक स्टडीज में राजनयिकों को संबोधित किया। ऐसे समय जब दुनिया विभिन्न मुद्दों का सामना कर रही है, भारत-सऊदी रणनीतिक संबंधों के महत्व को रेखांकित किया। जयशंकर ने एक अन्य ट्वीट में कहा, हमारा सहयोग साझा विकास, समृद्धि, स्थिरता, सुरक्षा और विकास का वादा करता है। विदेश मंत्री के तौर पर जयशंकर की सऊदी अरब की यह पहली यात्रा है। यात्रा के दौरान, जयशंकर सऊदी अरब के अपने समकक्ष शहजादे फैसल बिन फरहान अल सऊद के साथ भारत-सऊदी अरब रणनीतिक भागीदारी परिषद के ढांचे के तहत स्थापित राजनीतिक, सुरक्षा, सामाजिक और सांस्कृतिक सहयोग समिति (पीएसएससी) की पहली मंत्रिस्तरीय बैठक की सह-अध्यक्षता करेंगे। भारत और सऊदी अरब के बीच सदियों पुराने आर्थिक और सामाजिक-सांस्कृतिक संबंधों के साथ सौहार्दपूर्ण और मैत्रीपूर्ण संबंध हैं। सऊदी अरब भारत का चौथा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है।

## चीन सहित श्रीलंका के कर्जदाताओं को ऋण का पुनर्गठन करना चाहिए

**कोलंबो।** अमेरिका अपनी ऋण पुनर्गठन प्रक्रिया में श्रीलंका की सहायता के लिए तैयार है और चीन सहित द्वीपीय देश के सभी कर्जदाताओं को इस प्रयास मे सहयोग करना चाहिए। एक अमेरिकी राजनयिक ने रविवार को यह बात कही। श्रीलंका ने इस महीने की शुरुआत में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से 2.9 अरब अमेरिकी डॉलर के राहत पैकेज के लिए एक कर्मचारी-स्तर का समझौता किया था। आईएमएफ ने कहा है कि कर्ज जारी करने से पहले चीन सहित श्रीलंका के सभी कर्जदाताओं को अपने मौजूदा ऋणों के पुनर्गठन पर सहमत होना होगा।

## राष्ट्रीय ई-वाणिज्य नीति पर विचार-विमर्श जारी: डीपीआईआईटी सचिव

**नई दिल्ली।** देश में ई-वाणिज्य क्षेत्र को समर्थन देने के लिए राष्ट्रीय ई-वाणिज्य नीति बनाने को लेकर हितधारकों के बीच विचार-विमर्श चल रहा है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह कहा। उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) में सचिव अनुराग जैन ने कहा कि व्यापक सार्वजनिक विचार-विमर्श और अहम सुझाव मिलने के बाद नीति का मसौदा तैयार कर लिया गया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय ई-वाणिज्य नीति बनाने के लिए हितधारकों के साथ बातचीत चल रही है। पीएम गतिशक्ति नेशनल मास्टर प्लान के बारे में जैन ने कहा कि इसे अपनाने के लिए राज्य और केंद्रशासित प्रदेश राजी है। उन्होने कहा कि सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के लिए एक पोर्टल बनाया गया है और उन सभी को अवसंरचना परियोजनाओं की समेकित योजना बनाने के लिए पीएम गतिशक्ति राज्य मास्टरप्लान का इस्तेमाल करने के बारे में बताया जा रहा है।

## अनुषंगी कंपनियों को सूचीबद्ध करने के लिए पुनर्गठन की संभावनाएं तलाश सकती है रिलायंस

**नई दिल्ली।** अरबपति उद्योगपति मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) कंपनी को तीन स्वतंत्र इकाइयों में पुनर्गठित करने की संभावनाएं तलाश सकती है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। कोटक इंस्टिट्यूशनल इक्विटीज की एक रिपोर्ट के मुताबिक, विभिन्न व्यावसायिक कार्यक्षेत्रों के आधार पर पुनर्गठन किया जा सकता है। रिपोर्ट मे आगे कहा गया कि रिलायंस अपनी अनुषंगी कंपनियों को सूचीबद्ध करने की तैयारी कर रही है, जिसके चलते यह पुनर्गठन किया जा रहा है।

# बीमा कानून में बदलाव पर विचार कर रहा है वित्त मंत्रालय, न्यूनतम पूंजी की जरूरत को कम करेगा



भाषा। नई दिल्ली

**वित्त मंत्रालय** देश में बीमा की पहुंच बढ़ाने के लिए बीमा कानूनों में बदलाव पर विचार कर रहा है। इनमें न्यूनतम पूंजी की जरूरत को कम करने का प्रस्ताव भी शामिल है। देश में बीमा पहुंच 2019-20 के 3.76 प्रतिशत से बढ़कर 2020-21 में 4.20 प्रतिशत हो गई है। यह 11.70 प्रतिशत की वृद्धि बैठती है। मुख्य रूप से कोविड-19 महामारी की वजह से सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के अनुपात में बीमा प्रीमियम के प्रतिशत के आधार पर मापी जाने वाली बीमा पहुंच में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। सूत्रों ने बताया कि मंत्रालय बीमा कानून, 1938 की व्यापक समीक्षा कर रहा है और क्षेत्र की वृद्धि के लिए कुछ उचित बदलाव करना चाहता है। उन्होंने बताया कि यह प्रक्रिया अभी शुरुआती चरण में है। सूत्रों ने बताया कि मंत्रालय बीमा कारोबार शुरू करने के लिए न्यूनतम पूंजी की जरूरत को 100 करोड़ रुपए से घटाना चाहता है। न्यूनतम पूंजी की जरूरत को कम करने पर बैंकिंग क्षेत्र की तरह विभिन्न प्रकार की कंपनियां बीमा कारोबार में उतर सकेंगी।

## वाणिज्य मंत्रालय के पुनर्गठन पर रिपोर्ट का अध्ययन, व्यापार संवर्द्धन निकाय का प्रस्ताव : गोयल

**लॉस एंजिलिस।** वाणिज्य मंत्रालय अभी अपने पुनर्गठन पर रिपोर्ट के ब्योरे का अध्ययन कर रहा है। इसके साथ ही एक व्यापार संवर्द्धन निकाय के गठन का भी प्रस्ताव है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को यह जानकारी दी। भारत का 2030 तक वस्तुओं और सेवाओं का 2,000 अरब डॉलर का निर्यात करने का लक्ष्य है। इसी लक्ष्य के तहत मंत्रालय वाणिज्य विभाग को नए सिरे से डिजाइन करने पर काम कर रहा है। गोयल ने यहां संवाददाताओं से कहा, यह पुनर्गठन वैश्विक व्यापार में भारत का हिस्सा बढ़ाने, बहुपक्षीय संगठनों में नेतृत्व वाली भूमिका हासिल करने, वैश्विक चैंपियन के रूप में 100 भारतीय ब्रांड का सृजन करने, विनिर्माण आधार को मजबूत करने और निवेश आकर्षित करने के स्तंभों पर निर्भर है। हम मंत्रालय के ढांचे को पुनगर्ठित करने की प्रक्रिया में है। हमारे पास एक विचार इन्वेस्ट इंडिया की तर्ज पर व्यापार संवर्द्धन निकाय के गठन का है। यह निकाय भारत से भारत के लिए व्यापार को प्रोत्साहन देगा। मंत्रालय के तहत आने वाली इन्वेस्ट इंडिया एक एजेंसी है जो देश मे निवेश आकर्षित करने मे मदद करती है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) जो अभी तक निर्यात, आयात से संबंधित मसलो को देखता रहा है, उसकी कुछ और भूमिकाएं है। इनमे व्यापार संवर्द्धन निकाय भी एक होगा।

# सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से सात कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1.33 लाख करोड़ रुपए बढ़ा

भाषा। नई दिल्ली

**सेंसेक्स की** शीर्ष 10 में से सात कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह 1,33,746.87 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), रिलायंस इंडस्ट्रीज और इन्फोसिस रहीं। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 989.81 अंक या 1.68 प्रतिशत चढ़ गया। समीक्षाधीन सप्ताह में टीसीएस का बाजार पूंजीकरण 32,071.59 करोड़ रुपए बढ़कर 11,77,226.60 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज के बाजार मूल्यांकन में 26,249.1 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई और यह 17,37,717.68 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। इन्फोसिस की बाजार हैसियत 24,804.5 करोड़ रुपए बढ़कर 6,36,143.85 करोड़ रुपए पर और आईसीआईसीआई बैंक की 20,471.04 करोड़ रुपए के उछाल के साथ 6,27,823.56 करोड़ रुपए पर पहुंच गई। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का बाजार पूंजीकरण 15,171.84 करोड़ रुपए बढ़कर 4,93,932.64 करोड़ रुपए पर और अडाणी ट्रांसमिशन का 7,730.36 करोड़ रुपए के उछाल के साथ 4,38,572.68 करोड़ रुपए रहा। एचडीएफसी बैंक की बाजार हैसियत 7,248.44 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी के साथ 8,33,854.18 करोड़ रुपए रही।

## वृहद आर्थिक आंकड़ों, वैश्विक रुख से तय होगी शेयर बाजारों की चाल

**नई दिल्ली।** शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह कई वृहद आर्थिक आंकड़ो की घोषणाओं तथा वैश्विक रुख से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। इस सप्ताह सोमवार को जुलाई के औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) के आंकड़े आने है। वही बुधवार को थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़े आएंगे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, इस सप्ताह बाजार की दिशा वैश्विक बाजारों के रुझान के अलावा कुछ महत्वपूर्ण वृहद आर्थिक आंकड़े तय करेंगे। सप्ताह के दौरान मुद्रास्फीति के अलावा विनिर्माण और औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े आने है। इसके अलावा विदेशी कोषों का प्रवाह और डॉलर के मुकाबले रुपए का उतार-चढ़ाव भी बाजार की दृष्टि से महत्वपूर्ण रहेगा। सैमको सिक्योरिटीज में बाजार परिप्रेक्ष्य प्रमुख अपूर्व सेठ ने कहा, वैश्विक बाजारों को बेसब्री से अमेरिका के मुद्रास्फीति के आंकड़ो का इंतजार है। इन आंकड़ो पर सभी की निगाह रहेगी, क्योंकि इसके आधार पर ही पता चलेगा कि फेडरल रिजर्व का आगे का रुख क्या रहता है।

# कच्चे तेल के दाम सात माह के निचले स्तर पर, लेकिन भारत में पेट्रोल, डीजल कीमतों में बदलाव नहीं

भाषा। नई दिल्ली

**अंतरराष्ट्रीय स्तर** पर कच्चे तेल की कीमतें सात महीने के निचले स्तर पर आ गई हैं, लेकिन भारत में पेट्रोल और डीजल के खुदरा बिक्री मूल्य में कोई बदलाव नहीं हुआ है। इसकी वजह यह है कि सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों ने लागत में बढ़ोतरी की बावजूद करीब पांच माह तक नुकसान झेलते हुए पेट्रोल, डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी नहीं की थी।

मंदी की आशंका के बीच फरवरी की शुरुआत के बाद पहली बार अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड पिछले सप्ताह 90 डॉलर प्रति बैरल से नीचे आ गया। उसके बाद से यह कुछ सुधार के साथ 92.84 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है, जो छह महीने का निचला स्तर है। रूस द्वारा नॉर्थ स्ट्रीम पाइपलाइन को बंद रखने और कच्चे तेल उत्पादक देशों के संगठन ओपेक और उसके सहयोगियों (ओपेक+) के उत्पादन में कटौती जैसे कदमों के बावजूद कीमतों में गिरावट आई है।

## थोक मूल्य सूचकांक की गणना के लिए आधार वर्ष को बदलकर 2017-18 करने के लिए चर्चा जारी


**नई दिल्ली।** थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) की गणना के लिए आधार वर्ष को 2011-12 से बदलकर 2017-18 करने को अंतर-मंत्रालई विचार-विमर्श चल रहा है। एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। थोक मुद्रास्फीति की गणना के लिए आधार वर्ष को संशोधित कर 2017-18 करने से देश में मूल्य स्थिति की अधिक वास्तविक तस्वीर पेश करने में मदद मिलेगी। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने पिछले साल जून में एक कार्यसमूह की तकनीकी रिपोर्ट का मसौदा जारी किया था, जिसमें थोक मूल्य सूचकांक के आधार वर्ष को संशोधित करने और औषधीय पौधों, पेन ड्राइव जैसी लगभग 480 नई वस्तुओं को जोड़ने का सुझाव दिया गया था। नई श्रृंखला में लिफ्ट, व्यायामशाला उपकरण और कुछ मोटरसाइकिल इंजन भी शामिल रहेंगे। इस रिपोर्ट के मसौदे को सार्वजनिक किया गया है। इसपर सार्वजनिक टिप्पणियां मिलने के बाद रिपोर्ट को अंतिम रूप दिया जाएगा। डीपीआईआईटी के सचिव अनुराग जैन ने पीटीआई-भाषा से बताया, कार्यसमूह ने जून में अपनी रिपोर्ट सौंपी। ...अब अंतर-मंत्रालई विचार-विमर्श जारी है। कृषि वस्तुओं के मामले में इसबगोल, एलोवेरा और मेन्थॉल जैसे औषधीय पौधों के साथ सौंफ और मेथी के बीज, मशरूम और तरबूज को आंकड़ों की उपलब्धता के आधार पर नई श्रृंखला में शामिल करने का प्रस्ताव है।

## जुलाई-सितंबर में 11 प्रतिशत बढ़कर 114 अरब डॉलर पर पहुंचेगा वस्तुओं का निर्यात : रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** देश का वस्तुओं का निर्यात चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही के दौरान 11.4 प्रतिशत बढ़कर 114.4 अरब डॉलर पर पहुंच सकता है। एक्जिम बैंक ने यह अनुमान लगाया है। भारत के निर्यात-आयात बैंक (एक्जिम बैंक) ने तिमाही आंकड़े जारी करते हुए कहा है कि दूसरी तिमाही के निर्यात के आंकड़े वैश्विक स्तर पर जिंस कीमतों में नरमी, प्रमुख व्यापार भागीदार देशों में संभावित सुस्ती, मुद्रास्फीतिक दबाव और सख्त मौद्रिक रुख से प्रभावित हो सकते हैं। एक्जिम बैंक जून, सितंबर, दिसंबर और मार्च के पहले सप्ताह में अपने तिमाही अनुमान जारी करता है। एक्जिम बैंक देश से निर्यात के तिमाही आंकड़ों का अनुमान एक्पोर्ट लीडिंग इंडेक्स (ईएलआई) से लगाता है, जो इसका खुद का मॉडल है। ईएलआई देश के निर्यात परिदृश्य का आकलन करता है। यह देश से तिमाही आधार पर कुल वस्तुओं के निर्यात और गैर-तेल निर्यात का आकलन करता है।

## भारतीय रेलवे का राजस्व अगस्त के अंत तक 38 प्रतिशत बढ़कर 95,486.58 करोड़ रुपए

भाषा। नई दिल्ली



भारतीय रेलवे का कुल राजस्व अगस्त 2022 के अंत में 38 प्रतिशत बढ़कर 95,486.58 करोड़ रुपए हो गया। यह आंकड़ा एक साल पहले की समान अवधि में 26,271.29 करोड़ रुपए था। रविवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया कि समीक्षाधीन अवधि में यात्री यातायात से राजस्व 25,276.54 करोड़ रुपए था, जो सालाना आधार पर 116 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। एक साल पहले यह आंकड़ा 13,574.44 करोड़ रुपए था। आरक्षित और अनारक्षित दोनों खंडों में पिछले साल की तुलना में यात्री यातायात में वृद्धि हुई है। रेलवे ने कहा कि लंबी दूरी की आरक्षित मेल एक्सप्रेस ट्रेनों की वृद्धि दर उपनगरीय रेलगाड़ियों की तुलना में अधिक रही है।

## क्रेडिट कार्ड, यूपीआई भुगतान का बढ़ता इस्तेमाल खपत में वृद्धि का संकेत: विशेषज्ञ

**नई दिल्ली।** क्रेडिट कार्ड और यूपीआई भुगतान का बढ़ता इस्तेमाल खपत बढ़ने का संकेत है। विशेषज्ञों और बाजार से जुड़े लोगों ने यह अनुमान जताया है। ए आंकड़े कोविड महामारी का प्रकोप घटने के बीच आर्थिक गतिविधियों में सुधार की ओर इशारा भी करते हैं। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के मासिक आंकड़ों के अनुसार, यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) लेनदेन अगस्त में बढ़कर 10.73 लाख करोड़ रुपए हो गया, जो इस साल अप्रैल में 9.83 लाख करोड़ रुपए था। इसी तरह, पीओएस (पॉइंट ऑफ सेल) टर्मिनल के जरिए क्रेडिट कार्ड खर्च अगस्त में बढ़कर 32,383 करोड़ रुपए हो गया, जो इस साल अप्रैल में 29,988 करोड़ रुपए था। ई-कॉमर्स मंच पर क्रेडिट कार्ड खर्च अगस्त में बढ़कर 55,264 करोड़ रुपए हो गया। यह आंकड़ा अप्रैल में 51,375 करोड़ रुपए था।

सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल, मोहिंदर मोहन सिंह पुत्र स्वर्गीय श्री इंदर सिंह निवासी फ्लैट नंबर सी-306, फखरुद्दीन मेमोरियल सीजीएसएच लिमिटेड, प्लॉट नंबर 18, सेक्टर-10, द्वारका, नई दिल्ली, सम्पत्ति फ्लैट नंबर सी-306, फखरुद्दीन मेमोरियल सीजीएसएच लिमिटेड, प्लॉट नंबर 18, सेक्टर-10, द्वारका, नई दिल्ली के मालिक हैं, ने उक्त संपत्ति के सभी मूल दस्तावेज, करारपत्र (बिचान), मुख्तार नामा आम, लेन देन की रसीद, शेयर खरिद रसीद 110 रूपये और वसीयत आदि खो दिए है जिनका पता नहीं लगाया जा सकता है। इस संबंध में पुलिस स्टेशन अपराधा शाखा दिल्ली के ऑनलाइन पोर्टल पर एक प्राथमिकी / एनसीआर दर्ज की गई है (एलआर संख्या 771045/2022 दिनांक 07.09.2022)। किसी भी अधिकार, हित का दावा करने वाले किसी भी व्यक्ति को आपत्ति है या मूल दस्तावेजों का कब्जाधारक है, इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 15 दिनों के भीतर उपरोक्त पते/फोन 9315559195 पर उपरोक्त नामित व्यक्ति से संपर्क कर सकता है। अन्यथा खोये हुये दस्तावेजों के उपरयोग के लिए खुद जिम्मेदार होगा।

Sovit Saini (Advocate)
Legalpath Competent Lawyers LLP
207,Plot-1,MLU Sector-10 Dwarka,New Delhi-75
Phone:9871268399,7065538399

PUBLIC NOTICE

To be known to all that my client, **Shri BHARAT BHUSHAN SAHNI,** son of Shri S.L. Sahni, resident of L-2/33-A, Ground Floor, DDA LIG Flats, Kalkaji, New Delhi-110019 have lost/misplaced the original documents issued by DDA (i.e. Allotment Letter-cum-Demand Letter, Possession Letter and Possession Slip) in respect of Property No. **L-2/33A, GROUND FLOOR, DDA LIG FLATS, KALKAJI, NEW DELHI-110019, NEW DELHI-110019** allotted by DDA vide File No. F.37(110)76-HB(M)II. An FIR to this effect has been lodged in PS-Crime Branch, Delhi bearing LR No. 777127/2022 dated 09/09/2022 Any person (s) claiming any right, interest over documents or found in possession of original documents, may write/contact above named person at above address/phone no. 9818340201 or to Dy. Director (LAB) H or Director (H)-1, Vikas Sadan, INA, New Delhi, within 15 days from the date of publication of this notice.

# बच्चा जो बनना चाहता है उसे बनने दें: प्रो. सीमा

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**राष्ट्रीय** शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश की काशी इकाई द्वारा सुधाकर महिला पीजी कॉलेज पांडेपुर में शिक्षक सम्मान संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती प्रतिमा एवं सर्वपल्ली डॉ0 राधाकृष्णन के चित्र पर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से प्रारंभ हुआ। तत्पश्चात सुधाकर महिला महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदनाए स्वागत गीत एवं हर हर शंभू शिव महादेवा नामक गीत का मंचन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में सर्वप्रथम अतिथियों का माल्यार्पण एवं अंग वस्त्र तथा स्मृति चिन्ह प्रदान कर अतिथियों का स्वागत किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम के प्रभारी डॉक्टर जगदीश सिंह दीक्षित द्वारा अतिथियों का परिचय करवाते हुए यह कहा गया कि शिक्षकों का सम्मान करने से सम्मान भी स्वयं को सम्मानित महसूस करता है। विषय प्रवर्तक के रूप में विषय परिवर्तन करते हुए राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर दीनानाथ सिंह ने पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली डॉक्टर राधाकृष्णन के व्यक्तित्व की चर्चा करते हुए यह बताया कि वह हमेशा शिक्षक ही रहना चाहते थे । उस पद के आगे राष्ट्रपति का पद भी तुच्छ समझते थे । मुख्य अतिथि पद से बोलते हुए अंतर विश्वविद्यालयी अध्यापक शिक्षा केंद्र बी एच यू वाराणसी के निदेशक प्रोफेसर प्रेम नारायण सिंह ने कहा कि शिक्षक जहां रहता है वहीं अज्ञान मिटाने का कार्य करता है। भारतीय शिक्षकों से संपूर्ण विश्व को अपेक्षाएं हैंए और भारतीय शिक्षक में वह क्षमताएं हैं कि वह संपूर्ण विश्व का नेतृत्व कर सकें।कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज की कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने बताया कि शिक्षक एक ऊर्जा है जो शिष्यों में निरंतर प्रवाहित होती रहती है शिक्षक हमेशा सीखता रहता है जहां सीखना समाप्त होता है वहां गुरुत्व भी समाप्त हो जाता है बच्चा जो बनना चाहता है उसे वह बनने दें। इस अवसर पर प्रो0 रचना श्रीवास्तवए प्रोफेसर शीला मिश्राए नीलम रायए शीला यादवए मधु मिश्राए गायत्री सिंहए डॉ ब्रह्मचारी शंभू नाथए प्रोफेसर अनिल कुमार सिंहए प्रोफेसर दुर्ग विजय सिंहए डॉ विनोद कुमार रायए डॉ विनय कुमार सिंहए डॉक्टर सत्य प्रकाश सिंहए डॉक्टर धीरेंद्र सिंहए प्रोफेसर शैलेंद्र कुमार उपाध्यायए प्रोफेसर अरुण कुमार उपाध्यायए डॉक्टर शशिनाथ नाथ सिंहए डॉक्टर दीनानाथ तिवारीए डॉक्टर वशिष्ठ यतिए श्री गुलाब राम गुप्तए श्री जनता सिंह यादवए श्री राम अवध सिंह यादवए श्री जनार्दन सिंहए श्री देवेंद्र पांडेए श्री श्रीकांत पांडेए डॉ यशवंत सिंहए श्री भारतीश मिश्रए श्री प्रशांत कुमार गौड़ए डॉ सुरेश चंद्र चौबेए इत्यादि शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ अशोक कुमार पांडेए डॉ मंजू त्रिपाठी एडॉक्टर रोलीए डॉक्टर मनोरमाए इत्यादि का सक्रिय सहयोग प्राप्त हुआ । कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर दीनानाथ सिंह द्वारा की गई । कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर अंजू सिंह द्वारा एवं धन्यवाद ज्ञापित अमिताभ मिश्र द्वारा किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के प्रोफेसर राजनाथएप्रो0वी0 के0 निर्मलए प्रो0 ओ पी चौधरीए प्रोफेसर ललिता रावए लहजू कुशवाहाए कमलेश बहादुर सिंहए प्रोफेसर नलिन कुमार मिश्रए संगीता मिश्राए डॉ प्रमोद पांडेए प्रदीप यादवए वरुण चतुर्वेदीए विमल कुमार सिंह इत्यादि वाराणसी सहित कई जिलों के प्राथमिक संवर्ग से लेकर उच्च संवर्ग तक सैकड़ों शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे। अंत में वंदे मातरम का गान कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

## कायस्थों के आराध्य देव भगवान श्रीचित्रगुप्त महाराज की छवि पर कटाक्ष बर्दाश्त नहीं



**ध्वाराणसी।** निवासी शिक्षाविद् मनोज श्रीवास्तव नें अजय देवगन द्वारा अभिनित फिल्म थैंक गाड मेंष् में कायस्थों के आराध्य तथा हिन्दू देवता भगवान श्रीचित्रगुप्त जी को मज़ाकिया किरदार तथा द्विअर्थीय डायलाग में अशोभनीय फिल्मांकन को लेकर गहरा विरोध प्रगट किया है। संपूर्ण चराचर सृष्टि के रचयिता परमपिता ब्रह्मा जी के मानसपुत्रए बुद्धिए विवेक और ज्ञान के प्रदाताए कायस्थो के सर्वेसर्वा भगवान श्री चित्रगुप्त जी महाराज का अपमान पूरे हिन्दू समाज का अपमान है। विदित हो कि थैंक गाड फिल्म का ट्रेलर जारी किया गया है जिसमें कायस्थों के आराध्य देव भगवान श्रीचित्रगुप्त जी को अत्याधुनिक वेशभूषा में पेश करते हुए उनको मज़ाकिया अंदाज में दिखाया गया है जो कायस्थ समाज को स्वीकार्य नहीं है। तथा उनके द्वारा बोले गए डायलाग भी अशोभनीय है। हिन्दू देवी देवताओं को बेढंगे और मजाकिया तरीके से अपनीं फिल्मों में दर्शाना बालीवुड का शौक बन गया है जिसका हम सभी लोग भारी टिकटदर अदा कर आनन्द उठाते हैं। अब वक्त आ गया है कि बालीउड का बायकट कर उनको करारा जवाब दिया जाए जिससे वो हिन्दू देवी देवताओं का मज़ाक बनाकर उन्हें अपमानित करना बंद करें। पूरे देश का कायस्थ समाज ही नहीं सम्पूर्ण हिन्दू से निवेदन है कि जब तक थैंक गाड फिल्म के फिल्मांकन तरीके और डायलाग में परिवर्तन नहीं होता तब तक बालीवुड का सार्वजनिक विरोध व बायकाट करें।

## वैक्सीनेशन और स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन



**लखनऊ।** आजादी के अमृत महोत्सव काल में वैश्विक महामारी कोरोना से अपने देश को मुक्त कराने के अभियान के अंतर्गत सामाजिक संस्था श्री साईं दास सेवा समिति द्वारा पूर्वनिर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रविवार को कुंवर ज्योति प्रसाद वार्ड मिनी स्टेडियम तिराहे पर 12 वर्ष से ऊपर आयु वर्ग के लिए निःशुल्क वैक्सीनेशन कैंप तथा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। 'वैक्सीनेशन कैंप में सुबह से ही वैक्सीन लगवाने वालों की भारी संख्या जमा थी स लोग अपनी . अपनी बारी का इंतजार करते देखे गये। वैक्सीनेशन कैंप की सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि कैंप में तीनों ही डोज और ब्ट।ग्प्छए ब्टैट्भ्प्म्स्क् तथा 12 वर्ष से ऊपर के बच्चों के लिए ब्व्ठट्व्।ग् तीनों ही वैक्सीन उपलब्ध थीं। 'संस्था के संयोजक सामाजिक कार्यकर्ता और भाजपा पश्चिम विधानसभा के आई 0टी0 प्रभाग के प्रभारी इंजीव अंकजीत सिन्हा ने बताया कि वैक्सीनेशन कैंप का शुभारंभ वरिष्ठ भाजपा नेता और पश्चिम विधानसभा के उपविजेता अंजनी श्रीवास्तव द्वारा किया गया। 'शिविर में 222 लोगों को वैक्सीन की डोज लगाई गई तथा डॉण् हर्ष लांबा द्वारा 133 लोगों की जाँच की गई । 'इस अवसर पर समिति के सचिव एवं पत्रकार डॉण्.अभिजीत सिन्हा, प्रसिद्ध भजन गायक विश्वजीत सिन्हाए कल्पजीत सिन्हाए पूर्व पार्षद दिनेश यादवए कायस्थ महासभा के लखनऊ जिलाध्यक्ष संदीप सिंह ष्धीरूए उपाध्यक्ष कुलदीप श्रीवास्तवए पश्चिम विधानसभा प्रभारी संदीप श्रीवास्तव, भाजपा लखनऊ प्रभारी आलोक सिन्हा उपस्थित रहे ।

# दलित किशोरी को सामूहिक दुष्कर्म के बाद जिंदा जलाया, हालत गंभीर

**पीलीभीत।** जिले के माधोटांडा थाना क्षेत्र में दबंग युवकों ने एक दलित के घर में घुसकर 16 वर्षीय किशोरी के साथ कथित रूप से सामूहिक बलात्कार किया और बाद में डीजल डालकर आग लगा दी। लड़की को गंभीर रूप से झुलसी हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार प्रभु ने रविवार को संवाददाताओं को बताया कि गत सात सितंबर को जिला अस्पताल में एक युवती को गंभीर रूप से जली हालत में उसके परिजन ने भर्ती कराया था। प्रभु ने बताया कि पीडिता के पिता ने 10 सितंबर को माधोटांडा पुलिस को सूचना दी कि उसके गांव के दो दबंग युवकों राजवीर और ताराचंद ने घर में घुसकर उसकी पुत्री के साथ दुष्कर्म किया और डीजल छिड़ककर उसे आग लगा दी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सूचना मिलने पर वह तत्काल किशोरी के गांव पहुंचे और पूरे मामले की स्वयं तहकीकात की। उन्होंने बताया कि परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ बलात्कार, हत्या के प्रयास तथा धमकी देने के आरोप में शनिवार को मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर उप जिलाधिकारी (सदर) योगेश कुमार गौड़ जिला राजकीय संयुक्त चिकित्सालय पहुंचे और उन्होंने किशोरी का बयान दर्ज किया। आग से जली किशोरी की हालत अब भी गंभीर बनी हुई है। दुष्कर्म के आरोपी माधोटांडा थाना क्षेत्र के रहने वाले राजवीर व ताराचंद को गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनों से पूछताछ की जा रही है।

**चार साल की बच्ची से बलात्कार, आरोपी गिरफ्तारः** चित्रकूट। उत्तर प्रदेश के चित्रकूट जिले में चार साल की एक बच्ची के साथ बलात्कार के आरोप में पुलिस ने एक युवक को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मऊकस्बे के एक मुहल्ले में चार साल की बच्ची के साथ बलात्कार के आरोपी युवक अखिलेश पासी (21) को कस्बे से ही गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि शनिवार को बच्ची अपने दरवाजे के बाहर खेल रही थी, तभी आरोपी युवक उसे बिस्किट देने के बहाने अपने घर ले गया और वारदात को अंजाम देने के बाद फरार हो गया। सूत्रों ने बताया कि बच्ची का चिकित्सीय परीक्षण करवाया गया है।

## बलिया में युवक ने सात वर्षीया बच्ची से दुराचार किया, गिरफ्तार

**बलिया।** बलिया जिले में नगरा थाना क्षेत्र के एक गांव में सात वर्षीया एक बालिका के साथ कथित तौर पर एक युवक द्वारा बलात्कार किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बालिका के गांव के ही आरोपी 25 वर्षीय एक युवक को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार उसे विधिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद जेल भेज दिया गया है। नगरा थाना के प्रभारी देवेन्द्र नाथ दूबे ने शनिवार को बताया कि इस थाना क्षेत्र में सात वर्षीया एक बालिका के साथ उसके गांव के ही रोहित चौहान (25) ने गत पांच सितंबर की शाम को बलात्कार किया। पुलिस के अनुसार बालिका अपने मकान के दरवाजे पर खेल रही थी। परिजनों की शिकायत के हवाले से दूबे ने बताया कि रोहित ने बालिका को बहला-फुसलाकर अपनी मोटरसाइकिल पर बैठा लिया तथा अपने मकान में ले जाकर उसके साथ बलात्कार किया। थाना प्रभारी ने बताया कि बालिका के पिता की तहरीर पर शुक्रवार की शाम रोहित चौहान के विरुद्ध भारतीय दण्ड संहिता तथा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 (पाक्सो एक्ट) की सुसंगत धारा में नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि बालिका के पिता ने लोकलाज के भय से घटना की सूचना बिलंब से दिया। उनके मुताबिक बालिका को मेडिकल जांच के लिए सरकारी अस्पताल में भेज दिया है।

# स्वामी विवेकानन्द ने भारत को अलग पहचान दिलाई

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**स्वामी** विवेकानन्द जी की शिकागो वक्तृता दिवस के उपलक्ष्य पर रामकृष्ण अद्वैत आश्रम में युवाओं के लिए हिन्दी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्षेत्र के युवाओं ने बढ़.चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम का आरम्भ स्वामी धरणीधरानन्द जी ने वैदिक मन्त्रोच्चार के साथ किया। आश्रम अध्यक्ष स्वामी विश्वात्मानन्द जी ने विषय प्रवेश व आगत अतिथियों का स्वागत किया। तत्पश्चात वर्तमान विश्व में स्वामी विवेकानन्द जी की शिकागो वक्तृता ;11 सितम्बरए 1893 का प्रभाव व प्रासंगिकता विषय पर भाषण प्रतियोगिता शुरू हुई। जिसमें काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के रुद्रकान्त मिश्रा को प्रथमए महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के अंकुर मुखर्जी को द्वितीय व ग्लेन ह्मील पब्लिक स्कूल के अरुणांशु आर्य को तृतीय विजेता के रुप में घोषित किया गया। निर्णायक मण्डली में केन्द्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान की डॉ ज्योति सिंहए काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के नव स्थापित मैथिली अध्ययन केन्द्र की समन्वयक प्रोण् वन्दना झा व हिन्दी विभाग के अवकाश प्राप्त अध्यापक प्रो अवधेश प्रधान थे जिन्होंने भी अपने वक्तव्य रखे। डॉ ज्योति सिंह ने कहा कि मंच पर आने का मुख्य उद्देश्य हमारे भीतर के डर को कम कर के आत्मविश्वास जगाना है। प्रोण् वन्दना झा ने कहा कि स्वामी जी के भाषण से शिकागो में यह सिद्ध हो गया कि महिला.पुरुष में बंटी नहीं अपितु भाई.बहन बनकर जुड़ी हुई है दुनिया। भाषण के आरम्भ में ही स्वामी विवेकानन्द ने यह जता दिया था कि जिस भारत भूमि का वे प्रतिनिधित्व कर रहे हैं वह संन्यासियों की परंपरा के लिहाज से सबसे प्राचीन है जिसने दुनिया को धर्म का मार्ग दिखाया है। प्रो अवधेश प्रधान ने कहा कि महज गौरवपूर्ण अभिव्यक्ति की परंपरा से नहींए बल्कि उदाहरणों के जरिए स्वामी विवेकानन्द ने उपस्थित धर्म सम्मेलन को जता दिया कि न सिर्फ भारत भूमि सहिष्णु रही है बल्कि सार्वभौमिकता का आगे बढ.चढ़ कर पालन करने वाली धरती भी रही है। कार्यक्रम का कुशल संचालन करते हुए उत्कर्ष चौबे ने कहा कि सीमित शब्दों में भारत भूमिए परंपराए संस्कृति और धर्म से दुनिया को परिचित कराने का जो चमत्कार स्वामी विवेकानन्द ने कर दिखाया थाए यह उसी का नतीजा है कि दुनिया भर में भारत की एक अलग पहचान बनी हैं। धन्यवाद ज्ञापन स्वामी देवाधिपानन्द ने किया। उक्त अवसर पर छात्रों के मध्य विवेकानन्द साहित्य का वितरण किया गया। गौरतलब हो कि विजेताओं के प्रमाणपत्र संस्कृत में अंकित थे।

## आगामी लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीटें जीतेगी भाजपा : ब्रजेश पाठक



**आगरा।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शनिवार को कहा कि अगले लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रदेश की सभी 80 सीटों पर विजय प्राप्त करेगी तथा विपक्षी पार्टियों का वोट प्रतिशत और गिरेगा। पाठक ने यहां कहा कि अखिलेश यादव अब ट्विटर तक सीमित रह गए है तथा विपक्षी नेताओं के पास कोई मुद्दा नही है। हालांकि, उपमुख्यमंत्री कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के नेता एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के संबंध में पूछे गए सवालों पर चुप्पी साधे रहे। वह शनिवार को फिरोजाबाद के दौरे के बाद आगरा पहुंचे। उन्होंने सर्किट हाउस में अधिकारियों के साथ बैठक की।

## ऑनर किलिंग का आरोपी पिता गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर।** जिले से सटे शामली जिले के झिंझाना क्षेत्र में संदिग्ध रूप से ऑनर किलिंग के एक मामले में एक व्यक्ति को 20 वर्षीय बेटी की कथित रूप से गला दबाकर हत्या करने के बाद उसका शव जलाने के आरोप में रविवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। शामली के पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार ने बताया कि झिंझाना क्षेत्र के श्यामली श्यामला गांव में रहने वाले प्रमोद कुमार नामक व्यक्ति को अपनी ही बेटी हिमानी की हत्या के मामले में रविवार को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारी ने बताया कि उसने परिवार का नाम बदनाम करने पर अपनी बेटी की गला दबाकर हत्या करके उसका शव जलाने का जुर्म कबूल कर लिया है। उन्होने बताया कि प्रमोद के मुताबिक उसकी बेटी हिमानी कुछ समय पहले अजय कश्यप (22) नामक युवक के साथ घर से चली गई थी और कुछ दिन बाद वापस लौटी थी। उन्होंने बताय कि प्रमोद ने अजय के साथ उसके रिश्ते का विरोध किया था लेकिन हिमानी ने उसकी बात नही मानी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि परिवार की कथित रूप से बदनामी होने पर पिछली नौ सितंबर को प्रमोद ने हिमानी को खेत में ले जाकर उसका गला घोट दिया और बाद में उसका शव गांव के पास जला दिया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने हिमानी के जले हुए शव के अवशेष बरामद करके उन्हे फॉरेंसिक परीक्षण के लिए भेजा है।

## मुठभेड़ में गोली लगने से घायल दो ईनामी बदमाश गिरफ्तार

**भदोही।** जिले मे भदोही-वाराणसी मार्ग पर रविवार की सुबह वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ मे पैर में गोली लगने से घायल हुए दो बदमाशो को गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनो 50-50 हजार रुपए के इनामी है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि जिले के चौरी थाना प्रभारी अनिल कुमार कंधिया रेलवे क्रासिंग पर वाहन चेकिंग कर रहे थे तभी वाराणसी से एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए दो लोगो को रोकने की कोशिश की। कुमार ने बताया कि दोनो रुकने के बजाए पुलिस पर गोली चलाते हुए भदोही की तरफ भागे। उन्होंने बताया कि पुलिस ने चारो तरफ से घेराबंदी कर दोनो बदमाशो को मोरवा नदी के पुल पर रोकने की कोशिश की तो उन्होंने फिर से पुलिस पर गोलियां चलाई। अधिकारी ने बताया कि पुलिस द्वारा जवाबी कार्वाई में दोनो बदमाश पैर में गोली लगने से मोटरसाइकिल सहित सड़क पर गिरे और इसके बाद पुलिस ने दोनो को गिरफ्तार कर तुरंत अस्पताल भेजा। कुमार ने बताया कि पुलिस को मौके से दो देशी तमंचे और कुछ कारतूस मिले है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पकड़े गए बदमाश मे एक फहीम ऊ2398ी मोटे ऊ2398ी उजैफा आज़मगढ़ जिले के अहरौरा थाना के सजनी गांव का रहने वाला है और उस पर छह मुकदमे दर्ज है। उन्होने बताया कि उस पर 50 हज़ार रुपए का इनाम घोषित है जबकि दूसरे बदमाश वाराणसी जिले के लोहता थाना के कोटवा गांव निवासी रमज़ान अली ऊ2398ी लम्बू पर 20 मुकदमे दर्ज है और उस पर भी 50 हज़ार रुपए का इनाम घोषित है। उन्होने बताया कि पूछताछ मे दोनो ने वाराणसी मंडल, आज़मगढ़ मंडल और मिर्ज़ापुर मंडल के 10 जिलो मे लूट और डकैती की घटनाओ मे शामिल होना स्वीकार किया है।

## ट्रकों की टक्कर, दोनों के चालकों की मौत

**बिजनौर।** जिले के चांदपुर क्षेत्र मे दो ट्रको की आमने-सामने की टक्कर मे दोनों वाहनो के चालकों की मौत हो गई। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस सूत्रों ने रविवार को बताया कि 10।11 सितंबर की मध्य रत्रि को रात लगभग डेढ़ बजे चांदपुर-नूरपुर मार्ग पर नूरपुर से आ रहे ट्रक की सामने से आ रहे एक अन्य ट्रक से टक्कर हो गई। उन्होने बताया कि इस दुर्घटना मे दोनों ट्रकों के चालक नदीम और गोविंद की मौत हो गई तथा क्लीनर मुस्तकीम घायल हो गया। उसे चिकित्सालय मे भर्ती कराया गया है। सूत्रों ने बताया कि पुलिस ने दोनो शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे हैं।

## बरेली में पत्नी की हत्या कर की आत्महत्या

**बरेली।** बरेली के शीशगढ़ थाना क्षेत्र मे शनिवार को जंगल मे चारा लेने गए पति ने गन्ने के खेत में कथित रूप से गला रेतकर पत्नी की हत्या करने के बाद खुद भी जहरीला पदार्थ खा लिया जिससे उसकी भी मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। बरेली के अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राजकुमार अग्रवाल ने बताया कि शीशगढ़ थाना क्षेत्र के गांव ईश्वर पुर निवासी सोहनलाल (30) ने शनिवार दोपहर बाद गांव के बाहर गन्ने के खेत मे अपनी पत्नी कौशल्या देवी (30) की धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या कर दी और फिर खुद भी जहरीला पदार्थ खा लिया जिससे उसकी भी मौके पर ही मौत हो गई। अधिकारी के अनुसार, मृतक के घर वालो ने बताया कि कौशल्या देवी और सोहनलाल चार बच्चो के माता-पिता थे लेकिन दोनो के बीच अक्सर किसी ना किसी बात पर विवाद होता रहता था। अग्रवाल ने परिजनो के हवाले से बताया कि शुक्रवार को दिन मे भी सोहन लाल का पत्नी कौशल्या देवी से किसी बात पर विवाद हो गया था जिससे सोहनलाल मानसिक रूप से परेशान था और आज दोपहर वह चारा लेने के लिए पत्नी कौशल्या देवी को भी अपने साथ जंगल मे ले गया था, जहां चारा काटते समय पति-पत्नी मे कोई विवाद हो गया।

## आजमगढ़ से फतेहगढ़ जेल स्थानांतरित किए गए सपा विधायक रमाकांत यादव



**फर्रुखाबाद।** समाजवादी पार्टी (सपा) के बाहुबली विधायक रमाकांत यादव को शनिवार रात आजमगढ़ से फतेहगढ़ केंद्रीय कारागार स्थानांतरित कर दिया गया। उपकारापाल (डिप्टी जेलर) सुरजीत कुमार ने रविवार को बताया कि प्रशासन के निर्देश पर आजमगढ़ कारागार में बंद सपा विधायक रमाकांत यादव को शनिवार रात फतेहगढ़ केंद्रीय कारागार में स्थानांतरित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि विधायक को सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त वाली बैरक संख्या एक में रखा गया है। गौरतलब है कि आजमगढ़ की फूलपुर पवई सीट से सपा विधायक रमाकांत यादव को वर्ष 1998 में लोकसभा चुनाव के दौरान आजमगढ़ के अंबारी चौकी क्षेत्र में हुई हिंसा और गोलीबारी के मामले में गत 25 जुलाई को अदालत में आत्मसमर्पण के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया था। उसके बाद से वह आजमगढ़ जेल में बंद थे। उन पर सात मुकदमे दर्ज हैं। डिप्टी जेलर ने बताया कि रमाकांत यादव के फतेहगढ़ केंद्रीय कारागार पहुंचने से पहले सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किए गए। रात करीब साढ़े आठ बजे जेल के प्रवेश द्वार पर सामान की तलाशी लेकर उन्हें अंदर भेज दिया गया। इस दौरान जेल के बाहर यादव से मिलने के लिए बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता एकत्र हो गए और जेल परिसर के अंदर जाने की कोशिश करने पर जेल कर्मियों से उनकी तीखी नोकझोंक भी हुई।

# एक्सप्रेसवे पर हादसा, दो दोस्तों की मौत



**बांदा।** बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे लगातार हादसे बढ़ते जा रहे हैंए देर रात हादसे में 2 दोस्तो की मौके पर दर्दनाक मौत हो गयी। बताया जा रहा है कि बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के निर्माण कार्य मे लगे सीमेंट लाने वाले ट्रक से बाइक सवार दोनो जा भिड़े जहां दोनो की दर्दनाक मौत हो गयी। मृतक अपने रिश्तेदारों के यहां से घर जा रहे थेए उसी दौरान देर रात एक्सप्रेस वे में हादसे का शिकार हो गए। सुबह खून से लथपथ अवस्था मे लोगो ने देखा तो पुलिस को सूचना दीए पुलिस ने बॉडी को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना से दोनो परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने घटना की सूचना परिजनों को दे दी है। मामला अतर्रा थाना के बल्लन गांव का है। पुलिस उपाधीक्षक अतर्रा ने बताया सचिन गुप्ता के बड़े भाई सलिल कुमार उम्र 22 वर्ष कर्वी में फास्ट फूड की दुकान किए थे। अपनी मौसी के यहां साथ में गुमाई का जितेंद्र कुशवाहा उम्र 28 वर्ष मोटरसाइकिल नंबर यूपी 90 ल् 1923 पल्सर से बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे से बबेरू जा रहे थेद्य बल ?लान के सामने एक्सीडेंट हो जाने से सलिल कुमार व जितेंद्र कुशवाहा की मौके पर मृत्यु हो गई ट्रक नंबरन्च् 42ठ्5955 से एक्सीडेंट हुआ था मृतकों को पोस्टमार्टम की कार्यवाही हेतु मेडिकल कॉलेज भेजा गया है।

## दो महिलाओं ने खुदकुशी की

**इटावा।** इटावा जिले में अलग-अलग घटनाओं में दो महिलाओं ने खुदकुशी कर ली। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस सूत्रों ने रविवार को बताया कि शहर के मुहल्ला करनपुरा निवासी राज कुमारी (40) पिछले कई सालों से दमा बीमारी से पीड़ित थी। उन्होंने बताया कि बीमारी और गरीबी से त्रस्त होकर शनिवार की रात घर के अंदर पंखे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दूसरी घटना में बैदपुरा क्षेत्र के ग्राम बॅा निवासी ज्योति (30) ने गृहक्लेश के चलते शनिवार रात घर के अंदर कथित रूप से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# धर्मेंद्र यादव ने संघमित्रा के खिलाफ दायर याचिक वापस ली

**बदायूं।** बदायूं से समाजवादी पार्टी (सपा) के पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सांसद डॉ. संघमित्रा मौर्य के खिलाफ उच्च न्यायालय में दायर याचिका वापस ले ली है। धर्मेंद्र यादव ने शनिवार को बताया कि उन्होंने बदायूं की सांसद संघमित्रा मौर्य के खिलाफ दायर याचिका वापस लेने के लिए अप्रैल में ही उच्च न्यायालय में शपथ पत्र पेश कर दिया था, जिसे शुक्रवार को अदालत ने स्वीकार कर लिया। संघमित्रा मौर्य एवं अन्य के खिलाफ जो याचिका दायर की थी अब उसका कोई औचित्य नहीं रहा है। एक प्रश्न के उत्तर में यादव ने कहा कि सांसद डा. संघमित्रा के पिता स्वामी प्रसाद मौर्य हमारी पार्टी के नेता हैं, परिस्थितियां विरोधावासी न हों, इसीलिए याचिका वापस ले लिया है। सांसद डॉक्टर संघमित्रा मौर्य ने फोन पर हुई बातचीत में पीटीआई- भाषा से कहा, हमें मीडिया के माध्यम से ही पता चला है कि आज याचिका वापस ली गई है। यदि उन्होंने (धर्मेंद्र यादव) याचिका वापस ली है तो यह उनकी व्यक्तिगत सोच है। हमारा कहना बस यह है कि 2019 की हार को उन्होंने दिल से स्वीकार लिया है, उन्होंने मान लिया है कि बदायूं की जनता ने जिसको सांसद बनाया है, वही बदायूं का असली सांसद है। संघमित्रा मौर्य से जब पूछा गया कि आपके पिता स्वामी प्रसाद मौर्य अब समाजवादी पार्टी में है और विधान परिषद के सदस्य भी हैं कहीं इस कारण से तो उन्होंने याचिका वापस नहीं ली है, इसपर उन्होंने कहा अगर यह बात है तो हम धर्मेंद्र यादव का स्वागत भारतीय जनता पार्टी में करते हैं। समाजवादी पार्टी में जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि उनका (धर्मेंद्र यादव) झुकाव हमारी तरफ है, हमने उनका स्वागत भारतीय जनता पार्टी में किया है। उल्लेखनीय है कि 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य (अब सपा से एमएलसी) की बेटी डॉ0 संघमित्रा मौर्य को बदायूं लोकसभा क्षेत्र से अपना प्रत्याशी बनाया था। वहीं सपा-बसपा के गठबंधन से चुनाव में उस समय के मौजूदा सांसद रहे धर्मेंद्र यादव प्रत्याशी बने थे। दोनों के बीच सीधी टक्कर हुई और चुनाव में धर्मेंद्र यादव लगभग 18 हजार वोटों के अंतर से चुनाव हार गए थे। यादव चुनावी परिणाम के खिलाफ उच्च न्यायालय गए और आरोप लगाया कि मतगणना में आठ हजार वोटों की गड़बड़ी की गई है।

## गाजियाबाद में सेक्स रैकेट का भंडाफोड़, मामला दर्ज

गाजियाबाद। जनपद की साहिबाबाद पुलिस ने शालीमार गार्डन एक्सटेंशन-। के एक फ्लैट में दंपती द्वारा चलाए जा रहे सेक्स रैकेट गिरोह का भंडाफोड़ किया है। शुक्रवार की रात छापामार कार्वाई के बाद पुलिस ने 11 लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस क्षेत्राधिकारी स्वतंत्र सिंह ने शनिवार को बताया कि छापेमारी के दौरान तीन पुरुष और महिलाएं आपत्तिजनक हालत में मिले। सिंह ने कहा कि रैकेट को शारिक और उसकी पत्नी चला रहे थे। उन्होंने बताया कि पुलिस ने दंपती और अन्य नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। मुख्य आरोपी ने पिछले महीने एक फ्लैट किराए पर लिया था और उसका इस्तेमाल सेक्स रैकेट चलाने में कर रहा था। सिंह ने कहा कि मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## मथुरा के बाल सरंक्षण गृह से भागने के प्रयास में दो किशोरों की पिटाई, मामले की जाँच शुरू

मथुरा। मथुरा जिले में राजकीय बाल संप्रेक्षण गृह से भागने का प्रयास करने पर वहां कार्यरत कर्मचारियों द्वारा दो किशोरों को कथित तौर पर खंभे से बांधकर बर्बरतापूर्वक पीटने का मामला सामने आया है। इस मामले की संप्रेक्षण गृह के प्रभारी अधिकारी एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी (डीपीओ) डॉ. अनुराग श्याम रस्तोगी जांच कर रहे हैं। डॉ. रस्तोगी ने बताया कि यह घटना बृहस्पतिवार उस समय की है जब मोबाइल फोन चुराने के आरोप में 17 अगस्त को पकड़े गए दो किशोरों ने बाल सुधार गृह से भागने का प्रयास किया। उन्होंने कमरे के एक्जॉस्ट फैन की जाली तोड़कर उसमें से निकलने की कोशिश की, लेकिन उन्हें वहां तैनात कर्मचारियों विक्रांति, शेखर और सोनू आदि ने समय रहते पकड़ लिया। डीपीओ ने बताया कि उन कर्मचारियों पर आरोप है कि उन्होंने दोनों बच्चों को खंभे से बांधकर बुरी तरह पीटा। बच्चों का कहना है कि उन्हें बेल्ट व डण्डों से पीटा गया है। दोनों किशोरों का उसी दिन जिला अस्पताल ले जाकर डॉक्टरी मुआयना कराया गया। रस्तोगी ने बताया, मैं स्वयं इस मामले की जांच कर रहा हूं और मेडिकल रिपोर्ट जल्द मिल जाएगी। इस प्रकरण में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ विभागीय कार्यवाही के लिए रिपोर्ट भेजी जाएगी।

# श्रीलंका ने छठी बार एशिया कप जीता

● पाकिस्तान को हराया



भाषा। दुबई

**राजनीतिक और** आर्थिक अस्थिरता का सामना कर रहे श्रीलंका के लिए क्रिकेट के मैदान पर उसके 11 खिलाड़ी नायक बनकर उभरे जिन्होंने पाकिस्तान को 23 रन से हराकर रविवार को छठी बार एशिया कप जीता और देशवासियों के चेहरों पर मुस्कान बिखेर दी। यह जीत सिर्फ श्रीलंका के क्रिकेट के लिए ही नहीं बल्कि ऐतिहासिक और राजनीतिक तौर पर भी काफी मायने रखती है। एक समय पांच विकेट 58 रन पर गंवाने के बाद भानुका राजपक्षा के 45 गेंद पर नाबाद 71 रन की मदद से श्रीलंका ने छह विकेट पर 170 रन बनाए। जवाब में पाकिस्तानी टीम 147 रन पर आउट हो गई जबकि एक समय उसका स्कोर दो विकेट पर 93 रन था। तेज गेंदबाज प्रमोद मधुशान ने चार ओवर में 34 रन देकर चार और लेग स्पिनर वानिंदु हसरंगा ने चार ओवर में 27 रन देकर तीन विकेट लिए। हसरंगा ने 17वें ओवर में तीन विकेट लेकर पाकिस्तान की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। इससे पहले मधुशान ने बाबर आजम (पांच) और फखर जमां (0) को आउट करके श्रीलंका का शिकंजा कस दिया था। मोहम्मद रिजवान ने 49 गेंद में 55 रन बनाए जबकि इफ्तिखार अहमद ने 31 गेंद में 32 रन जोड़े। श्रीलंका ने क्षेत्ररक्षण में भी जबर्दस्त मुस्तैदी दिखाते हुए रन बचाए और अच्छे कैच लपके जबकि पाकिस्तानी क्षेत्ररक्षकों ने निराश किया। इससे पहले पाकिस्तानी तेज गेंदबाजों के दिए शुरूआती झटकों से टीम को निकालते हुए भानुका राजपक्षा ने नाबाद 71 रन बनाकर श्रीलंका को छह विकेट पर 170 रन तक पहुंचाया। पाकिस्तानी कप्तान बाबर आजम ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया जो शुरूआत में सही साबित होता लग रहा था लेकिन राजपक्षा ने आखिरी चार ओवर में 50 रन बनाकर श्रीलंका को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। नसीम शाह ने चार ओवर में 40 रन देकर एक विकेट लिया जबकि हारिस रऊफ़ ने चार ओवर में 29 रन देकर तीन विकेट चटकाए। दोनों ने पिच से मिल रही मदद का पूरा फायदा उठाकर पावरप्ले में श्रीलंकाई बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी लेकिन इसके बाद राजपक्षा ने संकटमोचन की भूमिका निभाते हुए अपने कैरियर का बेहतरीन अर्धशतक लगाया। स्पिनर शादाब खान ने चार ओवर में 28 रन देकर एक विकेट लिया। राजपक्षा ने 45 गेंद में छह चौकों और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 71 और वानिंदु हसरंगा ने 21 गेंद में 36 रन बनाए। दोनों ने 58 रन की ताबड़तोड़ साझेदारी की जबकि एक समय पर श्रीलंका का स्कोर पांच विकेट पर 58 रन था। चामिका करूणारत्ने के साथ राजपक्षा ने 54 रन जोड़े और श्रीलंका को 160 के पार ले गए। पाकिस्तान के 19 वर्ष के तेज गेंदबाज शाह ने शानदार फॉर्म जारी रखते हुए कुसल मेंडिस को खाता खोले बिना ही पवेलियन भेज दिया। धनंजय डिसिल्वा (21 गेंद में 28 रन) ने जरूर कुछ अच्छे शॉट लगाए लेकिन ज्यादा देर टिक नहीं सके। पाथुम निसांका (आठ) को रऊफ़ ने पवेलियन भेजा जबकि धनुष्का गुणतिलका (एक) उनकी बेहतरीन आउटस्विंगर का शिकार हुए।

### स्कोरबोर्ड

**श्रीलंका पारी:** निसंकाका बाबर बो रऊफ़ 08, मेंडिस बो नसीम 00,डिसिल्वा का एवं बो इफ्तिखार 28, गुणातिलका बो रउफ 01,राजपक्षानाबाद 71, शनाका बो शादाब 02, हसरंगा का रिजवान बो रऊफ़ 36,करूणारत्ने नाबाद 14,**अतिरिक्त:** (बाईः 01, लेग बाईः 07, वाइडः 02) 10,**कुल योग:** (20 ओवर में छह विकेट पर) 170 रन,विकेट पतनः।-2, 2-23, 3-36, 4-53, 5-58, 6-116,**गेंदबाजी:**नसीम 4-0- 40-।, हसनैन 4- 0- 41-0,रऊफ़ 4-0-29-3,शादाब4-0-28-। इफ्तिखार3- 0-21-1 नवाज । -0-3-0

**पाकिस्तान पारी :** रिजवान का गुणतिलका बो डिसिल्वा 55, आजम का मधुशंका बो लियानागामेगे 5, जमां बो लियानागामेगे 0,अहमद का बंडारा बो लियानागामेगे 32, नवाज का लियानागामेगे बो करूणारत्ने 6,शाह का तीक्षणा बो डिसिल्वा 2,अली बो डिसिल्वा 0, खान का गुणतिलका बो तीक्षणा 8, रऊफ़ बो करूणारत्ने 13,शाह का करूणारत्ने बो लियानागामेगे 4, हसनैन नाबाद 8, **अतिरिक्त** : 14 रन, **कुल योग** : 20 ओवर में 147 रन , विकेट पतन :।-22, 2-22, 3 -93, 4- 102, 5-110, 6-111, 7-112, 8-120, 9-125, **गेंदबाजी** :मधुशंका 3- 0 - 24 . 0,तीक्षणा 4- 0- 25-।,लियानागामेगे 4-0- 34-4, डिसिल्वा 4-0-27-3, करूणारत्ने 4-0-33-2, धनंजय ।-0 - 4-0

# इंग्लैंड ने भारतीय महिला टीम को करारी शिकस्त दी

भाषा। चेस्टर ली स्ट्रीट

**भारतीय** महिला क्रिकेट टीम बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभागों में नाकाम रही जिसके कारण इंग्लैंड ने उससे पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में यहां नौ विकेट से करारी शिकस्त दी। इंग्लैंड की कप्तान एमी जोंस ने भारत को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया और लेग स्पिनर सराह ग्लेन की शानदार गेंदबाजी से उसे सात विकेट पर 132 रन पर ही रोक दिया। इंग्लैंड ने सलामी बल्लेबाज सोफिया डंकले के नाबाद 61 रन की मदद से 13 ओवर में एक विकेट पर 134 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की और तीन मैचों की श्रृंखला में शुरुआती बढ़त बनाई। ग्लेन ने चार ओवर में 23 रन देकर चार विकेट लिए और शुरू से लेकर आखिर तक भारतीय बल्लेबाजों को परेशानी में रखा। भारत का कोई भी बल्लेबाज टिककर नहीं खेल पाया। उसकी तरफ से ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने 29 गेंदों पर सर्वाधिक 24 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने 23 रन बनाए जबकि कप्तान हरमनप्रीत कौर 16 गेंदों पर 20 रन बनाने के बाद ग्लेन की गेंद पर बोल्ड हो गई। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष ने अच्छी शुरुआत की और 12 गेंदों पर 16 रन बनाए लेकिन वह इसे बड़ी पारी में तब्दील नहीं कर पाई और मध्यम गति के गेंदबाज फ्रेया डेविस की गेंद पर कैच दे बैठी। सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (14) और डी हेमलता (10) भी दोहरे अंक में पहुंची लेकिन अपनी अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठा पाई। अपेक्षाकृत छोटे लक्ष्य का पीछा करने उतरे इंग्लैंड ने धमाकेदार शुरुआत की। डंकले ने डैनियली वाइट (16 गेंदों में 24 रन) के साथ केवल 6.2 ओवर में 60 रन की साझेदारी की। डंकले ने शुरू में ही विकेटकीपर को कैच दे दिया था लेकिन गेंदबाज रेणुका सिंह नोबॉल कर बैठी। इसके बाद जब वह 15 रन पर थे तब शेफाली ने मिड ऑफ पर उनका आसान कैच छोड़ा। तब भी गेंदबाज रेणुका ही थी। डंकले ने इसका फायदा उठाकर इस प्रारूप में अपना सर्वोच्च स्कोर बनाया। उन्होंने एलाइस कैपले के साथ दूसरे विकेट के लिए 74 रन की अटूट साझेदारी की। कैपले ने 20 गेंदों पर 32 रन की तेजतर्रार पारी खेली। डंकले ने अपनी पारी में आठ चौके और एक छक्का लगाया।

### हमें नम परिस्थितियों में खेलने के लिए मजबूर किया गया : हरमनप्रीत



**चेस्टर ली स्ट्रीट।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में उनकी टीम को नमी वाली परिस्थितियों में खेलने के लिए मजबूर किया गया जिसके कारण उन्हें नौ विकेट से करारी हार का सामना करना पड़ा। भारत ने एक महीने पहले राष्ट्रमंडल खेलों के सेमीफाइनल में इंग्लैंड को हराया था लेकिन टी20 श्रृंखला की उसकी शुरुआत अच्छी नहीं रही। हरमनप्रीत ने मैच के बाद कहा, हम उतने रन नही बना पाए जितनी हमें उम्मीद थी। मुझे लगता है परिस्थितियां खेलने के लिए पूरी तरह से अनुकूल नहीं थी और हमें ऐसी परिस्थितियों में खेलने के लिए मजबूर किया गया। भारतीय कप्तान ने हालांकि अपने साथी खिलाड़ियों की सराहना की और कहा कि नमी वाली परिस्थितियो के कारण वे किसी भी समय चोटिल हो सकती थी लेकिन इसके बावजूद टीम के प्रत्एक खिलाड़ी ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया। जिस तरह से खिलाड़ियों ने अपनी तरफ से प्रयास किए उससे मैं खुश हूं क्योंकि चोटिल होने का खतरा था लेकिन तब भी वह खेलने के लिए तैयार थी।

### नागालैंड, मणिपुर, चंडीगढ़ और झारखंड सुब्रतो कप सेमीफाइनल मे

**नई दिल्ली।** नागालैंड, मणिपुर, चंडीगढ़ और झारखंड के स्कूलों ने रविवार को यहां लड़कों की अंडर-14 सुब्रतो कप फुटबॉल के सेमीफाइनल में जगह बना ली। सुब्रतो पार्क फुटबॉल ग्राउंड (एसपीएफजी) में दिन के पहले मुकाबले में ग्रीनवुड स्कूल, दीमापुर, नागालैंड ने यिलासीली के गोल की हैट्रिक के दम पर शुरुआती क्वार्टर फाइनल में असम के मिंगमांग नलबाड़ी हाई स्कूल को 7-0 से शिकस्त दी। सेमीफाइनल में इस टीम के सामने इम्फाल (मणिपुर) के हिरोक हाई स्कूल की चुनौती होगी। हिरोक हाई स्कूल ने एक अन्य एकतरफा मुकाबले में केरल के एनएनएमएचएसएस स्कूल को 6-0 से शिकस्त दी। सेमीफाइनल के दोनों मैच मंगलवार को खेले जाएंगे।

### बांग्लादेश के खिलाफ सैफ अंडर 17 सेमीफाइनल में वापसी की कोशिश में भारत

**कोलंबो।** नेपाल से मिली हार को भुलाकर भारतीय टीम सोमवार को यहां सैफ अंडर 17 फुटबॉल चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल में बांग्लादेश के खिलाफ वापसी की कोशिश करेगी। नेपाल से हारने के बावजूद भारत ने ग्रुप बी से दूसरी टीम के रूप में अंतिम चार में जगह बनाई। उसने पहले मैच में भूटान को 3-0 से हराया था। भारत के मुख्य कोच बिबियानो फर्नांडिस ने कहा , हमने पिछले मैच की हार को भुला दिया है और अब सेमीफाइनल पर फोकस है। खिलाड़ी यह साबित करने को बेताब है कि नेपाल से मिली हार एक अस्थाई झटका था। बांग्लादेश ग्रुप ए से शीर्ष पर रहकर सेमीफाइनल में पहुंचा है जिसने श्रीलंका और मालदीव को हराया।

### जेहान दारूवाला मोंजा एफटू स्प्रिंट रेस में तीसरे स्थान पर रहे

**मोंजा (इटली)।** भारतीय एफटू (फार्मूला टू) ड्राइवर जेहान दारूवाला ने यहां के मोंजा ट्रैक पर फॉर्मूला टू स्प्रिंट रेस में तीसरा स्थान हासिल किया। पांचवें स्थान से रेस को शुरू करने वाले 23 साल के जेहान शनिवार को रेस के विजेता जूरी विप्स और उपविजेता फ्रेडरिक वेस्टी से सात सेकंड पीछे रहे। मौजूदा सत्र में सातवी बार पोडियम (शीर्ष-तीन स्थान) में रेस खत्म करने के बाद जेहान ने कहा, फिर से लय हासिल कर के अच्छा लग रहा है। इटली की टीम प्रेमा के लिए रेसिंग कर रहे जेहान ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, इससे पहले कुछ सप्ताह मेरे लिए मुश्किल रहे थे। लेकिन फिर से पोडियम पर रेस खत्म कर के अच्छा लग रहा है।

### स्टीवर्ट की हैट्रिक से मुंबई सिटी ने चेन्नइयिन को हराया

**कोलकाता।** स्कॉटलैंड के अग्रिम पंक्ति के खिलाड़ी ग्रेग स्टीवर्ट की शानदार हैट्रिक की मदद से मुंबई सिटी एफसी ने रविवार को यहां डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट के अतिरिक्त समय तक खेले गए क्वार्टर फाइनल में चेन्नइयिन एफसी को 5-3 से हराया। उतार-चढ़ाव से भरे इस रोमांचक मुकाबले में स्टीवर्ट ने 40वें, 100वें और 118वें मिनट में गोल किया जबकि लियानज़ुआला छंगटे ने 78वें और 94वें मिनट में टीम के लिए दो गोल दागे। चेन्नइयिन के लिए क्रोएशिया के स्ट्राइकर पेटार स्लिस्कोविक (59वें), जॉक्सन धास (89वें) और रहीम अली (112वें) ने गोल किए। निर्धारित समय में मैच 2-2 की बराबरी पर छूटा था।

# स्वियातेक नई अमेरिकी ओपन चैंपियन

● जाबूर को सीधे सेटों में 6-2, 7-6 (5) से हराया



भाषा। न्यूयॉर्क

**जिस अमेरिकी** ओपन टेनिस टूर्नामेंट में शुरू से लेकर आखिर तक सेरेना विलियम्स चर्चा में रही, उस फ्लशिंग मीडोज को शनिवार को इगा स्वियातेक के रूप में महिला एकल की नई चैंपियन मिली। दो बार की फ्रेंच ओपन चैंपियन स्वियातेक ने फाइनल में ओंस जाबूर को सीधे सेटों में 6-2, 7-6 (5) से हराकर अपना तीसरा ग्रैंड स्लैम खिताब जीता। स्वियातेक अमेरिकी ओपन में इससे पहले कभी चौथे दौर से आगे नहीं बढ़ पाई थी। इस बार भी नंबर एक खिलाड़ी होने के बावजूद खिताब के दावेदारों में उनके कम ही चर्चे थे। अमेरिकी ओपन में इस बार शुरू से ही सेरेना विलियम्स आकर्षण का केंद्र थी क्योंकि यह उनका आखिरी टूर्नामेंट हो सकता है। जहां तक स्वियातेक का सवाल है तो जुलाई में 37 मैच का विजय अभियान थमने के बाद वह 4-4 के रिकॉर्ड के साथ फ्लशिंग मीडोज में उतरी थी। आर्थर ऐस स्टेडियम में विश्व में पांचवें नंबर की खिलाड़ी जाबूर को हराने के बाद स्वियातेक ने कहा, मुझे इससे अधिक की उम्मीद नहीं थी विशेषकर इस टूर्नामेंट से पहले मुझे जिस तरह के चुनौतीपूर्ण समय से गुजरना पड़ा था। उन्होंने कहा, निश्चित तौर पर यह टूर्नामेंट चुनौतीपूर्ण था क्योंकि यह न्यूयॉर्क है। यहां काफी शोर होता है। मुझे वास्तव में खुद पर गर्व है कि मैं मानसिक रूप से इन चीजों से निपटने में सफल रही। जाबूर की तरह स्वियातेक भी खेल मनोचिकित्सक के साथ यहां आई थी। पहला सेट आसानी से जीतने के बाद दूसरे सेट में स्वियातेक के पास 6-5 पर पहला चैंपियनशिप प्वाइंट था। जाबूर की सर्विस से पहले स्वियातेक ने रैकेट बदला जो कि इस मुकाम पर अजीब सा लगा। जब खेल शुरू हुआ तो स्वियातेक बैकहैंड चूक गई और इससे उबर नहीं पाई। जाबूर ने अपनी सर्विस बचाकर सेट को टाई ब्रेकर तक खींच दिया। ट्यूनीशिया की खिलाड़ी जाबूर टाई ब्रेकर में एक समय 5-4 से आगे थी। स्वियातेक ने इसके बाद जबरदस्त वापसी की और आखिरी तीन अंक जीत कर चैंपियन बनी। स्वियातेक को इस जीत पर चमचमाती ट्रॉफी और 26 लाख डॉलर का चैक मिला। इस पर स्वियातेक ने मजाकिया अंदाज में कहा, वास्तव में मुझे खुशी है कि यह नकद राशि नहीं है। पोलैंड की 21 वर्षीय खिलाड़ी स्वियातेक ने इस साल जून में फ्रेंच ओपन का खिताब भी जीता था। वह 2016 में एंजेलिक कर्बर के बाद एक सत्र में दो ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने वाली पहली महिला खिलाड़ी हैं। जाबूर ने कहा, मैंने वास्तव में अपनी तरफ से बहुत प्रयास किए लेकिन स्वियातेक ने इसे मेरे लिए आसान नहीं बनने दिया। वह वास्तव में आज जीत की दावेदार थी। जाबूर भले ही फाइनल में हार गई लेकिन इससे यह 28 वर्षीय खिलाड़ी विश्व रैंकिंग में दूसरे नंबर पर पहुंच जाएगी।

### डब्ल्यूटीए चेन्नई ओपन में एलिसन और बुचार्ड जीत की दावेदार

**चेन्नई।** अमेरिकी ओपन के प्री-क्वार्टर में पहुंचने वाली विश्व रैंकिंग में 29वें स्थान पर काबिज एलिसन रिस्के-अमृतराज सोमवार से शुरू हो रहे डब्ल्यूटीए 250 चेन्नई ओपन में जीत की प्रबल दावेदार के तौर पर अपना अभियान शुरू करेंगी। लंबे समय के बाद इस शहर में अंतरराष्ट्रीय टेनिस की वापसी हुई है जिसमें रैंकिंग में शीर्ष 100 में शामिल चुनिंदा खिलाड़ी ही भाग ले रही है। एलिसन की शादी भारत के डेविस कप के पूर्व गैर-खिलाड़ी कप्तान आनंद अमृतराज के बेटे स्टीफन अमृतराज से हुई है। वह शानदार लय में चल रही है और इस साल की शुरुआत में वह रैंकिंग में शीर्ष 50 से बाहर थी लेकिन अच्छे प्रदर्शन के दम पर वह 29वें स्थान पर पहुंचने में सफल रही। कनाडा की 28 साल की यूजिनी बूचार्ड पर भी नजरें होंगी। उनकी मौजूदा रैंकिंग 968 है और टूर्नामेंट के लिए उन्हें वाइल्ड कार्ड मिला है। बूचार्ड की कोशिश शुरुआती मैच को जीत कर लय हासिल करने की होगी। अमेरिका की एलिसन को शुरुआती दौर में रूस की अनास्तासिया गैसानोवा की चुनौती मिलेगी। इस टूर्नामेंट में उन्हें दूसरी वरीयता प्राप्त ग्रेचेवा (रूस), तीसरी वरीयता प्राप्त मैग्डा (पोलैंड) और जर्मनी की चौथी वरीयता प्राप्त ततयाना मारिया से मिल सकती है।

# स्मिथ का शतक, ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड का सूपड़ा साफ करके फिंच को विदाई दी



भाषा। केयर्न्स

**स्टार** बल्लेबाज स्टीव स्मिथ की शतकीय पारी से ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में रविवार को यहां 25 रन से हराकर कप्तान आरोन फिंच को जीत के साथ विदाई दी। स्मिथ ने 131 गेंदों पर 105 रन बनाए जिसमें 11 चौके और एक छक्का शामिल है। उन्होंने मार्नस लाबुशेन (52) के साथ तीसरे विकेट के लिए 118 रन की साझेदारी करके टीम को शुरुआती झटकों से उतारा। स्मिथ ने एलेक्स कैरी (नाबाद 42) के साथ भी 69 रन की भागीदारी की। इससे आस्ट्रेलिया ने पांच विकेट पर 267 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में न्यूजीलैंड की टीम 49.5 ओवर में 242 रन पर आउट हो गई। इस तरह से ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की श्रृंखला 30 से जीती। फिंच ने पहले ही घोषणा कर दी थी कि यह उनका आखिरी वनडे होगा और इसके बाद वह इस प्रारूप से संन्यास ले लेंगे। वह हालांकि टी20 में कप्तान बने रहेंगे और ऑस्ट्रेलिया उनकी अगुवाई में ही अगले माह से शुरू होने वाले टी20 विश्व कप में भाग लेगा। न्यूजीलैंड का कोई भी बल्लेबाज अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाया। उसकी तरफ से ग्लेन फिलिप्स ने सर्वाधिक 47 रन बनाए।

# पूर्वोत्तर के खिलाफ पहली पारी में बढ़त के आधार पर पश्चिम क्षेत्र सेमीफाइनल में



भाषा। चेन्नई

**पश्चिम क्षेत्र** ने दलीप ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल में पूर्वोत्तर क्षेत्र पर पहली पारी की बड़ी बढ़त के आधार पर सेमीफाइनल का टिकट पक्का किया। पश्चिम क्षेत्र ने दिन का खेल को रोके जाते समय शनिवार को दूसरी पारी में 64.3 ओवर में पांच विकेट पर 286 रन बनाकर अपनी कुल बढ़त 623 रन की कर ली थी। इस समय हरफनमौला अतित सेठ 102 और जयदेव उनादकट एक रन बनाकर खेल रहे थे। टीम के लिए शम्स मुलानी ने 97 रन की पारी खेली। मैच के आखिरी दिन रविवार को दूसरी पारी में 12 रन पर एक विकेट से आगे खेलते हुए टीम ने राहुल त्रिपाठी (24) और हार्दिक तामोरे (24) के विकेट जल्दी-जल्दी गंवा दिया। इन दोनों को दिप्पू संगमा (70 रन पर तीन विकेट) ने चलता किया। चिराग जानी (चार रन) भी ज्यादा देर क्रीज पर नहीं टिक सके और विश्वोर्जित सिंह (39 रन पर दो विकेट) की गेंद पर बोल्ड हो गए। इस समय टीम का स्कोर चार विकेट पर 65 रन था। इसके बाद सेठ और मुलानी ने पांचवें विकेट के लिए 179 रन की साझेदारी कर बल्लेबाजी का अच्छा अभ्यास किया। मुलानी ने 115 गेद की पारी में 12 चौके लगाए तो वही प्रथम श्रेणी में अपना दूसरा शतक जड़ने वाले सेठ ने 101 गेंद की नाबाद पारी में 10 चौके और एक छक्का लगाया। इससे पहले पश्चिम क्षेत्र ने मैन ऑफ द मैच यशस्वी जायसवाल (228) और कप्तान अजिंक्य रहाणे (नाबाद 207) के दोहरे शतकीय पारी के अलावा पृथ्वी साव की 113 रन की पारी के दम पर दो विकेट पर 590 रन पर पारी घोषित की थी। पूर्वोत्तर क्षेत्र की पहली पारी 235 रन पर सिमटी। पश्चिम क्षेत्र ने इसके बाद फॉलोऑन कराने की जगह दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

### उत्तर क्षेत्र दलीप ट्रॉफी के सेमीफाइनल में

**पुडुचेरी।** युवा सलामी बल्लेबाज यश धुल के बड़े शतक की मदद से उत्तर क्षेत्र ने पूर्व क्षेत्र के खिलाफ रविवार को यहां ड्रॉ पर समाप्त हुए मैच में पहली पारी की बढ़त के आधार पर दलीप ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। धुल ने 193 रन बनाए जबकि ध्रुव शोरे (81), हिमांशु राणा (81) और कप्तान मनदीप सिंह (63) ने अर्धशतक जमाए जिससे उत्तर क्षेत्र में आखिरी सात विकेट 66 रन के अंदर गंवाने के बावजूद 545 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया और पहली पारी में 148 रन की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की। पूर्व क्षेत्र ने अपनी पहली पारी में 397 रन बनाए थे। उत्तर क्षेत्र में मैच के चौथे और अंतिम दिन सुबह चार विकेट पर 333 रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई। हिमांशु और मनदीप के बीच 131 रन की साझेदारी टूटने के बाद उत्तर क्षेत्र की पारी सिमटने में देर नहीं लगी। पूर्व क्षेत्र की तरफ से बाएं हाथ के स्पिनर शाहबाज अहमद ने 86 रन देकर पांच विकेट लिए। जब मैच ड्रॉ पर समाप्त करने का फैसला किया गया तब पूर्व क्षेत्र ने अपनी दूसरी पारी में तीन विकेट पर 102 रन बनाए थे। उसकी पारी का आकर्षण अभिषेक पोरल (नाबाद 50) का अर्धशतक रहा।

### अमनदीप स्विस ओपन में संयुक्त सातवें स्थान पर रही

**होल्ज़हौसर्न ( स्विट्जरलैंड )।** भारत की अमनदीप द्राल ने वीपी बैंक स्विस लेडीज ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त सातवां स्थान हासिल किया जो लेडीज यूरोपियन टूर में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। घरेलू टूर में कई बार की विजेता अमनदीप ने तीन दौर में 67-71-70 के कार्ड के साथ कुल आठ अंडर 208 का स्कोर बनाया। अन्य भारतीयों में दीक्षा डागर (71) और वाणी कपूर (71) संयुक्त 25वें तथा त्वेसा मलिक (74) संयुक्त 39वें स्थान पर रहीं। दिलचस्प बात यह रही कि दीक्षा और वाणी ने तीनों दिन में समान 70-71-71 के साथ कुल चार अंडर 212 का स्कोर किया। इंग्लैंड की लिज़ यंग ने अंतिम दौर में तीन अंडर 69 का कार्ड खेलकर खिताब जीता। यह लेडीज़ यूरोपियन टूर में उनका पहला खिताब है।

### अदिति पांच ओवर के कार्ड के साथ 50वें स्थान पर खिसकी

**सिनसिनाटी।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक को क्रोगर क्वीन चैम्पियनशिप के तीसरे दौर में डबल बोगी करने का खामियाजा भुगतना पड़ा, जिससे वह तालिका में 15वें से संयुक्त 50वें स्थान पर खिसक गई। अदिति ने इस दौर में पांच ओवर 76 का निराशाजनक कार्ड खेला। उन्होंने दिन की शुरुआत दूसरे होल में बर्डी से की लेकिन वह चौथे होल में डबल बोगी कर बैठी। उन्होंने इसके बाद 10वें और 17वें होल में भी बोगी की जबकि 16 होल में बर्डी लगाने में सफल रही। अदिति दूसरे दौर के बाद कुल तीन अंडर के स्कोर के साथ संयुक्त 15वें स्थान पर थी तीसरे दौर के बाद उनका कुल स्कोर दो ओवर हो गया ।

# राजस्थान बना 51वीं राष्ट्रीय सीनियर पुरुष हैंडबॉल चैंपियन



**लखनऊ।** पिछली चैंपियनशिप की उपविजेता राजस्थान ने तालमेल भरे खेल और शानदार रणनीति का प्रदर्शन करते हुए 51वीं राष्ट्रीय सीनियर पुरुष हैंडबॉल चैंपियनशिप का खिताब फ इनल में पिछली विजेता सर्विसेज को 37-34 गोल से हराकर जीत लिया। केडी सिंह बाबू स्टेडियम में संपन्न चैंपियनशिप के शाम के सत्र में खेले गए फाइनल में दोनों ही टीमों के बीच कांटे की टक्कर हुई। इसमें राजस्थान की टीम आक्रामक अंदाज और तालमेल भरे खेल के सहारे प्रतिद्वंद्वी पर भारी पड़ी। दूसरी ओर सर्विसेज को महत्वपूर्ण मौकों पर तालमेल की कमी का नुकसान उठाना पड़ा। हालांकि दोनों ही टीमों में कई अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी थे जिसके चलते फ इनल में एक-एक गोल के लिए कड़ा मुकाबला हुआ।राजस्थान ने मध्यांतर तक 17-16 तक बढ़त बना ली। मध्यांतर में एक गोल से पिछड़ी सर्विसेज की टीम ने मध्यांतर केबाद वापसी की कोशिश की लेकिन राजस्थान ने तेज खेल के सहारे 37-34 से फइनल जीतते हुए विजेता ट्राफी अपने नाम कर ली। राजस्थान की ओर से भूषण ने प्रतिद्वंद्वी के खेमे में सेंध लगाते हुए सर्वाधिक 11 गोल दागे। उनका साथ देते हुए विकी ने सात गोल किए। अनिल खुदिया व भोलू को 6-6 जबकि सुखी को चार गोल दागने में सफ्लता मिली। सर्विसेज की ओर से दीपक अहलावत ने सर्वाधिक 9 गोल किए। अशोक नैन ने 7, सुजा,उर ने 6 गोल दागे। चिराग को चारए साहिलए तरुण व रॉबिन को दो-दो और अर्जुन को एक गोल करने में सफ्लता मिली।राजस्थान की टीम इस चैंपियनशिप के पिछले संस्करण में रजत पदक विजेता थी। दूसरी ओर सर्विसेज ने पिछली दो चैंपियनशिप में लगातार स्वर्ण पदक जीता था। चैंपियनशिप के समापन समारोह में मुख्य अतिथि बाबू बनारसी दास ग्रुप की चेयरपर्सन अलका दास अध्यक्षए उत्तर प्रदेश हैंडबॉल संघ ने विजेता व उपविजेता टीमों सहित तीसरे स्थान पर रही टीमों को ट्राफी व मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। वंही रेलवे व चंडीगढ़ ने संयुक्त तीसरे स्थान पर रहते हुए कांस्य पदक साझा किया। सुबह के सत्र में खेले गए सेमीफ इनल मुकाबलों में सर्विसेज और राजस्थान ने जीत से फाइनल में जगह बनाई थी। पहले सेमीफ इनल में राजस्थान ने चंडीगढ़ को 39-34 गोल से हराया। मैच में राजस्थान हाफ टाइम तक 20-14 से आगे था।

●लगातार तीसरी बार खिताब जीतने का सर्विसेज का सपना टूटा